सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:20

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 30 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,451 |
| निफ्टी | 24,751 |
| सोना | 95,355 |
| चांदी | 97,458 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 1 जून 2025 | 19 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 153, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



तीन कैच टपकाने के बाद जीतना आसान नहीं : शुभमन गिल

पृष्ठ 14 पर

**आज का मैच**

पंजाब vs मुंबई

समयः रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रंप ने इस्पात आयात पर दोगुना किया टैरिफ

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह इस्पात आयात पर लगने वाले शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने जा रहे हैं। ट्रंप के इस फैसले के बाद दुनियाभर में स्टील की कीमतों पर असर देखने को मिल सकता है। ट्रंप ने कहा कि हम स्टील पर टैरिफ को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने जा रहे हैं, जिससे अमेरिका में इस्पात उद्योग को और अधिक सुरक्षित किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)



### राजस्व विभाग के राज्य कैडर का फैसला बरकरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग के जिला कैडर पदों को राज्य कैडर घोषित करने वाली अधिसूचना को बरकरार रखा है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने इस अधिसूचना के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। प्रदेश सरकार ने 3 अक्तूबर 2023 को एक अधिसूचना जारी कर राजस्व विभाग में अधीक्षक ग्रेड-2 (ग्रुप-बी), वरिष्ठ सहायक (ग्रुप-सी), स्टेनो-टाइपिस्ट/जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर/सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर (ग्रुप सी)/पर्सनल असिस्टेंट (ग्रुप-बी), क्लर्क/जेओए (आईटी (ग्रुप-सी) जैसे पदों को राज्य कैडर घोषित किया था, जो हाईकोर्ट में फिलहाल बरकरार रखा है।

### 5 राज्यों में 22 जगहों पर एनआईए की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में 22 जगहों पर एक साथ छापा मारा है। एनआईए ने एक आतंकी साजिश मामले को लेकर एक्शन लिया है। इसमें कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एनआईए को आशंका है कि हिरासत में लिए गए लोगों का कनेक्शन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है। महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में छापेमारी की गई। एनआईए ने मालेगांव में एक होम्योपैथी क्लिनिक से 3 लोगों को हिरासत में लिया है। इनने आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिजली बिलों की 24 करोड़ की अदायगी कौन चुकाएगा? -पेज 2
- रेरा कार्यालय शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को मंजूरी -पेज 3
- नेरना पंचायत के वार्ड-3 में पांच दिन से नहीं आया पानी -पेज 4
- राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक ने कमाया रिकॉर्डतोड़ लाभ -पेज 6
- 40 छात्रों को मिलेगी 3.92 लाख रुपए की छात्रवृत्ति -पेज 12


# गृहरक्षकों के भरे जाएंगे 700 पद

## दो वर्ष की अनुबंध सेवाएं पूरी कर चुके 203 पंचायत सचिव होंगे नियमित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसले लिए गए, जिनका सीधा असर आम नागरिक के जीवन पर पड़ेगा। इन निर्णयों से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और राज्य के पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। मंत्रिमंडल ने गृहरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में 700 गृहरक्षकों के पद भरने को हरी झंडी दे दी है। यह निर्णय राज्य में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी सहायक होगा।

इसके अतिरिक्त, 31 मार्च, 2025 तक दो वर्ष की अनुबंध सेवाएं पूरी कर चुके 203 पंचायत सचिवों (जिला परिषद कैडर) की सेवाओं को नियमित करने को भी मंजूरी दी गई। यह फैसला इन कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है और उनकी सेवाओं को स्थायी पहचान देगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए मंत्रिमंडल ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा में सीनियर रेजिडेंसी के लिए पात्रता से पहले एक वर्ष की फील्ड पोस्टिंग की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह संशोधन स्नातकोत्तर विशेषज्ञ सेवा (पीजी/एसएस) नीति में किया गया है और इसका उद्देश्य चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाना में अपनाई गई नीति के अनुरूप सामंजस्य लाना है।

बैठक में गैरजैव निम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) कचरे के प्रभावी प्रबंधन और इसमें कमी लाने के लिए डिपोजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ता उत्पाद की कीमत के अलावा रिफंड योग्य जमा राशि का भुगतान करेंगे, जो खाली उत्पाद को वापस करने पर लौटा दी जाएगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सचिवालय में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### बद्दी में नया प्रारंभिक शिक्षा खंड बनाने को दी मंजूरी

**मंत्रिमंडल** ने सोलन जिले के बद्दी में एक नया प्रारंभिक शिक्षा खंड स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की। इस खंड के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक पदों को सृजित एवं भरने का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में कांगड़ा जिले के सुलह, भवारना और लंबागांव तथा हमीरपुर जिला के भोरंज विकास खंडों को पुनर्गठित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### मंत्रिमंडल के फैसले

- कैबिनेट ने सीनियर रेजिडेंसी की पात्रता एक वर्ष की
- स्नातकोत्तर विशेषज्ञ सेवा (पीजी/एसएस) नीति में संशोधन
- फील्ड पोस्टिंग की अनिवार्यता को किया समाप्त

मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी बोले-

# आतंकियों ने नारी शक्ति को दी चुनौती, यही उनका काल बना

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी ने लाखों बहनों को संबोधित किया। देवी अहिल्या की 300वीं जयंती पर उनका भाषण महिला शक्ति पर केंद्रित रहा। उन्होंने देश के विकास से लेकर देश की सुरक्षा में महिलाओं के बढ़ते योगदान को बताया। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं मां भारती को भारत की मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आप सभी बहनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया हूं। भाइयों-बहनों, आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए यह अवसर प्रेरणा का है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी। यही चुनौती उनके और उनके आकाओं को लिए काल बन गई। हमारी सेना ने दुश्मन के घर में सैकड़ों किमी दूर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर असिस्टेंट कमांडेंट नेहा भंडारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नेहा भंडारी के नेतृत्व में बीएसएफ की महिला टीम ने अखनूर में फॉरवर्ड पोस्ट्स की रक्षा की। (अनंत ज्ञान)



### ऑपरेशन सिंदूर भारत का सबसे सफल ऑपरेशन

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारतीय इतिहास का सबसे सफल अभियान था। भारत ने पाकिस्तान को तब चौंका दिया, जब सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ठिकानों को मलबे में तब्दील किया। पाकिस्तान में सैकड़ों किलोमीटर अंदर घुसकर शिविरों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में भारत पर हमला होता है, तो आतंकवादियों और उनके समर्थकों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# आरोपी बिना ट्रायल न किए जाएं बरी

## आत्महत्या मामले में हाईकोर्ट ने पलटा निचली अदालत का फैसला

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी व्यक्तियों को बिना किसी ट्रायल के आरोपमुक्त करने के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिमला के निर्णय को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश कैंथला ने इस बात पर जोर दिया कि आरोप तय करने के चरण में अभियुक्त के खिलाफ गंभीर संदेह होने पर अदालत को आरोप तय करने चाहिए और बिना ट्रायल बरी नहीं करना चाहिए। हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता की पुनर्विवेचना याचिकाओं को स्वीकार करते हुए मामले को ट्रायल के लिए निचली अदालत में वापस भेज दिया है।

- पुनर्विवेचना याचिकाओं को किया स्वीकार





### देश के 6 राज्यों में करवाई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर में मॉक ड्रिल की गई। इसके लिए शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक का समय रखा गया था। इन राज्यों में पहले 29 मई को ड्रिल होने वाली थी, लेकिन स्थगित कर दी गई थी। जम्मू-कश्मीर के जम्मू, अनंतनाग, बारामूला और अन्य जिलों में मॉक ड्रिल करवाई गई। जम्मू में रात 8 बजे पूरी तरह से ब्लैकआउट रहा। (अनंत ज्ञान)

# हाईकोर्ट ने संजीव गांधी से मांगा जवाब

## आईपीएस पर झूठा शपथपत्र दाखिल कर कोर्ट को गुमराह करने का है आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल हाईकोर्ट ने आईपीएस संजीव कुमार गांधी से एक गंभीर मामले में जवाब तलब किया है। उन पर झूठा शपथपत्र दायर कर अदालत को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप है। न्यायाधीश राकेश कैंथला ने एक आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान यह पाया कि संजीव गांधी, जो उस समय शिमला के एसपी थे, ने एक ऐसी रिपोर्ट में हलफनामा दायर किया, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की धारा 32(ए) को लेकर गलत जानकारी दी गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट इस धारा के उस प्रावधान को पहले ही असंवैधानिक घोषित कर चुका है, जो अदालत के सजा निलंबित करने के अधिकार को छीन लेता है। राज्य सरकार ने अपने जवाब में दावा किया कि एनडीपीएस अधिनियम में सजा के निलंबन पर विशिष्ट प्रतिबंध है। कोर्ट ने इस शपथपत्र को प्रथम दृष्टया झूठा पाया और इसे अदालत को गुमराह करने का प्रयास बताया। संजीव गांधी को तीन सप्ताह के भीतर कोर्ट को यह बताना होगा कि उनके खिलाफ कार्यवाही क्यों न की जाए?

- एनडीपीएस एक्ट से जुड़ा है मामला

जस्टिस वर्मा कैश मामले में खुलासा

# वर्मा का परिवार ही करता था स्टोर रूम का इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी बंगले पर अधजले नोट मिलने के मामले में नए खुलासे हुए हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के सूत्रों के हवाले से बताया कि जिस स्टोर रूम में आग लगने के बाद जली नकदी मिली, वह जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के कब्जे में था। जांच समिति ने बंगले के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, गवाहों और जांच के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है।

समिति ने 50 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और फायर सर्विस के प्रमुख भी थे। दोनों अफसर आग लगने के बाद सबसे पहले मौके पर पहुंचने वालों में थे। अधजले नोट मिलने की खबर सामने आने के बाद उस समय के सीजेआई संजीव खन्ना ने मामले की जांच के लिए 22 मार्च को पैनल बनाया था। पैनल ने 4 मई को सीजेआई को अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट के आधार पर सीजेआई ने 'इन-हाउस प्रोसीजर' के तहत जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की थी। जांच समिति में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधवालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन थीं। (अनंत ज्ञान)

- जांच समिति की रिपोर्ट में दावा, आग लगने के बाद नकदी हटाई



# केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कालाअंब को दी 100 करोड़ के ईएसआईसी अस्पताल की सौगात

## श्रमिकों को जिले में ही मिलेगी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** केंद्रीय श्रम और रोजगार एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 100 करोड़ रुपए की लागत से बने अस्पताल का उद्घाटन किया। 30 बिस्तरों वाले इस अत्याधुनिक अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों श्रमिकों को अब चिकित्सा सेवाएं अपने ही जिले में उपलब्ध होंगी। मंत्री मांडविया ने बताया कि इस अस्पताल से करीब एक लाख लोग सीधे लाभान्वित होंगे। यह अस्पताल उन चार लाख दस हजार से अधिक बीमित मजदूरों और कर्मचारियों की सेवा करेगा जो सिरमौर जिले में ईएसआईसी योजना के अंतर्गत आते हैं। यहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मरीजों को अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर बीमा आयुक्त, नियोक्ता संघ, कर्मचारी संघ और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अस्पताल का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया।

### अस्पताल को 100 बेड का बनाने की भी योजना

**केंद्रीय** श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि अस्पताल को आने वाले समय में 100 बिस्तरों तक विस्तारित करने की योजना है। इस अस्पताल की मंजूरी वर्ष 2019 में मिली थी और निर्माण कार्य 28 मार्च 2022 को शुरू हुआ था। यह अस्पताल कुल 16,293.30 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

# आतंकवाद पर भारत के रुख को इथोपिया का समर्थन : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश यात्रा पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे। उन्होंने यहां कहा कि आतंकवाद पर भारत और इथोपिया दोनों ही देशों की चुनौतियां एक समान हैं।

जहां एक तरफ भारत में पाकिस्तान से आए आतंकवादी अमन-शांति को नुकसान पहुंचाते हैं, लोगों की जानें लेते हैं, उसी तरह इथोपिया भी पूर्वी अफ्रीका में आतंकवाद का सामना कर रहा है। दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान की सेना और वहां की सरकार जिस तरह आतंकवाद को पाल रही है, वही एक दिन पाकिस्तान की तबाही का कारण बनेगा। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा है, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। ये चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर भारत के रुख को इथोपिया का पूरा समर्थन मिला है।



- आतंक के खिलाफ साथ मिलकर लड़ेंगे दोनों देश

# सरकार ने घटाई रक्षा खरीद की समयसीमा

## रक्षा सचिव राजेश बोले- इससे 69 हफ्तों का समय बचेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद की समयसीमा को काफी कम किया है, जिससे सैन्य उपकरणों की खरीद में अच्छा खासा समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधारों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से ये सुधार किए गए हैं। राजधानी दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इस पूरे सुधार से रक्षा खरीद की प्रक्रिया में 69 सप्ताह का समय बचेगा।

रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 में बदलाव किए जा रहे हैं। इनके मुताबिक पारंपरिक नामांकन-आधारित लागत-प्लस खरीद से प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। पोत निर्माण और एएमसीए प्रोजेक्ट में पहले ही ये बदलाव कर दिए गए हैं।

उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सीआईआई बिजनेस समिट में रक्षा परियोजनाओं में देरी, अवास्तविक समयसीमा निर्धारण और व्यवस्थागत मुद्दों पर नाराजगी जताई थी। (अनंत ज्ञान)

### हथियारों के आयातक से निर्यातक बना भारत



**रक्षा** सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को साल 2047 में 32 खरब डॉलर बनाने के लिए भी रणनीतिक स्वायत्ता के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में रक्षा क्षेत्र में शुरू हुए स्वदेशीकरण के चलते साल 2015 में जहां भारत हथियारों का सबसे बड़ा आयातक था, तो आज हमारा देश शीर्ष 25 निर्यातकों में शामिल हो गया है। 100 से ज्यादा भारतीय कंपनियां 100 से ज्यादा देशों को सैन्य उपकरण निर्यात कर रही हैं। सैन्य उपकरणों में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर पिनाका, सिमुलेटर आर्मर्ड व्हीकल आदि शामिल हैं। सिंह ने कहा कि बीते साल हमने 23,622 करोड़ रुपए के हथियार निर्यात किए। घरेलू खरीद जहां साल 2014 में 43,746 थी, वो 2023-24 में 1,27,000 करोड़ रही।

**सवाल-जवाब** ब्लूमबर्ग के सवाल, पाकिस्तान ने कितने भारतीय फाइटर गिराए पर सीडीएस का जवाब

# बिना नुकसान कोई युद्ध नहीं होता, हमने दिया करारा जवाब

**एजेंसी, सिंगापुर**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर बात की। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे? उन्होंने यह भी कहा कि बिना नुकसान के युद्ध नहीं होते। सीडीएस ने यह बात ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। वह यहां शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। चौहान ने कहा कि भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर करारा जवाब दिया। पाकिस्तान के 6 भारतीय जेट गिराए जाने के दावे पर सीडीएस ने जवाब दिया कि गिनती मायने नहीं रखती, बल्कि यह मायने रखता है कि हमने क्या सीखा और कैसे सुधार किया। इस संघर्ष में कभी भी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत नहीं आई, जो कि एक राहत



### पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध का दौर खत्म

**सीडीएस** जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर कहा कि अब भारत बिना किसी रणनीति के कोई काम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध कायम रखने का दौर खत्म हो चुका है। चौहान ने याद दिलाया कि कैसे पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण में पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को न्योता भेजा था। उन्होंने कहा कि ताली बजाने के लिए दोनों हाथ चाहिए होते हैं, लेकिन अगर बदले में सिर्फ दुश्मनी ही मिले तो दूरी बनाए रखना एक समझदारी भरा फैसला है। चौहान ने कहा कि जब भारत को आजादी मिली थी, तब पाकिस्तान सामाजिक विकास, जीडीपी या फिर प्रति व्यक्ति आय जैसे कई मामलों में भारत से आगे था। अब स्थिति बदल गई है। अब भारत, पाकिस्तान से हर मोर्चे पर आगे है। जनरल चौहान ने कहा कि यह बदलाव किसी संयोग की वजह से नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का नतीजा है।

### जंग में भारत ने खुद की टेक्नोलॉजी पर किया भरोसा

**सीडीएस** चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपनी स्वदेशी तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल किया। उन्होंने खासतौर पर 'आकाश' मिसाइल सिस्टम और देश में बना वायु रक्षा नेटवर्क का जिक्र किया, जिसमें कई रडार सिस्टम को जोड़कर एक मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया गया। भारत ने यह सब विदेशी कंपनियों पर निर्भर हुए बिना किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भले ही चीनी या पश्चिमी सैटेलाइट तस्वीरों का इस्तेमाल किया हो, लेकिन भारत ने खुद की टेक्नोलॉजी पर भरोसा किया।

### भारत अब पाकिस्तान से हर मोर्चे पर आगे

**सीडीएस** ने याद दिलाया कि कैसे पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण में पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को न्योता भेजा था। उन्होंने कहा कि ताली बजाने के लिए दोनों हाथ चाहिए होते हैं, लेकिन अगर बदले में सिर्फ दुश्मनी ही मिले तो दूरी बनाए रखना एक समझदारी भरा फैसला है। उन्होंने कहा जब भारत को आजादी मिली थी, तब पाकिस्तान सामाजिक विकास, जीडीपी या फिर प्रति व्यक्ति आय जैसे कई मामलों में भारत से आगे था। अब स्थिति बदल गई है। अब भारत, पाकिस्तान से हर मोर्चे पर आगे है। यह बदलाव किसी संयोग की वजह से नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का नतीजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आउटसोर्सिंग एजेंसी को अगले आदेशों तक सेवा विस्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में वाणिज्यिक वाहनों की आउटसोर्सिंग के लिए दो वर्षों के लिए अधिकृत एजेंसी के रूप में चयनित एजेंसी को आगामी आदेशों तक सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए उपायुक्त हमीरपुर की सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि इस एजेंसी का अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन प्रशासनिक कारणों से निविदा की प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण इस एजेंसी को 2 माह का सेवा विस्तार दिया गया था। लेकिन, इस अवधि में भी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण न होने पर इसी एजेंसी को आगामी आदेशों तक सेवा विस्तार दिया गया है। यह सेवा विस्तार निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने तक या आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए दिया गया है।

### नुक्कड़ नाटक से दिया नशा निवारण का संदेश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्रों ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए, बस अड्डे के पास झांसी पार्क हमीरपुर में 'नुक्कड़ नाटक' की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस वर्ष के विषय 'तम्बाकू और फेफड़ों का स्वास्थ्य' पर आधारित इस नाटक के माध्यम से छात्रों ने तम्बाकू के उपयोग से मौत का शिकार बनते लोगों के अतिरिक्त परिवार के विशेषकर महिलाओं व बच्चों को पहुंचने वाली हानि के वारे में जानकारी दी। छात्रों ने नशा मुक्ति के लिए भी उपस्थित जनसमूह से शपथ लेने की अपील की। विद्यालय निदेशक ई0 पंकज लखनपाल, प्राचार्या विकास नगर नैना लखनपाल, प्राचार्य हीरा नगर शशिबाला व स्टॉफ, छात्रों के साथ कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति बनाए रखी।

### डीएवी आलमपुर ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर जिला कांगड़ा में आर्य समाज स्थापना दिवस बड़े जोश, उत्साह व उमंग से मनाया गया, जिसकी नींव महर्षि दयानंद ने रखी थी। आर्य समाज की लहर समाज को अंधविश्वासों व भ्रष्ट आचरण से मुक्त कराने के लिए तथा वैदिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए आरंभ की गई थी। इसी क्रम में विद्यार्थियों द्वारा डीएवी की स्थापना में योगदान देने वाली महान विभूतियों जैसे लाला लाजपतराय, पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी, महात्मा हंसराज के चित्र बनाकर महर्षि दयानंद जी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। डीएवी स्थापना दिवस की बधाई देते हुए प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने कहा कि डीएवी स्थापना का प्रमुख उद्देश्य महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित आदर्शों का पालन करते हुए वैदिक धर्म के प्रति रुचि पैदा करना और साथ ही आधुनिक विज्ञान व अंग्रेजी के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाकर एक उच्च कोटि का नागरिक बनाना है, जिससे वे संपूर्ण विश्व में वैदिक धर्म का प्रचार कर सभी को श्रेष्ठ बनाएं।

### पोस्टर के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में 'नो टोबैको डे' बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें थाना प्रभारी भोरंज प्रशांत ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, नशा मुक्ति और जीवन में लक्ष्य निर्धारण के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मीरा देवी ने किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा, अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, उपप्रधानाचार्य शुभम राणा एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा भरेड़ी बाजार तक एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें तंबाकू और नशे के खिलाफ नारे लगाकर जनमानस को जागरूक किया गया।

### महिला मोर्चा ने अहिल्याबाई को किया नमन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला हमीरपुर द्वारा अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती का धूमधाम से आयोजन किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने कहा था कि 'धन का संग्रह नहीं, उसका सदुपयोग ही सच्चा राजधर्म है।' उनके इसी मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार लाखों-करोड़ों रुपए की लागत वाली विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, महिला, युवा, किसान सहित समाज के हर वर्ग का कल्याण कर रही। अर्चना चौहान ने कहा कि इस उपलक्ष पर हमीरपुर जिले के सभी मंडलों में इन कार्यक्रमों में महिला मोर्चा जिला हमीरपुर की तरफ से सभागार बैठक, संगोष्ठी, शोभा यात्रा, प्रभात फेरी, कॉलेज, विश्वविद्यालयों मे कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक,नृत्य नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम कर जिला केंद्रो पर प्रदर्शनियों के माध्यम से आयोजन किया गया तथा पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर के उपलब्ध साहित्य को बड़े पैमाने पर प्रचारित- प्रसारित किया गया।

### भगवती स्कूल में मनाया तंबाकू निषेध दिवस



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने धूमधाम से तंबाकू निषेध दिवस मनाया। इस दिन का उद्देश्य लोगों को किसी भी तरह से तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित करना है, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से और कक्षा पांचवीं के छात्रों ने निबंध, भाषण व स्लोगन के माध्यम से तंबाकू ड्रग्स व निकोटिन के इस्तेमाल के नुकसानदायक प्रभाव के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। छात्रों ने रैली के माध्यम से लोगों को धूम्रपान रोकने और छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि तंबाकू शराब का सेवन बड़ी बीमारियों का कारण बनता है। तंबाकू एक धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत के मुंह में धकेलता है।

### नशा शरीर को खोखला कर देता है : अंजना

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दुर्गा सिंह स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा में बच्चों द्वारा कस्बा में एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें एनसीसी कैडेट्स के अतिरिक्त अन्य विधार्थियो ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों द्वारा लोगों को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर नशा निवारण समिति की प्रभारी बंदना शर्मा ने विधार्थियों को नशीले मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी बड़ा डॉ. दिनेश भाटिया ने बच्चों को नशे के सेवन से उनके जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौडल ने कहा कि नशा एक धीमा जहर हैं, जिसका सेवन करने से आदमी का शरीर अंदर से पूर्ण रूप से खोखला हो जाता हैं, अतः हमें इन मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए ताकि हम स्वास्थ्य जीवन जी सकें।

# बिजली बिलों की 24 करोड़ की अदायगी कौन चुकाएगा?

## जलशक्ति विभाग सुजानपुर की देनदारी है सबसे ज्यादा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जलशक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं की बिजली की खपत की देनदारी हमीरपुर जिले में तकरीबन 24 करोड़ को छू रही है। स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की माली हालत इस वजह से भी खराब हो रही है। पिछले तकरीबन 1 साल से इस देनदारी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बिजली बोर्ड जलशक्ति विभाग से पैसा मिलने की उम्मीद में अब बूढ़ा होने लगा है। यही स्थिति हमीरपुर शहर में अंडरग्राउंड केबल प्रोजेक्ट की भी हो चुकी है क्योंकि 20 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इस योजना के काम पर अभी टेंडर भी नहीं हुआ है।

एक साल पहले इसका ऐलान हुआ था, लेकिन पैसा बिजली बोर्ड के पास पहुंचा नहीं है, इसलिए अंडरग्राउंड केबलिंग की योजना पर फिलहाल असमंजस बरकरार है। बिजली बोर्ड का सबसे ज्यादा पैसा सुजानपुर जलशक्ति विभाग के सब-डिवीजन का फंसा हुआ है। इसी सब-डिवीजन के तहत बड़ी योजनाएं काम करती हैं और इनका बिल बड़े आकार में आता है। 8 करोड़ की देनदारी इसी सब-डिवीजन की है, जो हमीरपुर जिले के तीन डिविजनों की देनदारी में सबसे ज्यादा है।

हमीरपुर सर्कल में जिला के हमीरपुर, नादौन और बड़सर तीन डिवीजन हैं। सबसे ज्यादा पेंडेंसी हमीरपुर डिवीजन की है, क्योंकि इसमें कई बड़ी योजनाएं शामिल हैं। शहर से जुड़ी हुई योजनाएं भी यहीं पर हैं। ये योजनाएं तो जलशक्ति विभाग की हैं, लेकिन बिजली बोर्ड को कई और विभागों से भी पैसे की अदायगी होनी है जो पिछले करीब 1 से 2 साल के दरमियान की लंबित चल रही है। हमीरपुर जिला लाइब्रेरी के बल की पेंडेंसी भी काफी ज्यादा है।

सूत्रों के मुताबिक पिछले तकरीबन एक साल से जलशक्ति विभाग ने बिजली बोर्ड को कोई भी पेमेंट संबंधित योजनाओं की नहीं की है। कुछ योजनाओं का थोड़ा सा पैसा जमा करवाया है, लेकिन देनदारी तो अब 24 करोड़ छू गई है।

**बगैर पैसे के कैसे डलेगी अंडरग्राउंड केबल**

**पैसों की राह देख रहे बिजली बोर्ड के अधिकारी**

समस्या यह है कि शहर में एक साल पहले विद्युत केवल लाइन डालने का ऐलान सरकार ने किया था। अब क्योंकि पैसा आया नहीं है, तो फिर इसका टेंडर भी कैसे होगा? फिलहाल बिजली बोर्ड के अधिकारी पैसे की राह देख रहे हैं।

> फिलहाल जलशक्ति विभाग से करीब 23 करोड़ की देनदारी पेंडिंग है। काफी समय से जमा नहीं हुई है। हर महीने यह बढ़ ही रही है। फिलहाल हमीरपुर शहर में अंडरग्राउंड केबल लाइन डालने के मामले को लेकर पैसे का इंतजार है, उसी के बाद टेंडर होगा।
> **-आशीष कपूर, एसई, बिजली बोर्ड हमीरपुर**

## नप सुजानपुर का 8.15 करोड़ का वार्षिक बजट पारित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



नगर परिषद सुजानपुर का वार्षिक बजट करीब 8 करोड़ 17 लाख 68500 पारित किया गया है। वार्षिक बजट के अंतर्गत करीब 7 करोड़ 90 लाख 17 हजार रुपए अलग-अलग विकास कार्यों सहित अन्य वेतन भत्तों पर खर्च किए जाएंगे। इसके साथ-साथ करीब 27 लाख 51 हजार 500 रुपए नगर परिषद के पास लाभांश के रूप पर बजट उपलब्ध रहेगा। यह जानकारी नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने शनिवार को नगर परिषद सुजानपुर की विशेष बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। रमन शर्मा ने कहा कि वार्षिक बजट 2025 26 पारित किया गया है जिसमें विकास कार्यों पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके साथ-साथ करीब पौने दो करोड़ रुपया वार्षिक वेतन भत्ते के रूप में खर्च होगा। स्वच्छता के ऊपर एक करोड़ 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अलग-अलग कार्यों पर भी यह बजट खर्च होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को अलग-अलग कार्यों से जो इनकम पैदा होगी, उसमें ग्रह कर दुकानों का किराया, लिकर फीस, बिल्डिंग फीस, विज्ञापन, टैक्स, लाइसेंस फीस, मैरिज फीस, तहबजारी फीस जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि शामिल है।

**शहर की सुंदरता को लेकर चर्चा :** बैठक में विकास कार्यों के साथ-साथ शहर की सुंदरता को लेकर चर्चा की गई, जिसमें बताया गया की मुख्य बस स्टैंड पर बिजली शिकायत घर के पास गांधी चौक की तर्ज पर एक सुंदर स्थान बनाया जाएगा

**वेंडर्स अन्य जगहों पर होंगे शिफ्ट :** इसके साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर्स जो भी शहर में हैं, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। वे जहां पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें वहां से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसके साथ-साथ मुख्य बस स्टैंड की नाली को साफ कर बरसात से नुकसान न हो, को लेकर कार्य किया जाएगा

## दोसड़का, लालड़ी में 4 घंटे का कट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में एक जून को लाइनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते दोसड़का के आसपास के क्षेत्रों में सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान उपभोक्ताओं से सहयोग मांगा है

## मरम्मत के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर और विद्युत उपमंडल रंगस के अंतर्गत लाइनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत, नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना और लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते एक जून को हीरानगर, सर्किट हाउस, गांधी चौक, उपायुक्त आवास, केंद्रीय विद्यालय, कृष्णानगर, पक्का भरो, गोपालनगर, गंदा नौण, नडियाणा, झनियारा, घरयाणा, मसंदा, विकासनगर, सलासी, झनयारी, जसकोट, दड्डूही, नेरी, कमलाह, डिब्ब, सडियाणा, जटेड़ी, हिमुडा कॉलोनी, नाल्टी, रोपा, खग्गल, मसियाणा, बाड़ी और आसपास के गांवों में सुबह 9 से 5 पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय और रंगस के सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरिता देवी व कश्मीरी देवी का सेवानिवृत्ति समारोह स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल ने दोनों कर्मचारयों को सम्मानित किया। चुतर्थ श्रेणी कर्मचारी सरिता देवी ने करीब 25 साल नौकरी शिक्षा विभाग में की है। इसमें 19 साल लगातार भुक्कड़ पाठशाला में अपनी सेवाएं देकर अच्छे कर्मचारी के रूप में पहचान बनाई है। इसी तरह दूसरी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कश्मीरा देवी ने 13 साल 4 माह और 18 दिन सरकारी नौकरी की हे। इसमें 12 साल से अधिक नौकरी भुक्कड़ स्कूल में करके दायित्व का निर्वाहण किया है।

## नारों से बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** के. की पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के छात्र छात्राओं ने गांधी चौक हमीरपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में एक रैली निकालीऔर रैली के माध्यम से तंबाकू से होने वाली स्वास्थ्य हानियों को लोगों तक अपने स्लोगन तथा नारों के माध्यम से पहुंचाने का प्रयत्न किया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में कक्षा नौवीं से बाहरवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता से भरी गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता नेत्र विशेषज्ञ, आर.के.जी.एम.सी हमीरपुर, विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, तथा समन्वयक विनीता गुप्ता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। गांधी चौक पर स्थानीय नागरिकों ने भी छात्रों की प्रस्तुति को सराहा और तंबाकू के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।

## हमीरपुर में एलईपी डायग्नोस्टिक असेसमेंट के तीनों चरण सफलतापूर्वक संपन्न

# कमजोर बच्चों को मिलेगी विशेष शैक्षणिक सहायता

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिले में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश, कन्वजीनियस और न्यू एरा ग्राफिक्स के सहयोग से चलाए जा रहे लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम (एलईपी) डायग्नोस्टिक असेसमेंट का तीसरा और अंतिम चरण भी आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस बहु-चरणीय आकलन का उद्देश्य उन छात्रों की पहचान करना है, जिन्हें शैक्षणिक रूप से अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है।

शनिवार को तीसरे दिन, छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी और हिंदी विषयों का टेस्ट दिया। उन्होंने डेढ़ घंटे के निर्धारित समय में अंग्रेजी और हिंदी के 30-30 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दिए। आकलन का समय सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक रहा। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि यह असेसमेंट तीन चरणों में किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण 28 मई छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गणित विषय का आकलन दिया, जबकि 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का आकलन दिया। द्वितीय चरण 30 मई छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का आकलन दिया।

तृतीय चरण शनिवार को छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी और हिंदी विषय का आकलन किया। पुनीत कुमार ने एलईपी के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि एलईपी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सीखने के स्तर में सुधार लाना है, विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो शैक्षणिक रूप से पिछड़ रहे हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को उनकी कक्षा के अनुसार आवश्यक दक्षताओं तक पहुंचाने के लिए विशेष शिक्षण सामग्री और रणनीतियां प्रदान करता है।

उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, कन्वजीनियस टीम और न्यू एरा ग्राफिक्स टीम का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की कि इन आकलन के परिणामों के आधार पर जल्द ही इन कमजोर बच्चों के लिए विशेष शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उनके सीखने के परिणामों में प्रभावी सुधार लाया जा सके। यह असेसमेंट छात्रों की बुनियादी अवधारणाओं की समझ का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भविष्य में लक्षित हस्तक्षेपों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# सीएम के बड़सर दौरे पर नहीं लगी मुहर, धरी रह गईं तैयारियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के एक दिन के दौरे को लेकर तैयारी तो जोर-जोर से जारी थी, मगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 'टेंटेटिव' दौरे पर अंतिम मुहर नहीं लग पाई। ऐसा तीसरी मर्तबा हुआ है, जब दौर को लेकर चर्चा तो खूब हुई, प्रशासन भी मुस्तैद दिखा, मगर अंतिम मुहर नहीं लग पाने की वजह से तैयारियां फिर से धरी की धरी रह गईं।

पिछले तीन दिन से क्षेत्र में अच्छी खासी राजनीतिक हलचल थी। प्रशासनिक अमला भी अपने-अपने हिसाब से दौरे को सफल बनाने में लगा हुआ था। मगर ठीक एक दिन पहले यानी शनिवार को अचानक सीएम का प्रोग्राम बड़सर का नहीं बनने का पता जब चला, तो निश्चित रूप में निराशा तो पार्टीजनों को भी झेलनी पड़ती है और क्षेत्र की जनता को भी, क्योंकि सीएम के आने से विकास की गति को बल मिलता है और कई ऐसे काम भी सिरे चढ़ते हैं, जो किन्हीं कारणों से लंबित चल रहे हों।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में क्योंकि पिछले विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ा था और अब वहां कांग्रेस का कुनबा पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया के हवाले है। वे दौड़ धूप भी ठीक-ठाक कर रहे हैं। पिछले तीन-चार दिन से दौरे को सफल बनाने के लिए वे कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ले रहे थे, लेकिन अब क्योंकि सरकारी तौर पर दौरे का कार्यक्रम सीएम ऑफिस से शनिवार शाम तक नहीं मिल पाया था, इसीलिए यह दौरा फिलहाल कैंसिल माना जा रहा है। दौरा कैंसिल हो गया हो या फिर दौरे पर मुहर न लगी हो। मगर चर्चा खूब हो रही है, उन कारणों को भी तलाशा जा रहा है जो इसके पीछे जैसे तैसे जुड़ने लगे हैं।

**कारण जो भी रहे हों, चर्चा तो हो ही रही**

**सवाल उठना लाजिमी**

बड़सर उपमंडल मुख्यालय पर जी नए मिनी सचिवालय का निर्माण हुआ है उसका भी उद्घाटन होना था, जिसमें विभागों को स्थापित किया जाना था, जो इधर-उधर बिखरे हुए थे, लेकिन इसके निर्माण की देनदारी को लेकर भी चर्चा थी। हालांकि यह विषय कोई बड़ा नहीं था, मगर जब चर्चा शुरू होती है तो निश्चित रूप में सवाल भी उठते हैं।

**जल्द होगा दौरा: ढटवालिया**

हालांकि विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया का कहना है कि प्रोग्राम पहले ही 'टेंटेटिव' था। मुख्यमंत्री ने इस प्रोग्राम के लिए समय देने के लिए कहा था। इसीलिए तैयारी भी की जा रही थी। अब क्योंकि अंतिम समय में किन्ही कारणों से इस पर मुहर नहीं लग पाई है, कोई बात नहीं। सीएम बहुत जल्द क्षेत्र का दौरा करेंगे। इसमें ज्यादा देर नहीं लगेगी।

## छात्रों ने प्रतियोगिताओं में निभाई सहभागिता




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन जोलसप्पड़ हमीरपुर में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का कॉलेज के अध्यक्ष एनके शर्मा, कॉलेज की उपप्राचार्य पूनम भारद्वाज द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कॉलेज के अध्यक्ष एनके शर्मा ने तंबाकू के सेवन से होने वाली जानलेवा बीमारियों के बारे में प्रशिक्षु अध्यापकों को जागरूक किया। इस गतिविधि की संयोजक सुनीता कुमारी ने प्रशिक्षु अध्यापकों को बताया कि तंबाकू न सिर्फ व्यक्ति का शरीर खराब करता है, बल्कि उसके दिमाग को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। प्रशिक्षु अध्यापकों ने जागरूकता रैली निकाली व तंबाकू सेवन से दुष्प्रभाव को बताने के लिए पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता में बढ़- चढ़कर भाग लिया।

## उपायुक्त ने किया मिनी सचिवालय का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने शनिवार को मिनी सचिवालय परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में जारी विभिन्न सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत कार्यों के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा सभी कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, अपराजिता चंदेल, एसडीएम संजीत सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नादौन शहर को मिले तीन हेल्थ वेलनेस सेंटर, लोग गदगद

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** शहर को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तीन हेल्थ वेलनेस सेंटर की सौगात दी है। ये सेंटर नगर परिषद के वार्ड संख्या एक, पांच और सात में खुलेंग, जिससे लोगों में खुशी की लहर है। तीनों वार्ड में हेल्थ वेलनेस सेंटर ने काम करना शुरू दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ये सेंटर शुरू किए हैं। इनमें डॉक्टर्स, फार्मासिस्ट, नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति कर दी गई है। स्टाफ की तैनाती होने से शहर के लोगों को घर-द्वार उच्च श्रेणी की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना शुरू हो गई हैं। लोगों को अब छोटी-छोटी बीमारियों के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे हेल्थ वेलनेस सेंटर में ही अपना उपचार करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सुक्खू कार्यभार संभालने के बाद से ही पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और वर्ल्ड क्लास बनाने में लगे हुए हैं। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को अव्वल दर्जे की स्वास्थ्य सुविधाएं घर के पास उपलब्ध करवाना है।

**लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार**

हेल्थ वेलनेस सेंटर खुलने पर वार्ड नंबर 1 से संतोष संधू, प्रीतम चंद, राजीव जस्सल, संजीव कालिया, सुरिंदर, मोंटी संधू, कृष्णा देवी, रमा देवी, जोगिंदर चंद, वार्ड नंबर 5 से कमल कम्मी, मोती जोशी, रीना देवी, रमन कुमार, रेणु, आर्यन सेठी, अनूप कुमार, ममता, विनोद, जतिन, वार्ड नंबर 7 से कुलदीप कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, बबली देवी, प्रेम चंद, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, गौरव, सीमा देवी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नादौन शहर को ये बड़ी सौगात दी है। इससे शहर के लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने नादौन अस्पताल को भी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया है, जिससे लोगों को हमीरपुर और टांडा अस्पताल जाने की जरूरत गंभीर हालत होने पर ही पड़ती है।

## सुजानपुर को क्रिटिकल केयर यूनिट देने के लिए भाजपा ने आभार जताया

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत राणा, बमसन टोनी देवी मंडल के अध्यक्ष प्रो. विक्रम सिंह राणा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सुजानपुर सिविल अस्पताल के लिए 25 करोड़ लागत का क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत करने हेतु केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेताओं ने कहा पूर्व विधायक राजेंद्र राणा द्वारा इस बारे लगाकर किए गए प्रयास रंग लाए हैं। मंडल भाजपा नेताओं ने कहा कि सुजानपुर को यह तोहफा मिलने से यहां स्वास्थ्य नेटवर्क और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता इसका झूठा श्रेय लेकर जनता में हंसी का पात्र न बनें।

## पूर्व कर्मचारी नेता ने प्रशासनिक व्यवस्था पर खड़े किए गंभीर प्रश्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह भरमौरिया ने राज्य में प्रशासनिक अनुशासन और सेवा नियमों के उल्लंघन को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में 'कनडक्ट रूल 1964' अब प्रभावी रूप से लागू नहीं रह गया है। भरमौरिया ने हाल ही में बिजली बोर्ड के मुख्य अभियंता विमल नेगी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। यह अभी जांच का विषय है कि यह आत्महत्या थी अथवा सुनियोजित हत्या। मृतक परिवार द्वारा इसे हत्या बताया जा रहा है। वास्तविक मोड़ तब आया, जब मामला माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। राज्य सरकार का पक्ष रखने हेतु एडवोकेट जनरल न्यायालय में उपस्थित हुए, लेकिन उसी समय शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में प्रस्तुत हुए और उन्होंने पुलिस महानिदेशक, पूर्व महानिदेशक एवं गृह सचिव पर गंभीर आरोप लगाए। यह घटना अभूतपूर्व थी और इससे प्रशासनिक अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से इस गंभीर मामले को हल्के में न लेने का आग्रह करते हुए चेताया कि यदि ऐसा चलता रहा तो सरकार को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## शहीद रोशन लाल को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** सीआरपीएफ में अरुणाचल प्रदेश में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए 21 मई 1963 को शहीद हुए टौणी देवी के टपरे गांव के रोशन लाल को स्थानीय शिव मंदिर में कार्यक्रम में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें सीआरपीएफ की ओर से हवलदार सुरेश कुमार के साथ ही स्थानीय गांव की ग्रामीणों बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर एवं टपरे पंचायत के प्रधान दीवान चंद, पंचायत वार्ड पंच ओम प्रकाश चौहान भी मौजूद रहे। इस दौरा शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया।

**मांग** दिव्यांगजनों की मांगों को लेकर हमीरपुर के एसडीएम से राजन कुमार ने की मुलाकात, बोले-

# हमीरपुर में बनाया जाए दिव्यांगों के लिए भवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले के दिव्यांगजनों का एक प्रतिनिधिमंडल डिसएबल हेल्पलाइन फाउंडेशन (इंडिया) के जिला समन्वयक व हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक राजन कुमार के नेतृत्व में एसडीएम संजीत कुमार से मिला। इस दौरान उन्होंने हमीरपुर जिले में दिव्यांगजनों की समस्याओं व आवश्यकताओं से संबंधित एक मांग-पत्र सौंपा, जिसमें कई प्रमुख मांगों को रेखांकित किया गया।

सरकारी कार्यालयों में सुविधा की कमी के कारण चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगजनों के लिए हमीरपुर के सरकारी कार्यालयों में रैंप, व्हीलचेयर जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यों के लिए भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने सभी कार्यालयों को एक्सेसिबल बनाने की मांग की। f



एसडीएम से मिलते हुए दिव्यांग।

दिव्यांगजनों के लिए एक समर्पित दिव्यांग भवन की स्थापना की मांग की गई, जहां उनके कार्यक्रम, बैठकों और विश्राम की समुचित व्यवस्था हो सके। दिव्यांगजनों को सरकारी दुकान आवंटन में आरक्षण देने की मांग उठाई गई, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिन दिव्यांगजनों की शादी नहीं हुई है और वे अपने परिवार पर आश्रित नहीं रह सकते, उनके लिए अलग से राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया आसान करने का अनुरोध किया गया और बीपीएल में भी डाला जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन दिव्यांगों के पास स्वयं का घर नहीं है, उन्हें सरकार द्वारा मकान मुहैया कराए जाएं। दिव्यांग खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के तहत जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष स्पोर्ट्स गतिविधियों और सुविधाओं की मांग की गई, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर सकें।

सुलभ शौचालय की व्यवस्था के लिए सिंथेटिक ट्रैक अणू और युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के भवनों में दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय न होने की समस्या को उठाया गया और जल्द से जल्द सुलभ शौचालय निर्माण की मांग की गई। एसडीएम संजीत कुमार ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

## हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में लिए अहम कई फैसले

# रेरा कार्यालय धर्मशाला होगा स्थानांतरित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रशासनिक मोर्चे पर हिमाचल मंत्रिमंडल ने रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को स्वीकृति दी। यह निर्णय संभवतः निचले हिमाचल के लोगों के लिए रेरा से संबंधित कार्यों को और अधिक सुलभ बनाएगा।

इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए बैठक में गैर-जैव निम्नीकरणीय (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) कचरे के प्रभावी प्रबंधन और इसमें कमी लाने के लिए डिपोजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस अभिनव योजना के तहत, उपभोक्ता उत्पाद की कीमत के अलावा एक रिफंड योग्य जमा राशि का भुगतान करेंगे, जो खाली उत्पाद को वापस करने पर उन्हें लौटा दी जाएगी। यह योजना कांच की बोतलों, प्लास्टिक पेय कंटेनरों, एल्यूमीनियम के डिब्बे और विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक पैकेजिंग सहित सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला पर पायलट आधार पर लागू होगी।



मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### गैर-जैव निम्नीकरणीय कचरे के प्रभावी प्रबंधन को डिपोजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का फैसला

मंत्रिमंडल ने साल 2010 की तर्ज पर पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों और अध्यक्षों के लिए नए सिरे से डि-नोवो आरक्षण रोस्टर शुरू करने को सैद्धांतिक मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम को राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नदियों और तालाबों में लघु खनिजों को एकत्रित करने और ड्रेजिंग ऑपरेशन (गाद निकालने) करने की अनुमति प्रदान की गई है। यह निर्णय बेहतर स्त्रोत प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करेगा।

### इन विकास खंडों का होगा पुनर्गठन

**राज्य** के विकास खंडों के पुनर्गठन की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। मंत्रिमंडल ने कांगड़ा जिले के सुलह, भवारना और लंबागांव तथा हमीरपुर जिले के भोरंज विकास खंडों को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है, ताकि इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ये सभी निर्णय सीएम सुक्खू द्वारा हिमाचल प्रदेश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# तलाई जाहू स्कूल में नर्सरी से 5वीं तक पढ़ा रही एक अध्यापिका

**एसके शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज उपमंडल में स्कूल राजकीय प्राथमिक पाठशाला तलाई जाहू में शिक्षकों की कमी नौनिहालों के भविष्य निर्माण में आड़े आ रही है। 29 छात्र की संख्या वाले इस स्कूल में नर्सरी से पांचवीं कक्षाओं के संचानन के लिए मात्र एक ही अध्यापिका की तैनाती की गई है।

मीड-डे मील में दो कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्कूल में सफाई कर्मचारी भी कोई नहीं है। कमरों में साफ सफाई का कार्य भी मीड-डे मील कर्मचारी ही कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा देने के दावे सरकार व अधिकारी हमेशा करते रहते हैं, परंतु जमीनी हकीकत कुछ ओर ही ब्यां कर रही है। सरकार की इस लापरवाही का खमियाजा तलाई जाहू स्कूल के बच्चे भुगत रहे हैं।

स्कूल में बच्चों की पढ़ाई बिना स्टाफ से प्रभावित हो रही है। स्कूल में एकमात्र अध्यापिका है। स्कूल की एक अध्यापिका को शिक्षा विभाग के द्वारा 20 दिसंबर 2024 से किसी अन्य स्कूल में डैपुटेशन पर भेज देने से पढ़ाई बाधित हो रही है। एक अध्यापिका के द्वारा पिछले पांच महीने से नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।



राजकीय प्राथमिक पाठशाला तलाई जाहू के स्कूल का भवन।

एक ही अध्यापिका होने पर नर्सरी से पांचवीं कक्षा के सभी बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाई की जाती है। इससे बच्चों की पढ़ाई सही ढंग से न होनें पर अभिभावकों ने भी शिक्षा विभाग के प्रति गहरा रोष पनपता जा रहा है। किसी स्कूल में पांच से दस बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं तो वहां पर दो और तीन अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तलाई जाहू स्कूल में पांच महीने से एक ही अध्यापिका है। इन सब बातों से साफ जगजाहिर हो रहा कि सरकार व शिक्षा विभाग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में कितना जागरूक है। सेंटर हैड टीचर अनीता शर्मा का कहना है कि तलाई जाहू में 20 दिसंबर 2024 से एक ही अध्यापिका नर्सरी से पांचवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ा रही है। एक अध्यापिका 20 दिसंबर से डेपुटेशन पर दूसरे स्कूल में जाने की बजह से यह समस्या आई है।

# हिमाचल में पाकिस्तानी जासूसी का साया!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### आर्मी सेंटर के पास अमेरिकी नागरिक लिया हिरासत में

हिमाचल प्रदेश अपनी शांत वादियों के लिए जाना जाता है, मगर संवेदनशील जासूसी गतिविधियों से खुफिया तंत्र के कान खड़े हो गए हैं। शुक्रवार देर सायं शिमला में एक और घटना सामने आई, जब शिमला में सेना की खुफिया इकाई (आर्मी इंटेलिजेंस) ने जासूसी के संदेह में एक अमेरिकी नागरिक कैबिन जोन ट्रेसलर को हिरासत में ले लिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब राज्य में पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान को जासूसी करने के आरोप में दो अन्य गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।



जानकारी के अनुसार सेना के प्रशिक्षण केंद्र (आर-ट्रैक) के बाहर घूम रहे कैबिन ने जवानों से वहां तैनात अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगने की कोशिश की। उसके इस संदिग्ध व्यवहार ने तुरंत सेना का ध्यान उस ओर खींचा और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया, बाद में उसे शिमला पुलिस को सौंप दिया गया।

पुलिस पूछताछ में कैबिन के बारे में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। पता चला कि वह पाकिस्तान और चीन समेत लगभग 60 देशों की यात्रा कर चुका है, उसके पास अमेरिकी नागरिकता भी है। यह जानकारी खासकर पाक की ट्रैवल हिस्ट्री ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए, तुरंत जांच अधिकारियों ने उसके होटल के कमरे की तलाशी भी ली, मगर तलाशी के दौरान वहां पर कोई संदेहास्पद या अप्रिय वस्तु नहीं पाई गई। वहीं, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और हर संदिग्ध गतिविधियों पर बारीक नजर रख रही हैं।

### कोई भी संदिग्ध दस्तावेज या सामग्री प्राप्त नहीं हुई : एसपी

**जांच** के बाद, एसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि कैबिन के पास से कोई भी संदिग्ध दस्तावेज या सामग्री नहीं मिली। पता चला कि वह कोका-कोला कंपनी में 'ब्रीफर' के तौर पर कार्यरत है और इसी नौकरी के सिलसिले में उसने इतनी यात्राएं की हैं। शिमला घूमने आया यह युवक अंततः निर्दोष पाया गया और पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि, पुलिस ने उसे भविष्य में जरूरत पड़ने पर सहयोग करने को कहा है। उनके मुताबिक वे परोक्ष तौर पर जासूसी की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी निगाह रख रहे हैं और उनके सुरक्षात्मक रडार से कोई भी नहीं बच पाएगा।

## स्कूल की दीवार से टकराई गाड़ी, आठ छात्र घायल

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के खुथड़ी की स्कूल की दीवार से कार के टकराने से दीवार गिरने पर आठ छात्र घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब स्कूल में छुट्टी हुई और बच्चे स्कूल से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच जब अध्यापक अपनी कार को लेकर स्कूल से बाहर निकाल रहे थे तो अचानक कार स्कूल की दीवार से टकरा गई और दीवार की ईंटें छात्रों पर गिर गईं।

इस हादसे की जैसे ही अभिभावकों को पता चला तो सभी स्कूल में पहुंच गए। घायाल छात्रों को भोरंज अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार इस हादसे में आठ बच्चे घायल हुए है, जिसमें से सात बच्चों को उपचार के बाद घर भेज दिया है। एक छात्र को अधिक चोटें आने की बजह से हमीरपुर अस्पताल भेज दिया गया है। भोरंज थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस हादसे की गहनता से जांच कर रही है।

# लोक निर्माण मंत्री ने किया पच्छाद उत्सव का समापन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय पच्छाद उत्सव के समापन समारोह में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ समाज की स्थापना के लिए युवाओं की सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए खेल मैदानों और इंडोर स्टेडियमों का निर्माण कर रही है। उन्होंने पच्छाद क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष में सड़क परियोजनाओं पर 99 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

सराहां लोक निर्माण मंडल के अंतर्गत नैना टिक्कर-देवथल सड़क को पक्का करने पर 6 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि मरयोग-धरयार सड़क पर 25 करोड़ और डाबर-बागथन सड़क पर 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। बडू साहब सड़क के लिए शीघ्र प्राकलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान

सराहां महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक के निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ होगा। मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 1500 किलोमीटर सड़कों के निर्माण की जानकारी दी और भूमि मालिकों से गिफ्ट डीड के माध्यम से सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वर्तमान हिमाचल की विकास यात्रा उन्हीं की दूरदृष्टि का परिणाम है।

## बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग में भरे जाएंगे सेल इंटर्न के 20 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड ऊना द्वारा सीनियर सेल इंटर्न व सीनियर क्लाइंट ऑफिसर के 20 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए कैंपस साक्षात्कार 23 जनवरी को प्रात: 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना होगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में सनातक होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को किसी भी क्षेत्र में 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए जिसमें सेल व मार्केटिंग के क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। साक्षात्कार में 23 से 32 वर्ष की आयुसीमा के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इस पद के लिए वेतन 14000 से 18000 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

# फोर्टिस मोहाली में रोबोटिक तकनीक से गायनी कैंसर का इलाज : डॉ. श्वेता

**अनंत ज्ञान, शिमला**

फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के गायनी ऑन्कोलॉजी विभाग ने अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए गायनी कैंसर से पीड़ित मरीजों का सफल इलाज करने का दावा किया है।

अस्पताल की गायनी ऑन्को-सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. श्वेता तहलान ने शनिवार को शिमला में प्रेस वार्ता में बताया कि यहां चौथी पीढ़ी की विश्व की सबसे उन्नत रोबोटिक तकनीक 'दा विंची एक्स आई' की मदद से ओपन और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी सफलतापूर्वक की जा रही हैं। यह तकनीक विशेष रूप से बुजुर्ग, उच्च जोखिम वाले और प्रजनन क्षमता बचाने की इच्छा रखने वाली महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है।

उन्होंने बताया कि एक मामले में 84 वर्षीय महिला का, जिन्हें यूटेरस कैंसर और हृदय रोग था, सफल रोबोट-एडेड सर्जरी से इलाज किया गया। सर्जरी के तीन दिन बाद ही वह सामान्य दिनचर्या में लौट सकीं। वहीं, एक अन्य केस में 20 वर्षीय युवती के ओवरी ट्यूमर का इलाज कर उसकी फर्टिलिटी को सुरक्षित रखा गया। तीसरे मामले में एडवांस स्टेज ओवरी कैंसर से जूझ रही 60 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया गया।

*'हिमालयी संरक्षण में बड़ी छलांग'*

## कुफरी में लुप्तप्राय 'ब्लू शीप' का सफल प्रजनन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमालयन नेचर पार्क, कुफरी ने लुप्तप्राय भरल या नीली भेड़ (ब्लू शीप) के सफल प्रजनन की घोषणा की है, जिसे पश्चिमी हिमालय के संरक्षण प्रयासों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। 2,600 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह पार्क, जो भरल के प्राकृतिक आवास की नकल करता है, हिम तेंदुओं (पैंथेरा यूनीसिया) जैसे अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो अपने अस्तित्व के लिए भारल पर निर्भर करते हैं।

यह सफलता पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क, दार्जिलिंग के साथ 2023 के वन्यजीव विनिमय कार्यक्रम का परिणाम है। इस पहल से न केवल भरल की आबादी को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि यह हिम तेंदुओं के लिए एक स्थिर शिकार आधार सुनिश्चित करके उनके संरक्षण में भी मदद कर रहा है।

भरल जैसी जंगली कैप्रिड प्रजातियां पारिस्थितिक और आर्थिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। ये हिम तेंदुए का प्राथमिक शिकार होने के साथ-साथ पश्मीना बनाने के लिए उपयोग होने वाले बेहतरीन अंडरकोट फाइबर के स्रोत भी हैं। संरक्षणवादी अब तिब्बती मृगों से प्राप्त 'टश' (जो अब प्रतिबंधित है), के स्थायी विकल्प के रूप में भरल और ब्लू आइबेक्स से प्राप्त फाइबर पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे नैतिक ऊन कटाई और कश्मीरी शॉल उद्योग को पुनर्जीवित करने के नए रास्ते खुल सकते हैं।

# सुक्खू सरकार अनुशासनहीनता पर कार्रवाई करने के बजाय क्यों डाल रही पर्दा : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नियम, कानून कायदों को खुलेआम चुनौती दी जा रही है और मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं। पद पर न रहने वाला एक व्यक्ति पद पर होने का दावा करते हुए हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करता है और सरकार उसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करती है। प्रदेश की राजधानी का पूर्व पुलिस मुखिया अपने पद पर न होते हुए भी प्रदेश के एडवोकेट जनरल की सहमति का हवाला (पुनर्विचार याचिका पेज 8, पैरा 2 में वर्णित) देकर न्यायालय के फैसले को चुनौती देता है और एडवोकेट जनरल और मुख्यमंत्री खामोश होकर देखते हैं।

हैरानी की बात यह कि इसमें वह उस परिवार को भी पार्टी बनाता है, जिसने स्व. विमल नेगी के रूप में अपने परिवार का सब कुछ खो दिया है। आज सरकार इस कदर बेबस हो चुकी है कि न तो एक अधिकारी द्वारा बार-बार अनुशासनहीनता करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और न ही उसके द्वारा न्यायालय में झूठ बोले जाने पर उसे चुनौती दी जा रही है। आखिर सरकार की विवशता क्या है? जो हर दिन सरकार की किरकिरी होने के बाद भी सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है।



कुथाह मेले में पूर्व मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए आयोजक।

नेता प्रतिपक्ष ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सराज के अंतर्गत जंजैहली में आयोजित कुथाह मेले में पहुंच कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया और स्थानीय लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक बन चुके कुथाह मेले में भाग लेकर बचपन की यादें ताजा हो गई। उन्होंने कुथाह मेले के सफल आयोजन के लिए मेला आयोजक मंडल और क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दीं।

# मंडी के स्यांजी में दीवार पत्रिका 'किसलय' के नए अंक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अपने रचनात्मक सफर को जारी रखते हुए मंडी जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्यांजी में शनिवार को दीवार पत्रिका 'किसलय' के मई 2025 अंक का विमोचन मुख्यातिथि चर्चित लोक साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया, बाल साहित्यकार पवन चौहान तथा प्रधानाचार्य अक्षय कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस बार की दीवार पत्रिका कविता, कहानी, यात्रा संस्मरण, बाल कहानी, अपनी बात आदि बेहतरीन रचनाओं के साथ कई खूबसूरत पेंटिंग से सजी है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस बार के विद्यार्थी संपादक मंडल में विद्यार्थी मुख्य संपादक अंकिता व रक्षा, संपादक शीतल, रिया व अंकिता, उप संपादक आदित्य, करण व शुभम, सलाहकार संपादक योगिता, ध्रुव व समीर तथा कार्टूनिस्ट ईशा, पूनम व हर्ष रहे। सरस्वती पूजन के उपरांत बच्चों ने अतिथियों का स्वागत एक सुंदर गीत के साथ किया। सीसे स्यांजी में दीवार पत्रिका किसलय की शुरुआत से लेकर वर्तमान तक की जानकारी ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जागृति ने दी। मंच का संचालन टीजीटी खेम सिंह ने किया।

पवन चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि उनके स्थानातंरण के बावजूद भी विद्यार्थी इस पत्रिका पर काम कर रहे हैं, यह उनके लिए एक बड़ा सम्मान है। प्रधानाचार्य अक्षय कुमार ने कहा कि पवन चौहान दीवार पत्रिका 'किसलय' के प्रेरणा स्त्रोत व मार्गदर्शक हैं। उन्होंने विद्यालय में एक नई शुरुआत करके जहां बच्चों की सृजनशीलता को विस्तार दिया है वहीं पठन-पाठन के साथ बच्चों में सकारात्मक गुणों का भी विकास किया है।

कार्यक्रम के दौरान सभी रचनाकार बच्चों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यातिथि कृष्ण चंद्र महादेविया ने बच्चों को एक लोककथा सुनाई और कहा कि दीवार पत्रिका का यह सृजन बच्चों में अपने समाज व देश के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने का एक शानदार जरिया है। उन्होंने इस अंक के सभी रचनाकार बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में बारहवीं की छात्रा अंकिता ने नशा निवारण की शपथ दिलाई, जिसमें सभी बच्चों, शिक्षकों, अतिथियों और प्रधानाचार्य ने भाग लिया।

**प्रगति**

## शिमला-मटौर फोरलेन परियोजना का भराड़ीघाट से नौणी तक निर्माण कार्य शुरू

# फोरलेन परियोजना ने पकड़ी रफ्तार, भराड़ीघाट में बनेगा टोल प्लाजा

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से प्रतीक्षित शिमला-मटौर फोरलेन परियोजना के भराड़ीघाट से नौणी सेक्शन का कार्य अब औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। इस हिस्से के निर्माण पर करीब 640 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह परियोजना प्रदेश के दो प्रमुख जिलों बिलासपुर और सोलन की सीमा से होकर गुजरेगी, जिसमें भराड़ीघाट में एक टोल प्लाजा भी स्थापित किया जाएगा।

भराड़ीघाट में प्रस्तावित टोल प्लाजा को लगभग 100 से 150 मीटर क्षेत्रफल में तैयार किया जाएगा। यह निर्णय फोरलेन की इस हिस्से में कम चौड़ाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्थान की भौगोलिक सीमाएं टोल प्लाजा के आकार को सीमित कर रही हैं, इसलिए इसे सुसंगत और प्रभावी ढंग से डिजाइन किया गया है, ताकि ट्रैफिक में बाधा न आए। इस चरणबद्ध निर्माण से शिमला से धर्मशाला के बीच की दूरी पर लगने वाला समय काफी कम होकर महज 5 घंटे रह जाएगा।





फाइल फोटो

### शिमला से धर्मशाला अब सिर्फ 5 घंटे दूर

अनंत ज्ञान खास खबर

बता दें कि शिमला-मटौर फोरलेन केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि यह राज्य की आर्थिक, पर्यटक और सामरिक मजबूती के लिए भी एक बड़ी पहल है। यह सड़क कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और शिमला जैसे प्रमुख जिलों को आपस में जोड़ती है। इसके अलावा, यह मार्ग केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स बिलासपुर, और शिमला सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों तक तीव्र संपर्क उपलब्ध कराएगा। इस परियोजना से न केवल परिवहन में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

हालांकि, इस प्रकार की बड़ी सड़क परियोजनाएं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से चुनौतिपूर्ण होती हैं, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि निर्माण के दौरान सभी पर्यावरणीय नियमों और स्वीकृतियों का पालन किया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार ने इस परियोजना को विकास की रीढ़ बताया है। मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने इसके शीघ्र निर्माण के लिए निरंतर समीक्षा करने की बात कही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल इसे अपनी उपलब्धि के रूप में दर्शा रहे हैं, जिससे इस परियोजना का राजनीतिक महत्व भी उभर कर सामने आ रहा है।

### पांच चरणों में होगा फोरलेन का निर्माण

- **पहला पैकेज:** शिमला से भराड़ीघाट तक
- **दूसरा पैकेज:** भराड़ीघाट से नौणी तक
- **तीसरा पैकेज:** भगेड़ से हमीरपुर तक
- **चौथा पैकेज:** हमीरपुर से ज्वालाजी तक
- **5वां पैकेज:** ज्वालामुखी से मटौर तक

## टीजीटी आर्ट्स व मेडिकल की टेट परीक्षा आज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टेट 2025 के तहत रविवार एक जून को टीजीटी आर्ट्स और टीजीटी मेडिकल की टेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि एक जून को टीजीटी की टेट परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 12 हजार 519 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिसके लिए 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एक जून को ही टीजीटी मेडिकल की टेट परीक्षा दोपहर 2 बजे से साढ़े चार बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसके लिए बनाए गए 54 परीक्षा केंद्रों में 4510 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बोर्ड सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय लोधवां में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। थाना डमटाल के सह प्रभारी सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नशे की दलदल में नौजवान भटक रहा है। स्टूडेंट्स को शपथ दिलाते हुए कहा कि वह कभी भी नशा नहीं करेंगे, जो भी नशा करेगा वह देश का गद्दार होगा। चिट्टा पूरे भारत में नौजवानों की नस्ल को बर्बाद कर रहा है। वह सिर्फ पाकिस्तान से ही आता है। इस मौके पर प्रिंसिपल रश्मि ठाकुर ने बच्चों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### शिक्षा वर्ग इंद्रप्रस्थ क्षेत्र शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्रदेश विश्व हिंदू परिषद की ओर से 10 दिवसीय शिक्षा वर्ग इंद्रप्रस्थ क्षेत्र शिविर का समापन समारोह वैष्णो कॉलेज ऑफ कॉलेजेस थबकौर में किया गया। इसमें इंद्रप्रस्थ क्षेत्र, जिसमें पंजाब-हिमाचल तथा जम्मू-कश्मीर के करीब 100 से ज्यादा विश्व हिंदू परिषद के मुख्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। हिंदू धर्म संस्कृति के रक्षण, पोषण व सुरक्षा के लिए यह परीक्षण कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सम्मेलन रखा गया था। इस मौके पर स्वामी वेद प्रकाश, मुख्य वक्ता बजरंग लाल बागड़ा, केंद्रीय महामंत्री विश्व हिंदू परिषद, डॉ. राहुल पठानिया, सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का, वरिंदर पठानिया आदि मौजूद रहे।

### भाली स्कूल में निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमंडल जवाली के सरकारी स्कूलों में वर्ल्ड नो तंबाकू-डे पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाली में छात्रों को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया। प्रधानाचार्य डॉ. राहुल देव ने छात्रों को जागरूक करते हुए बताया कि नशा करने वाले व्यक्ति का धीरे-धीरे सब कुछ खत्म हो जाता है। नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है और परिवार आर्थिक तंगी में पहुंच जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से कोसों दूर रहने की सलाह दी।

### नशा कर देता पूरे परिवार को बर्बाद, रहें दूर

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलाड़ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में छात्रों को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया गया। सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को जागरूक करते हुए बताया कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है और परिवार आर्थिक तंगी में पहुंच जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना अहम योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सब को नशों से दूर रहना चाहिए और अपने आसपास वाले लोगों को अवेयर करना चाहिए।

# नेरना पंचायत के वार्ड-3 में पांच दिन से नहीं आया पानी

## समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग कार्यालय पहुंचे लोग, सुनाया अपना दुखड़ा

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**



जलशक्ति विभाग कार्यालय के बाहर बैठीं नेरना पंचायत की महिलाएं।

**फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की नेरना पंचायत के वार्ड तीन के लोग पिछले पांच दिनों से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। इस समस्या को लेकर लोग उपमंडल राजा का तालाब नेरना स्थित कार्यालय में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे।

शकुंतला देवी, बीना देवी, रेनू कुमारी, आशा देवी, बिमला देवी, पूजा, निशा, रितिका, अरुण, रवि कुमार, रोहित, बल्ली ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से उनको पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे मजबूरन उन्हें अन्य जगह से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के चलते वे जलशक्ति विभाग कार्यालय राजा का तालाब नेरना गए थे। विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा दिया है। लोगों ने कहा कि समस्या का समाधान दो दिन में नहीं किया जाता है, तो वे स्थानीय विधायक से मिलेंगे। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता अमित रंधावा का कहना है कि नलकूप की मोटर खराब है। मोटर को रिपेयर के लिए भेजा गया है, जबकि समस्या को देखते हुए लोगों को ओवरहेड टैंक से सप्लाई दी जा रही है। मोटर ठीक होते ही नलकूप से सुचारु रूप से सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# छुट्टियों में न लगाए जाएं सेमिनार: वीरेंद्र

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष व महासचिव ने जताई नाराजगी**

**योल।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान व महासचिव तिलक नायक ने समग्र शिक्षा अभियान हिमाचल की ओर से शिक्षकों एवं बच्चों के सेमिनार स्कूली छुट्टियों में आयोजित करने पर नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन छुट्टियां अध्यापकों एवं बच्चों के लिए शिक्षण व्यवस्था से कुछ दिन दूर रह कर अपने आपको पुन: अध्यापन व अध्ययन के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक दिन होते हैं, जिसे मनोचिकित्सकों ने भी जरूरी माना है।

न्यायालय तथा अन्य अधिकतर विभागों में भी नियमित व्यवस्था से यह ब्रेक उन्हें तरोताजा होने के लिए मिलती है। जिन विभागों को नहीं मिलती, उन्हें ज्यादा अर्जित अवकाश, मेडिकल लीव व अन्य वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाते हैं। अध्यापकों को टारगेट न किया जाए व शिक्षकों तथा बच्चों की प्रस्तावित जून माह की छुट्टियों की गतिविधियां सामान्य शिक्षण दिवसों में आयोजित की जाएं। वीरेंद्र चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वे इस संबंध में शीघ्र ही सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिलकर इस बाबत विरोध व्यक्त करेंगे।

वहीं, जिला कांगड़ा अध्यापक संघ के अध्यक्ष सचिन जसवाल व महासहिव सुमन कुमार, खंड नगरोटा बगवां के अध्यक्ष तेजपाल चौधरी, ओंकार चंद, भवारना के अमृतपाल ने रोष व्यक्त किया है।

# जिसने परमात्मा का अनुभव कर लिया उसकी सभी इच्छाएं मिट जाती : अतुल

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** जिसने भी परमात्मा को देखा है, वह दुनिया पर हंसने लगा है, क्योंकि यह दुनिया सिवाय एक नाटक के मंच के और कुछ भी नहीं है। न यहां परेशान होने जैसा कुछ है, न पीड़ित होने जैसा कुछ है। कोई पीड़ित या परेशान है तो अपनी नासमझी के कारण। व्यक्ति अपनी नासमझी के कारण ही मृग मरीचिकाओं के पीछे दौड़ रहा है। परमात्मा में जो भी झांकने का पुरुषार्थ करता है, वह फिर इस संसार में लौटकर नहीं आता। उक्त अमृतवचन शिव महापुराण कथा महोत्सव के अष्टम दिवस में परम श्रद्धेय स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने नाग मंदिर रक्कड़ में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि संसार में हम आते हैं अपनी वासनाओं के कारण। आते हैं उन वासनाओं के कारण जो अभी अपूर्ण रह गईं, जो पूरी नहीं हो पाईं। पूर्व कि उन्हीं वासनाओं में बंधे हम फिर चले आते हैं। वे वासनाएं रास्सियों की भांति हमें फिर खींच लेती हैं। हम वासनाओं के जब तक गुलाम हैं, तब तक लौट-लौट कर आना होगा, लेकिन जिसने परमात्मा को देख लिया अथवा अनुभव कर लिया, उसकी वासनाएं तत्क्षण मिट जाती हैं। जैसे प्रकाश में अंधकार समाप्त हो जाता है। ऐसे ही परमात्मा के अनुभव में, प्रार्थना के अनुभव में वासना तिरोहित हो जाती है, फिर कोई लौटता नहीं. परमात्मा के संबंध में जिन्होंने भी जाना है, उन सब ने कहने की चेष्टा की है, कहना चाहा है, मगर यह भी कहा है कि हम लाख कहें तो भी कहा न पाएंगे। अतुल महाराज ने कहा कि परम सत्य को पूर्णत: कहा नहीं जा सकता। इसका कारण यह है कि सत्य का अनुभव तो होता है, शून्य में और अभिव्यक्ति होती है। शब्दों में सत्य को जाना तो जाता है, मौन में और जब बोलते हैं तब मौन में नहीं बोल सकते। सत्य को जाना तो जाता है मनातीत अवस्था में, जहां मन नहीं होता और जब बोलना होता है तो मन का उपयोग करना पड़ता है, माध्यम बदल जाते हैं. परमात्मा के संबंध में बातें तो सभी करते हैं, पर उसे पाता कोई-कोई है। कथा में भगवान शिव के कृष्ण दर्शन अवतार, वैश्यनाथ अवतार, किरात अवतार, दुर्वासा अवतार एवं एकादश रुद्र का प्रसंग सभी ने अत्यंत श्रद्धा से सुना।

# तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, जवाली**




स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने सभी सम्मानित बच्चों को बधाई दी।

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्र, जिन्होंने 2025 की वार्षिक परीक्षा में 85 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें द ट्रिब्यून एजुकेशन एक्सपो हिमाचल की ओर से सम्मानित किया गया।

दसवीं कक्षा में आर्शिया, मयंक धीमान, भीभूति धीमान, अवनी शर्मा, दिव्यांशु, महक चौधरी, राधिका शर्मा, सेजल, एंजल ठाकुर व मृदुल और बाहरवीं कक्षा के आकृत धीमान, प्रतिभा ठाकुर, संचिता देवी को सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम उत्सव पैलेस मटौर कांगड़ा में आयोजित किया गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। इस आयोजन में लगभग 20 विश्व विद्यालय के काउंसलर बच्चों की काउंसिलिंग के लिए पधारी थी। इस दौरान 10 स्कूलों के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** भाषा अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि भारत सरकार की ओर से प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म विभूषण, पदम भूषण एवं पदम श्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2026 के नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ये पुरस्कार सभी क्षेत्रों/विषयों, जैसे कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान आदि में प्रतिष्ठित और असाधारण उपलब्धि व सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त विषयों में कार्यरत पात्र व्यक्तियों या संस्थाओं से आग्रह किया जाता है कि वे अपना नामांकन 6 जून तक जिला भाषा अधिकारी के कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। नामांकन के साथ संबंधित व्यक्ति संस्था की संपूर्ण उपलब्धियों का 800 शब्दों में नैरेटिव शैली में प्रशस्ति पत्र संलग्न किया जान आवश्यक है।

# ग्रीनलैंड स्कूल में बच्चों ने उठाया पूल पार्टी का आनंद



ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में पूल पार्टी के दौरान बच्चे।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्टरी कंवलजीत सिंह व प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने पार्टी का खूब आनंद उठाया।

बच्चों के लिए पूल में संगीत, नृत्य और कई तरह की खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पानी में नृत्य करने खूब मस्ती की। स्कूल की प्रबंधक कमेटी की तरफ से बच्चों के खाने-पीने का विशेष प्रबंध किया गया। बच्चों ने फिल्मी गानों की धुन पर रेन डांस किया।

बच्चों ने चिप्स, फ्रूटी और अन्य व्यंजनों का आनंद भी लिया। रणवीर सिंह ने बताया कि गर्मियों की छुट्टी से पहले इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने बच्चों को गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के टिप्स देते हुए तेज धूप में घर के बाहर न निकलने का संकल्प भी दिलाया।

## पालमपुर में भाजपा ने मनाई रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

# अहिल्याबाई की जीवनी को पढ़ना और सीखना चाहिए : परमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पालमपुर में भाजपा जिला कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विपिन परमार व अन्य।

**भाजपा** जिला कार्यालय पालमपुर में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला की अध्यक्ष रागिनी रकवाला ने की। इस दौरान भाजपा कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विपिन सिंह परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा वंदना योगी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

परमार ने कहा कि आज से 300 साल पहले जिस महान शक्ति का जन्म हुआ था, उसकी जन्म जयंती हम मना रहे हैं। यह मोदी जी की दूरगामी सोच का नतीजा है। आज से पहले न तो किसी सरकार ने रानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन मनाया, न ही कभी उनके बारे में चर्चा करना जरूरी समझा। अहिल्याबाई होलकर के जीवनी को हम सभी को पढ़ना चाहिए और उनसे सीखना चाहिए कि समाज के लिए हम कैसे खड़े हो सकते हैं और कैसे गरीब और उत्पीड़ित लोगों की मदद कर सकते हैं।

परमार ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर महिलाओं को बधाई दी। प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि यह कार्यक्रम पहली बार इस देश में किसी पार्टी ने लिया है, क्योंकि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश को छोड़कर रानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में कोई जानकारी भी नहीं थी। उन्होंने पीएम मोदी के इस अभियान प्रशंसा की। यह अभियान 21 मई से 31 मई तक चला था, जिसका का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी से किया था और जिसका समापन आज भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने संगठनात्मक जिला पालमपुर से किया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश में कई संगोष्ठियों, प्रभात फेरिया का भी आयोजन किया गया। इस प्रकार के प्रदेश में 17 कार्यक्रम किए गए। कपूर ने कहा कि इस देश में 800 साल मुसलमान ने राज किया 200 साल अंग्रेज राज करके उसके बाद 70 साल तक कांग्रेस का राज रहा, लेकिन सभी ने सिर्फ मुसलमान राजाओं और आक्रांतों के बारे में पढ़ाया पर कभी ऐसी क्रांतिकारी अहिल्याबाई होलकर के संघर्ष भरे जीवन के बारे में कभी बताया ही नहीं।

# बनूरी में 110 कनाल भूमि के प्रभावितों को जल्द मिलेगा न्याय

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**प्रशासन ने 20 प्रभावित परिवारों का जाना पक्ष, न्याय दिलाने का दिया भरोसा**

**पालमपुर** के मुहाल बनूरी में 110 कनाल बहुचर्चित जमीन घोटाले को लेकर प्रभावित लगभग बीस परिवारों का पालमपुर प्रशासन ने पक्ष जाना तथा उन्हें हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

बताते चलें कि ये प्रभावित परिवार कई वर्षों से इस जमीन में रह रहे हैं, लेकिन गलत तरीके से दस्तावेज तैयार करके इस जमीन को इनको बिना बताए किसी और को बेच दिया है। रजिस्ट्री भी करवा ली है। 110 कनाल इस जमीन की खरीद फरोख्त में कितने लोग शामिल हैं, उसकी जांच की जा रही है। हालांकि, मामला संज्ञान में आते ही एसडीएम पालमपुर ने तुरंत प्रभाव से इस जमीन पर स्टे ऑर्डर लगा दिया था।

जानकारी के अनुसार, जो गलत तरीके से कागजात बनाकर रजिस्ट्री की गई है, उसे रद्द कर दिया गया है। करोड़ों रुपए की इस जमीन को लेकर पालमपुर विधायक आशीष बुटेल ने भी प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द मामले की पड़ताल कर के प्रभावितों को न्याय दिलाएं व जो भी इस घोटाले में संलिप्त है उसका पर्दाफाश करें।

प्रदेश सरकार ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ये मामला विजिलेंस के पास जा सकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी इस अवैध तरीके से की गई जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर कड़ा संज्ञान लेते हुए घोटाले में शामिल पाए जाने लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

**सलाह** जून माह के पहले पखवाड़े में कृषि एवं पशुपालन कार्यों को लेकर किसानों को किया जाएगा जागरूक

# बिजाई और रोपाई के 25 दिन बाद करें छिड़काव

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में जून माह के पहले पखवाड़े में किए जाने वाले मौसम पूर्वानुमान संबंधित कृषि एवं पशुपालन कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। जहां धान की नर्सरी की बिजाई नहीं हुई है, वहां जून के पहले सप्ताह तक नर्सरी बिजाई की जा सकती है।

नर्सरी बीजाई से पहले बीज को बैविस्टिन 2.5 ग्राम / प्रति कि.ग्रा. से उपचार कर लें। धान में खरपतवार नियंत्रण के लिए ऑक्साडाईजोन (रोनस्टार) 3 लीटर/ हेक्टेयर या ब्यूटाक्लोर (मैचटी) 3 लीटर/ हेक्टेयर का छिड़काव 800 लीटर पानी में घोलकर बीजाई के 48 घंटों के भीतर करें। शुष्क विधि की ओर से लगाई गई नर्सरी में खरपतवारों के नियंत्रण के लिए ब्यूटाक्लोर (मचैटी) का 1.5 लीटर/ हेक्टेयर बिजाई के 2 दिन बाद छिड़काव करें। घास प्रजाति के खरपतवारों के नियंत्रण के लिए बाइस्पाईरीबैक 10 ईसी (नोमनीगोल्ड) 200 ग्राम प्रति हेक्टेयर सीधे बीजाई व रोपाई के 25 से 30 दिन पर छिड़काव करें। अंकुरित बीजों की ओर से की गई सीधी बिजाई में दो दिन के बाद ब्यूटाक्लोर +सेफनर 3 लीटर/हेक्टेयर या प्रेटिलाक्लोर +सेफनर 1.5 लीटर हेक्टेयर या 8-12 दिन के अंदर पाइराजोसल्फयूरान ईथायल 250 ग्राम का स्प्रे करें। अन्यथा बुआई के 7 दिन बाद सेफनर के बिना प्रीटिलाक्लोर का प्रयोग करने से धान में खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण होता है। रोपाई वाले धान में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण के लिए रोपाई के चार दिन बाद सेफनर के साथ प्रीटिलाक्लोर 800 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। वहीं, मक्की की अधिक पैदाबार के लिए कतार की दूरी 60 सेंटीमीटर व पौधे की दूरी 20 सेंटीमीटर अंतर रखना चाहिए। एक हेक्टेयर बिजाई के लिए 20 किलोग्राम बीज पर्याप्त है। मक्की की फसल में कटुआ कीट व सफेद सुंडी के नियंत्रण के लिए अच्छी गली सड़ी गोबर की खाद का उपयोग करें तथा जिन क्षेत्रों में इन कीटों की अधिक समस्या हो, वहां पर बीज दर थोड़ी अधिक रखें। इन कीटों के नियंत्रण के लिए 2 लीटर क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी नामक दवाई को 25 किलोग्राम रेत में मिलाकर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से बीजाई करने से पहले खेत में मिलाएं। जिन क्षेत्रों में राजमाश की बीजाई करनी हो वहां पर बीजाई से पहले राजमाश के बीज को बैविस्टीन 2.5 किलोग्राम बीज नामक दवाई से उपचारित करें। बीज का उपचार करने से राजमाश की फसल में बीज जनित बीमारियों से बचाव हो सकता है। टमाटर, बैंगन व भिंडी आदि सब्जियों में फल छेदक कीटों के नियंत्रण के लिए 750 मिली. साइपरमेथ्रिन 10 ईसी. 750 लीटर पानी में मिला कर प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें।

### पशुओं को गर्मी से बचाएं

**जून** के माह में अधिक गर्मी के कारण पशुओं के बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पशुओं में बुखार, शरीर में लवण की कमी, भूख न लगना और उत्पादकता में कमी आदि के लक्षण आ सकते हैं। पशुओं को गर्मी और दोपहर की तेज, गर्म और शुष्क हवाओं, लू आदि से बचाना चाहिए। पशुओं को ठंडा ताजा व स्वच्छ पानी भरपूर मात्रा में पिलाएं। शारीरिक लवणों की कमी से बचाने के लिए उचित मात्रा में नमक का मिश्रण चारे और पानी में मिलाकर पशुओं को दिया जाए।

# गरली में लापता बुजुर्ग का तीसरे दिन भी नहीं सुराग

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**



**गरली।** पुलिस थाना रक्कड़ के तहत गरली गांव से 59 वर्षीय अनूप कुमार पुत्र प्रभु राम पिछले तीन दिन से लापता है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

परिजनों के अनुसार अनूप मानसिक रूप से अस्वस्थ है और टांडा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। लापता व्यक्ति के पुत्र अमन कुमार ने बताया कि पिता बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से वे लौटे नहीं और अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकियों को सूचित कर दिया है। पुलिस को इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। मामले की जांच की जिम्मेदारी मुख्य आरक्षी रमन चौहान को सौंपी गई है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी को अनूप की कोई जानकारी मिले, तो तुरंत थाना रक्कड़ को सूचित करें।

# बीरबल वर्मा की पदोन्नति पर सम्मान समारोह

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बीरबल वर्मा स्वास्थ्य शिक्षक महाकाल के जनसूचना एवं शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉक्टर दिलावर दियोल तथा स्टाफ मौजूद रहा। ब्लॉक महाकाल के सभी कर्मचारियों ने बीरबल वर्मा को सम्मानित किया और हार्दिक शुभकामनाएं दी।



बीरबल वर्मा को सम्मानित करते महाकाल ब्लॉक के कर्मचारी।

# गैलेक्सी स्कूल में भाषण, नाटक से बताए नशे के दुष्प्रभाव



गैलेक्सी स्कूल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां के बच्चों की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने भाषण, नाटक और संदेश गीत पेश कर तंबाकू के दुष्प्रभाव बताए।

प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, ताकि तंबाकू और इसके उत्पादों के सेवन से जुड़े जोखिम और परिवार, समाज और पर्यावरण पर इसके बुरे प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। तंबाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र, मुंह, ग्रासनली, गला, यकृत, पेट, गर्भाशय, ग्रीवा के साथ-साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि तंबाकू सेवन के कारण हर साल एक करोड़ से अधिक लोग मारे जाते हैं। तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉ. गुलशन कुमार, निदेशिका किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य व अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

# बच्चों ने उठाई तंबाकू के खिलाफ आवाज

## परागपुर में रैली निकाल कर लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशे के खिलाफ एक सशक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्रों ने रैली निकालकर संदेश दिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

छात्रों ने तख्तियों, पोस्टरों और नारों के माध्यम से तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों को उजागर किया। इसके अलावा भाषण, क्विज प्रतियोगिता और पोस्टर प्रदर्शन के जरिए भी नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामा प्रधानाचार्य सीमा कौशल ने कहा कि नशे से दूर रहकर ही हम एक स्वस्थ, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।

## खैरा स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा में विश्व तंबाकू निषेध दिव मुख्याध्यापक बलविंद्र सिंह कटोच की अध्यक्षता में मनाया गया। उन्होंने प्रार्थना सभा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों को कभी भी अपने जीवन में नशा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि घर, परिवार, समाज व देश के लिए भी हानिकारक है। आठवीं कक्षा के छात्र लक्ष्य ने भी नशे के ऊपर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, भाषण, चित्रकला, निबंध लेखन और नारा लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इसमें स्कूल के टीचर ममता रानी, दिलबाग चंद, उमेश मिश्रा, हिमानी शुक्ला, अजय कुमार, रघुनंदन शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नीरज शर्मा उपस्थित रहे।

## नशे के दुष्प्रभाव

**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जिया में तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने भाषण, चित्रकला और नारा लेखन की ओर से तंबाकू और नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। बच्चों तथा अध्यापकों की ओर से रैली निकाली गई। वहीं, एनएसएस शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन ने बच्चों को नशे से दूर रहने की अपील की।

## बीड़ स्कूल के बच्चों ने लोगों को बताए तंबाकू के नुकसान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड़ के दसवीं कक्षा के 20 एनसीसी कैडेट छात्र-छात्राओं व पुलिस थाना बीड़ के साथ विश्व तंबाकू दिवस मनाया। रैली निकालकर तंबाकू तथा अन्य नशों के दुष्प्रभावों व यातायात नियमों के बारे में लोगों को बताया गया। इस दौरान के एनसीसी अधिकारी व प्रवक्ता प्रताप सिंह ठाकुर व पुलिस थाना बीड़ के थाना प्रभारी हरि सिंह, एमसीएच व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



रैली निकालकर तंबाकू के दुष्प्रभाव बताते बीड़ स्कूल के स्टूडेंट्स।

# मां श्री बज्रेश्वरी देवी युवा मंडल व दुकानदारों ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**मां** श्री बज्रेश्वरी देवी युवा मंडल व स्थानीय दुकानदारों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई। इसका शुभारंभ पार्षद अशोक शर्मा ने किया। राहगीरों को भीषण गर्मी से निजात मिली। वहीं, फल भी बांटे गए। युवा दोपहर तक पूरे जोश के साथ इस पुनीत कार्य में लगे रहे। इस दौरान राजेश वालिया, सचिन, विधि चंद, कटोच, हरीश, गोल्डी, मस्त राम, अशोक, ज्ञान चंद, गोलू,सोनू, फाला सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

## वृंदावन के लिए बस शुरू होने से लोगों में खुशी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** चामुंडा से वृंदावन के लिए एचआरटीसी की बस हिमधरा शुरू करने के कदम की सराहना की। इलेक्ट्रिकल एसडीओ पद से रिटायर हुए समाजसेवी इंजीनियर चंद्रभूषण मिश्रा ने कहा कि पिछले तीन दशकों से चली आ रही मांग को सुक्खू सरकार ने पूरा किया है। इस मांग के पूरा होने से लोगों में खुशी की लहर है। इन इलाकों से वृंदावन के लिए कोई बस सुविधा नहीं थी, जिस वजह से चौरासी कोस व्रजभूमि की परिक्रमा, गिरीराज दर्शन, बरसाना, मथुरा और श्रीधाम वृंदावन यात्रा पर जाने के लिए बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने खुशी जताई कि सुक्खू सरकार ने इस रूट से एसी डीलक्स कोच बस सेवा शुरू करके यात्रा को सुलभ बना दिया है।

# गंगथ में सड़क हादसे में युवक की मौत

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** गंगथ में बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे गंगथ-जसूर सड़क मार्ग पर गंगथ बस स्टैंड के पास हुआ। जसूर की तरफ से आ रहे बाइक सवारों ने गंगथ से अपने घर गांव उरणा जा रहे गणेश सिंह (40) पुत्र मदनलाल को विपरीत दिशा में जाकर टक्कर मार दी, जिससे गणेश सिंह घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने उसे नजदीकी अस्पताल गंगथ ले गए, जहां से नूरपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। गणेश सिंह के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिसका शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। गंगथ पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। गंगथ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई ने बताया कि जिन बाइक सवारों ने गणेश सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। एक युवक रोहित जो कि इंदौरा तहसील के थबकौर निवासी है, उसको भी कुछ चोटें आई हैं और वह पठानकोट अस्पताल में भर्ती है। दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बनखंडी में टैम्पो और कार की टक्कर

**अनंत ज्ञान, देहरा**



**मुबारिकपुर**-रानीताल नेशनल हाईवे 503 पर शनिवार को देहरा के नजदीक बनखंडी में टैम्पो और कार के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में टैम्पो से टकराकर कार नीचे नाली में उतर गई, जिसमें कार चालक बाल-बाल बच गया। हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

टेंपो मुबारिकपुर की ओर जा रहा था, जिसमें दवाइयां भरी हुई थीं। जब टैम्पो बनखंडी के हरिपुर दोसड़का के नजदीक पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही कार अनियंत्रित होकर टैम्पो से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार घुमती हुई सड़क से नाली में जा गिरी। जिस स्पॉट पर यह हादसा हुआ है, वहां पर सड़क का कार्य चला हुआ है। इसके चलते सड़क उखाड़ी हुई थी, इसके चलते सड़क पर बजरी बिखरी पड़ी थी। कार चालक ने बताया कि इस बजरी पर उसकी गाड़ी अचानक से घूमकर अनियंत्रित हो गई और उसने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते गाड़ी सामने से आ रहे टैम्पो से टकरा गई। कार में केवल चालक ही था, जबकि टैम्पो में चालक और परिचालक मौजूद थे। दुर्घटना के बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो जाने के चलते मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है।

## दरंग में एचआरटीसी बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत दरंग के पास एचआरटीसी बस की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। इस हादसे में बलवान निवासी भट्टू समूला व रोशन लाल निवासी धोरन तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा घायल हुआ है पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** वन अधिकार अधिनियम, 2006 के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बचत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नूरपुर उपमंडल की 229 वन अधिकार समितियों के चेयरपर्सन और सचिवों सहित ग्रामीण विकास व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम अरुण शर्मा ने की। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और ग्राम स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम विशेष रूप से अनुसूचित जनजातीय समुदायों को उनके वन अधिकार प्रदान करने के लिए बनाया गया है। प्रशिक्षण सत्र में एसडीएम ने वन अधिकार समितियों की भूमिका, दायित्व, दस्तावेजीकरण प्रक्रिया, दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और सुनवाई की विधि पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# प्रमुख अभियंता नरेंद्र ने किया निर्माणाधीन हेलिपोर्ट का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए एक साल में कार्य पूरा करने के निर्देश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता इंजीनियर नरेंद्र पाल सिंह ने शनिवार को पालमपुर में निर्माणाधीन हेलिपोर्ट स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ आगामी एक वर्ष की अवधि में पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के उपरांत प्रमुख अभियंता ने लोक निर्माण विभाग वृत्त पालमपुर के अधीक्षण अभियंताओं, अधिशाषी अभियंताओं तथा सहायक अभियंताओं के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अभियंता कांगड़ा जोन विकास सूद मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तायुक्त ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं नियमित निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में जिला कांगड़ा के अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे।


हेलिपोर्ट स्थल का निरीक्षण करते पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता इंजीनियर नरेंद्र पाल।

# तंबाकू के सेवन से हर साल होती 7 मिलियन से ज्यादा मौतें: डॉ. विकेश


मेडिकल कॉलेज टांडा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**टांडा (कांगड़ा)।** मेडिकल कॉलेज टांडा में शनिवार को मनोचिकित्सा विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य भवन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम तंबाकू और निकोटीन उद्योगों की ओर से अपने हानिकारक उत्पादों को आकर्षक बनाने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों को उजागर करने पर केंद्रित रही। साइकियाट्री के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकेश गुप्ता ने मानव शरीर पर धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापन किया। विभाग ने पोस्टर मेकिंग और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। उन्होंने बताया कि तंबाकू महामारी दुनिया के सामने अब तक के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है, जिससे हर साल 8 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत होती है। इनमें से 7 मिलियन से ज्यादा मौतें सीधे तंबाकू के सेवन के कारण होती हैं, जबकि लगभग 1.3 मिलियन मौतें धूम्रपान न करने वालों के सेकेंड हेंड धुएं के संपर्क में आने के कारण होती हैं। डॉ. डीएस डढवाल प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसिन ने धूम्रपान करने वालों के फेफड़ों पर धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

## चांदमारी का युवक 5 दिन से लापता, एएसपी व डीसी से मिले परिजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-मैक्लोडगंज के बीच पड़ते गांव चांदमारी में स्कूटी से तेल निकालने के आरोप में युवकों से मारपीट मामले ने तुल पकड़ लिया है। घटना 27 मई की है तथा पिछले पांच दिनों से युवक का कोई अता-पता नहीं है।

युवक के लापता होने को लेकर उसके परिजन धर्मशाला डीसी और एसपी कार्यालय पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। सुधेड़ पंचायत के पूर्व प्रधान अजीत ने बताया कि चांदमारी में युवकों से स्थानीय लोगों ने स्कूटी से छेड़छाड़ करने और उनसे तेल निकालने के आरोप में मारपीट की थी। इसके बाद से शिवांश लापता है। उन्होंने मारपीट करने वालों से भी पूछताछ करने और लापता शिवांश का जल्द पता लगाने की मांग की। डीसी कांगड़ा ने कहा कि मामले को लेकर एसपी कांगड़ा को निर्देश दिए गए हैं। मामले में पूरी जांच कर लापता लड़के की तलाश जल्द करने निर्देश दिए हैं।

# एबीवीपी ने शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन


धर्मशाला में शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष केमराज बैरवा को धर्मशाला में एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन छात्र हित के मुद्दों को लेकर सौंपा गया, जिसमें परिषद ने छात्रों के भविष्य से जुड़े पांच प्रमुख बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि यदि बोर्ड की ओर`स ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन प्रदेशभर में आंदोलन को तेज करेगा। इस मौके पर प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा कि छात्रा की ओर से आत्महत्या प्रयास की न्यायिक जांच हो। 17 मई को गलत परिणाम के कारण छात्रा की ओर से आत्महत्या के प्रयास की जांच की जाए।

जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। परिणाम प्रबंधन की लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित किया जाए। बढ़ी हुई फीस को वापस लिया जाए। निष्पक्ष पुनर्समीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो। प्रभावित छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। अभिनव चौधरी ने स्पष्ट किया कि परिषद छात्रों की आवाज को हर स्तर पर उठाएगी और यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यह केवल एबीवीपी की लड़ाई नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के हर छात्र की आवाज है। यदि बोर्ड ने छात्रों की चिंता को गंभीरता से नहीं लिया, तो विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरेगी।

# ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने शनिवार को विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली ने नगरोटा बगवां विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनाया।

उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक सफर में दिन-रात विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कल्याण सर्वोपरी रखा। उन्होंने एक ऐसे विधानसभा क्षेत्र को अलग मुकाम दिया, जिसे चंगर क्षेत्र कहा जाता था। जहां एक तरफ गांव के लोगों तक सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का कार्य तो वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र को टांडा मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, 2 आईटीआई, बस डिपो, बड़ोह का चौमुखी विकास जैसी सौगातें दीं। नगरोटा बगवा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में अखिल भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। वहीं, टूर्नामेंट के अध्यक्ष एसडीएम मुनीष शर्मा, इमरान लारी, डॉ गंगाधर और अभिनव जम्वाल ने मुख्य अतिथि आरएस बाली को जानकारी दी। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से आई हुई 28 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें 20 टीमें पुरुष वर्ग और 8 टीमें महिला वर्ग की हैं। टूर्नामेंट में कुल 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय टूर्नामेंट का समापन 2 जून को होगा।

आरएस बाली ने विभिन्न राज्यों से आए हुए टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट संगठन, हिमाचल प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संगठन और जिला कांगड़ा टेनिस बॉल क्रिकेट संगठन को टूर्नामेंट के लिए बधाई दी। उन्होंने महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल के आए हुए खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं।

**कार्यक्रम** विश्व बेंच प्रेस चैंपियनशिप में गोल्ड दिलाने वाली टीम के मैनेजर पठानिया का स्वागत

# विकास में नहीं आएगी कोई कमी: केवल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**


रैत में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया व अन्य नेता।

**विश्व** बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025, ड्रामेन (नॉर्वे) में भारत को गौरव दिलाने वाले मैनेजर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्य प्रदेश का पर्यवेक्षक लगाए जाने पर पावर लिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया का कांग्रेस कार्यालय रैत में जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर, चंगर कांग्रेस कमेटी, धार कंडी कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एसटी/एससी/ओबीसी/अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पेंशनर सेल, खेल युवा ब्लॉक कांग्रेस संगठन, नगर पंचायत शाहपुर के प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए वीर जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट के मौन से की गई। पठानिया ने शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार के पिता सूबेदार गरज सिंह को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा 'जय हिंद सभा' जैसे कार्यक्रम के माध्यम से वीर सैनिकों को सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहीद सूबेदार मेजर पवन के परिजनों को 30 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। पठानिया ने कहा कि देश की सेना ने हर युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया है, किन्तु दुर्भाग्यवश वर्तमान में कुछ नेता इसका श्रेय स्वयं लेने की होड़ में लगे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के हित में कार्य करती रही है। उन्होंने शाहपुर की जनता को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और वे सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओंकार राणा, ठाकुर बरयाम सिंह, ठाकुर गोवर्धन सिंह, मास्टर बंसी लाल, मेजर कुलदीप बलोरिया, सुरजीत राणा, नीना ठाकुर, सरिता सैनी, सुमन मेहरा, रितिका शर्मा, विजय जम्वाल, रीना पठानिया, कैप्टन बाली राम, विजय गुलेरिया, दिव्यांश कटोच, सौरभ लंगेह, तिलक राज, रेखा देवी, सपना देवी, तथा विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों का करें सम्मान व नशे से रहें दूर : रीता

## धानग स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में मेधावी किए सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला की ओर से शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धानग (बैजनाथ) में 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को संस्कारित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वक्ता रीता शर्मा ने छात्रों को समय की पाबंदी, अनुशासन, चरित्र निर्माण जैसे गुणों को अपनाने, बुजुर्गों, गुरुजनों एवं माता-पिता का सम्मान करने की सलाह दी। विपिन भारद्वाज और डीआर ठाकुर ने विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वयं, परिवार एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया शाखा सचिव अनुज आचार्य ने बुरी संगत एवं नशे से दूर रहने की सीख दी।

वहीं, मेधावी छात्र-छात्राओं को कॉपी-पैंसिल तथा वार्षिक परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यालय के 10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। वहीं, आगे भी सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रीतम भारती, महासचिव अनुज आचार्य, वित्त सचिव हरीश अरोड़ा, विपिन भारद्वाज, डॉ. देवेंद्र सूद, उदय सिंह राणा, शक्ति चंद राणा, सुनील कपूर, अरुण शर्मा, रीता शर्मा, प्रवीण शर्मा, अशोक आनंद, मुल्खराज शर्मा, विजय चौधरी, डीआर ठाकुर और स्कूल के प्रिंसिपल प्रकाश बरजात्या, नीलम गोस्वामी और समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धानग (बैजनाथ) में 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे।

## न्यूज ब्रीफ

### नारा लेखन में प्रियांशु ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** क्योंथल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल जुन्गा में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं कक्षा के छात्र प्रियांशु ने प्रथम, प्रगति ने द्वितीय व मानसी मेहरा तृतीय स्थान रही। विद्यालय प्रधानाचार्य एमके शर्मा ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस वैश्विक स्तर पर तंबाकू उपयोग के दुष्परिणाम के प्रति जन चेतना अभियान के रूप में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन से मुंह, फेफड़े, आंत का कैंसर, दिल का दौरा, सांस की बीमारी, बांझपन, नपुंसकता, मृत शिशु का जन्म, गैंग्रीन व अंधापन जैसी बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं।

### स्वयंसेवकों ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश नारटा एवं डॉ. सुरेन्द्र सिंह कुल्ला के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चिड़गांव की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों के साथ संयुक्त रूप से तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई। यह रैली विद्यालय परिसर से चिड़गांव बस अड्डे तक निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा नारे लगाकर व पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। सीमा कालेज की प्राचार्य डॉ. ललिता द्वारा स्वयंसेवियों की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

### तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** आर्यन पब्लिक स्कूल सुन्नी ने वॉकथॉन और जागरूकता गतिविधियों के साथ शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उनके साथ पार्षद आशा कंवर,कपिल गुप्ता और ओम प्रभा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया। वॉक का उद्देश्य तंबाकू मुक्त जीवन का संदेश फैलाना और समुदाय के बीच स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुन्नी चौक पर छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता का ध्यान धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों को आकर्षित करना रहा। इसके उपरांत स्कूल परिसर में कई आकर्षक और विचारोत्तेजक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर बनाना, भूमिका निभाना, लघु नाटक व कविता पाठ का आयोजन किया गया।

### छात्रों को नशीली दवाओं से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** तंबाकू निषेध दिवस पर सचिव (वरिष्ठ सिविल जज-सह-एसीजेएम), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर जितेंद्र कुमार द्वारा शनिवार को राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर बुशहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशीली दवाओं और अन्य नशीले पदार्थों के उपयोग के बुरे प्रभावों से अवगत कराना था। इसके अलावा एक कानूनी सेवा संस्थान होने के नाते, छात्रों को मौलिक कर्तव्यों, मुफ्त कानूनी सहायता, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया। डॉ हिमानी ठाकुर, कौशल्या शर्मा, एमजीएमएसएस खनेरी, रामपुर बुशहर, कांता गौतम काउंसलर, चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट सराहन और श्री लाल चंद एएसआई, पुलिस स्टेशन रामपुर बुशहर, संसाधन व्यक्ति के रूप में उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षक सहित 640 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### राज्यपाल आज करेंगे सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 1 जून को शिमला ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 1 से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्कूली छात्रों और स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध पार्श्व गायिका निधि रस्तोगी भी अपनी प्रस्तुति देंगी, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगी। उत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला से हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के सांस्कृतिक दल भी शामिल होंगे। इस वर्ष के ग्रीष्मोत्सव की मुख्य थीम 'ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान हैं। इसी कड़ी में 1 जून को पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने दोपहर 4 बजे एक भव्य महानाटी का आयोजन किया जाएगा।

# राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक ने कमाया रिकॉर्डतोड़ लाभ

## समाप्त किया संचित घाटा, आम सभा में दी उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में रिकॉर्डतोड़ लाभ कमाते हुए अपना पूरा संचित घाटा समाप्त कर दिया है। यह जानकारी शनिवार को शिमला में संपन्न हुई बैंक की आम सभा में दी गई, जिसकी अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने की।

इस आयोजन आम सभा में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बैंक के सहभागी सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान गत वर्ष बैंक की विभिन्न उपलब्धियों से शेयरधारकों को अवगत कराया गया। बैठक में 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान के लाभ-हानि के लेखा-जोखा को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई, इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 के आय-व्यय को स्वीकृति देने के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित आय-व्यय पर भी विचार-विमर्श किया गया और उन्हें स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया।

बैंक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए बताया कि बैंक ने अपनी दूरदर्शिता और अथक प्रयासों से संपूर्ण संचित घाटा समाप्त कर दिया है और अब वह लाभ की स्थिति में है।

संजय सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कृषि ऋण पर बजट में रियायत देने की बात कही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में बैंक और अधिक तरक्की करेगा और प्रदेश के अग्रणी बैंकों की कतार में शामिल होगा। चौहान ने यह भी कहा कि बैंक अपनी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब और वंचित किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।



हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक की बैठक में भाग लेते अध्यक्ष समेत अधिकारी और शेयरधारक।

### कर्मचारियों के हितों में लिए कई अहम फैसले

**आम** सभा में कर्मचारियों के हित में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिससे बैंक के भीतर एक सकारात्मक माहौल बनने की उम्मीद है। यह सफलता हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

# सीएचसी कोटी में चिकित्सक के पद छह महीने से रिक्त, मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**बीते** छह माह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोटी में चिकित्सक के पद खाली पड़े हैं, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोगियों को सामान्य उपचार के लिए भी जुन्गा या शिमला का रुख करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल में फिलहाल एकमात्र दंत चिकित्सक तैनात हैं, परंतु दांतों के इलाज या निकालने के लिए आवश्यक उपकरण तक उपलब्ध नहीं हैं।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने इस स्थिति पर चिंता जाहिर की है। ग्राम पंचायत कोटी के प्रधान एवं अध्यक्ष प्रधान परिषद रमेश शर्मा ने बताया कि सरकार ने इस अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड जरूर किया है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं बदला।

प्रधान रमेश शर्मा ने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 50 से 60 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, लेकिन चिकित्सक न होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ता है। क्षेत्र में यदि कोई आकस्मिक दुर्घटना हो जाती है, तो अस्पताल में प्राथमिक उपचार तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

कोटी समेत जुंगा क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में अभी तक राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा 108 की सुविधा नहीं दी गई है, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### इन्होंने उठाई खाली पदों को भरने की मांग

**प्रधान** रमेश शर्मा, उप प्रधान राजाराम, पवन शर्मा, नवीन ठाकुर, अरविंद शर्मा और सुरेंद्र वर्मा सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि सीएचसी कोटी में शीघ्र चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए और घोषित सुविधाएं जल्द लागू की जाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी मशोबरा, डॉ. संजय रनोत ने बताया कि पीएचसी जटोली के एक चिकित्सक को अतिरिक्त कार्यभार के रूप में सीएचसी कोटी में ड्यूटी पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के लिए मामला उच्चाधिकारियों के समक्ष रखा गया है।

# आर्यन स्कूल के चार छात्र राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दमखम

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** आर्यन पब्लिक स्कूल (कांसाकोटी) रोहड़ू के छात्र चौथी कैडेट व जूनियर ताइक्वांडो नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन करने को तैयार हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नव्या, विदिशा, वंश व शौर्य प्रताप आर्यन पब्लिक स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन 1 जून तक उत्तराखंड राज्य के देहरादून में किया जा रहा है। इन उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए यह राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और समर्पण को दिखाने का सुनहरा अवसर है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति रौंगटा, प्रबंधक श्रुति ठाकुर, सभी शिक्षक व अभिभावकों ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रेरणा और समर्थन दिया है। आर्यन पब्लिक स्कूल कांसाकोटी निरंतर खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है और इन बच्चों की भागीदारी स्कूल की उपलब्धियों से एक और सुनहरा अध्याय जुड़ेगा।



### चौथी कैडेट व जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आज करेंगे प्रदर्शन

# डेढ़ साल में पक्का नहीं हो सका डेढ़ किमी मार्ग

## विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, अधिशाषी अभियंता से मिला लोगों का प्रतिनिधिमंडल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर की दूरदराज दुर्गम पंचायत सरपारा के समेज-सरपारा सड़क के चाचा नाला में डेढ़ किमी सड़क डेढ़ साल में भी पक्की नहीं हो पाई है। विभाग की इस लेट लतीफे पर ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी समस्या को लेकर सरपारा पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रामपुर शक्ति कुमार नेगी से मिला। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पंचायत प्रधान मोहनलाल कपाटिया ने बताया कि कि करीब डेढ़ साल पूर्व समेज-सरपारा मार्ग के चाचा नाला स्थान पर डेढ़ किमी मार्ग को पक्का करने का काम ठेकेदार को अवार्ड किया गया था। लेकिन डेढ़ साल के बाद भी काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

ठेकेदार और विभाग की इस लेट लतीफी से ग्रामीण खफा है। हालांकि अधिशासी अभियंता शक्ति कुमार नेगी ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द काम शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बावजूद भी प्रतिनिधि मंडल की अगवाई कर रहे पंचायत प्रधान मोहनलाल ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क को पक्का करने का काम शुरू नहीं हो पाया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे।

### अधिशाषी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को सड़क को ठीक करने का दिया आश्वासन



### मौके पर पंचायत प्रधान सहित ये रहे मौजूद

**इस** मौके पर पंचायत प्रधान के अलावा चुन्नीलाल परशेट, जगत राम कपाटिया, रोशन लाल, कृष्ण, कुंता देवी, कपिल, शकुंतला, यशोदा आदि मौजूद रहे।

### सेब सीजन से पहले सड़कें ठीक करने की मांग

**बताते** चलें कि जल्द ही सेब सीजन शुरू होने वाला है। इसलिए सड़क को दुरुस्त करने की जरूरत और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि पिछले साल भी बागवानों को चाचा नाला मे मार्ग ठीक ना होने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा था, इसलिए लोगों की मांग है कि सेब सीजन शुरू होने से पहले यह काम पूरा होना चाहिए।

# बिलासपुर में हाई अलर्ट, कोरोना से निपटने की तैयारियां तेज

## सतर्कता: स्वास्थ्य विभाग ने मांगीं 500 अतिरिक्त टेस्ट किट

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर। पंजाब** में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन की दस्तक के बाद हिमाचल प्रदेश का बिलासपुर जिला हाई अलर्ट पर है। पंजाब से सटा होने के कारण बिलासपुर के लिए खतरा ज्यादा माना जा रहा है, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता और तैयारियों में तेजी ला दी है। जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि बुखार, सर्दी-जुकाम या सांस की दिक्कत के साथ आने वाले हर मरीज का आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य किया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा के अनुसार, जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को संभावित संक्रमण को रोकने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने एहतियातन 500 कोरोना टेस्ट किट की मांग भी स्वास्थ्य निदेशालय को भेज दी है। वर्तमान में जिला में लगभग 200 टेस्ट किट उपलब्ध हैं, जिन्हें जल्द पीएचसी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रतिदिन करीब 100 से ज्यादा लोग पंजाब से बिलासपुर में प्रवेश करते हैं, जिनमें अधिकतम आवाजाही श्री नयना देवी उपमंडल में देखी जाती है। हालांकि अभी तक जिले में ओमिक्रॉन का कोई पॉजिटिव केस सामने नहीं आया है, लेकिन सतर्कता और रोकथाम को लेकर विभाग सक्रिय हो गया है।

### ऑक्सीजन प्लांट फिर से चालू

**बिलासपुर** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती देने के लिए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर और घुमारवीं में स्थापित ऑक्सीजन प्लांटों को पुन: सक्रिय कर दिया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी आपात स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित न हो।



**एहतियात** के तौर पर हमने निदेशालय से 500 कोरोना टेस्ट किट की मांग की है। सभी पीएचसी स्तर पर सैंपलिंग और जांच की व्यवस्था की जा चुकी है। राहत की बात यह है कि ओमिक्रॉन वेरिएंट का असर कम है, लेकिन हमारी तैयारियों में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

**-डॉ. शशि दत्त शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर।**

# मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जिले में 157 पात्र लाभार्थियों को अब तक बांटे 17.21 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत बेसहारा, अनाथ और जरूरतमंद बच्चों एवं युवाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे और योजना की जानकारी पंचायत स्तर तक अवश्य पहुंचाई जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को योजना के लाभार्थियों की सफलता की कहानियां तैयार करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिले में अब तक मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 157 पात्र लाभार्थियों को 17 लाख 21 हजार 66 रुपए की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। जनवरी, 2025 से 31 मार्च की अवधि के दौरान 0 से 18 वर्ष तक की आयु के 10 लाभार्थियों को 1 लाख 20 हजार रुपए, 18 से 27 वर्ष तक के 124 लाभार्थियों को 14 लाख 78 हजार 66 रुपए तथा बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे 0 से 18 वर्ष तक की आयु के 23 बच्चों को 1 लाख 23 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसके अलावा 27 वर्ष तक के 15 पात्र युवाओं को दो लाख रुपए प्रति लाभार्थी की दर से कुल 30 लाख रुपए की विवाह अनुदान राशि दी गई। योजना के अंतर्गत भवन निर्माण के लिए 20, स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए 6, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 23, व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 5 तथा कौशल विकास के लिए एक पात्र व्यक्ति को सहायता प्रदान की गई है। बैठक में सीनियर सिविल जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर प्रतीक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को बताई खरीफ फसलों से संबंधित तकनीकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओ से खरीफ पूर्व अभियान के तहत 'विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान' का आयोजन 29 मई से 12 जून तक देशभर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर, टिकाऊ और नवोन्मुखी कृषि पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी और समर्पित प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को क्षेत्रीय खरीफ फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग, सरकारी योजनाओं, नीतियों एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, यह पहल किसानों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से फीडबैक प्राप्त कर अनुसंधान एवं नीतिगत सुधारों को दिशा देने की भी भूमिका निभा रही है। उपनिदेशक कृषि बिलासपुर डॉ. प्रेमचंद ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत जिले में 29 मई को सदर विकास खंड के तहत पंचायत नम्होल, तयामन एवं पजैल कला तथा 30 मई को ग्राम गोटा और सलनु में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी रही और उन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### 105 वर्षीय समाजसेवी संतराम शर्मा का निधन



**अनंत ज्ञान, दधोल।** उपमंडल घुमारवीं के तहत दधोल पंचायत के दधोल कला गांव के 105 वर्षीय संतराम शर्मा का निधन हो गया। संत राम शर्मा का जन्म 1920 में दधोल कला में हुआ था। आजादी के बाद इन्होंने वन विभाग में नौकरी की और 1978 में बीओ के पद से सेवानिवृत्त हुए। इनके चार बेटे हैं। संतराम शर्मा ने जीवनभर में कई सामाजिक कार्य किए हैं, लेकिन मुख्यता उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर दधोल के लिए लगभग एक बीघा जमीन दान दी है। इसके अतिरिक्त वहां एक हैंडपंप लगवाया है। बिल्डिंग के लिए भी दान दिया है।

### घुमारवीं में मनाया पर्यावरण दिवस सप्ताह

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में पर्यावरण दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत पाठशाला में छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। दसवीं कक्षा की छात्रा रिजा शेख ने राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में आठवीं कक्षा की मीनाक्षी तथा स्लोगन राइटिंग में आठवीं कक्षा की ही अल्पना बंसल प्रथम रही। इस अवसर पर यूको क्लब प्रभारी कल्पना शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा ने छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताया तथा कहा कि हमें अपने आसपास के पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना है।

### एएसआई वासुदेव को मिलेगा डीजीपी डिस्क अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के टकरेहड़ा गांव के एएसआई वासुदेव शर्मा का चयन हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग के प्रतिष्ठित डीजीपी डिस्क अवॉर्ड के लिए किया गया है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2024 के दौरान किए गए विशिष्ट, उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया जाएगा। वासुदेव शर्मा वर्ष 2006 बैच के कर्मठ व समर्पित पुलिस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में जिला लाहौल-स्पीति में एएसआई के पद पर सेवारत हैं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने शिमला, बिलासपुर, चंबा एवं मंडी जिलों में कार्य करते हुए कानून एवं व्यवस्था की प्रभावी रूप से अनुपालना करते हुए विभाग की छवि को सशक्त बनाया है। एएसआई शर्मा ने विशेष रूप से सीमांत एवं दुर्गम क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं।

# विमल नेगी मौत मामले के आरोपियों को बचा रही कांग्रेस सरकार: रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता और नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने शनिवार को बिलासपुर नगर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विमल नेगी मौत मामले में सरकार संलिप्त आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। रणधीर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से उस पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विमल की संदिग्ध मौत के मामले में सरकार की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने दावा किया कि सरकार के एक एसपी ने डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार खुद इस मामले में कहीं न कहीं संलिप्त है। सरकार इस मामले में सीबीआई जांच से बचना चाहती थी, लेकिन अब जब सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है, तो सरकार को चाहिए कि वह इसमें पूर्ण सहयोग करे।



बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा।

### मामले को दबाने का हो रहा प्रयास

**रणधीर** ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार न केवल आरोपियों को संरक्षण दे रही है, बल्कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास भी कर रही है। अधिकारियों पर नियंत्रण न होना सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। जिस तरह से सरकारी तंत्र के भीतर से ही उच्च अधिकारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं, उससे साफ है कि सरकार की अपने अधिकारियों और कर्मचारियों पर पकड़ नहीं है। भाजपा नेता ने सीबीआई जांच की निष्पक्षता पर विश्वास जताते हुए कहा कि इस मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए अब सीबीआई की निष्पक्ष जांच ही एकमात्र रास्ता है।

# प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** बिजली बोर्ड की ओर से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने तथा बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से जल्द ही प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस दिशा में पहला कदम उठाते हुए टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके तहत आगामी दो से तीन महीनों के भीतर उपभोक्ताओं के घरों, दुकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

यह स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली की खपत के अनुसार, भुगतान करने की सुविधा देगा, जिसमें बिजली के पहले रिचार्ज करवाना आवश्यक होगा। स्मार्ट मीटर की प्रणाली मोबाइल फोन की तरह काम करेगी। जैसे मोबाइल में रिचार्ज समाप्त होने पर सेवा बंद हो जाती है, वैसे ही स्मार्ट मीटर में रिचार्ज समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति स्वत: बंद हो जाएगी। इससे न केवल उपभोक्ता अपनी खपत के अनुसार ही भुगतान करेंगे, बल्कि अनावश्यक खर्चों पर भी नियंत्रण पाएंगे।

उपभोक्ताओं को अब मासिक बिलों की उलझनों से मुक्ति मिलेगी और उन्हें बिजली की खपत की वास्तविक समय पर जानकारी मोबाइल ऐप या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त होती रहेगी। यह उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शी और सुविधाजनक व्यवस्था होगी। इससे न केवल उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, बल्कि बिजली बोर्ड को भी बेहतर राजस्व वसूली में मदद मिलेगी। स्मार्ट मीटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि रिचार्ज करने के उपरांत बिजली बोर्ड पर उपभोक्ता का कोई भी बकाया शेष नहीं रहेगा, जिससे विभाग को बकाया वसूली के झंझट से राहत मिलेगी। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली चोरी जैसी गतिविधियों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा, क्योंकि यह मीटर वास्तविक खपत को रिकॉर्ड करता है और किसी प्रकार की छेड़छाड़ की संभावना न के बराबर होती है।

> **जल्द** ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद जहां उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की जानकारी मिलती रहेगी। वहीं, दूसरी तरफ बिजली चोरी जैसी गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। साथ ही बोर्ड को बकाया वसूली के झंझट से भी राहत मिलेगी।
>
> **-कर्ण चंदेल, अधिशाषी अभियंता, घुमारवीं।**

# बिलासपुर कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में सत्र 2025-26 के लिए बीए, बीकॉम, बी. एससी और बी वॉक कोर्सेज में एडमिशन की प्रक्रिया 1 जून से शुरू होगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने दी। बीए पाठ्यक्रम के अंतर्गत कुल 23 विषयों में दाखिला मिलेगा, जिनमें इंग्लिश, एजुकेशन, इकोनॉमिक्स, हिंदी, हिस्ट्री, जेएमसी, म्यूजिक (वोकल व इंस्ट्रूमेंटल), फिजिकल एजुकेशन, पॉलिटिकल साइंस, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, संस्कृत, सोशियोलॉजी, टूर एंड ट्रैवल मैनेजमेंट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कॉमर्स, बी.एससी (बॉटनी, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, मैथ्स, फिजिक्स, जूलॉजी) और बी.वॉक (रिटेल, हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म) में भी नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया महाविद्यालय परिसर में सुबह 9 बजे से शुरू होगी और इसमें अभ्यर्थियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। काउंसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को एडमिशन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

# बच्चों को बताए तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान



आर्यन स्कूल में तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**आर्यन** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य पंकज ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ।

हेल्थ एजुकेटर गोपाल कौशल ने बच्चों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि तंबाकू से कई गंभीर बीमारियां जैसे कैंसर, हृदय रोग और सांस की तकलीफ हो सकती हैं। बच्चों ने तंबाकू न सेवन करने की शपथ ली। वहीं, पोस्टर मेकिंग और डेक्लामेशन प्रतियोगिता करवाई गई। डेक्लामेशन में भारती ने पहला, जानवी ने दूसरा और आदित्य ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में सेवेनया पहले, वंशिका दूसरे और इसिता तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थियों समेत कुल 120 लोग मौजूद रहे। सभी ने तंबाकू से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### महेश को अतिरिक्त निदेशक पद पर पदोन्नति सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार ने सूचना एवं जन संपर्क विभाग में कार्यरत संयुक्त निदेशक महेश पठानिया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें व्यक्तिगत आधार पर अतिरिक्त निदेशक (वर्ग-1, राजपत्रित) पद पर पदोन्नत किया है। यह पद हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2022 के अंतर्गत वेतन स्तर-23 में स्वीकृत किया गया है। राज्यपाल की अनुमति से जारी आदेश में कहा गया है कि यह पदोन्नति तत्काल प्रभाव से अथवा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी। महेश पठानिया को जनहित में निदेशालय, सूचना एवं जन संपर्क विभाग में पदस्थ किया गया है, और उन्हें शीघ्र अपने नए पद पर कार्यभार ग्रहण कर कार्यालय को कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि महेश पठानिया के सेवानिवृत्त या पदोन्नत होने की स्थिति में अतिरिक्त निदेशक का यह पद समाप्त कर दिया जाएगा और संयुक्त निदेशक का पद पुनः प्रभाव में आ जाएगा। यह आदेश राकेश कंवर, सचिव (सूचना एवं जन संपर्क), हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया गया है।

### नौकरी लेने के लिए 4 को आएं चंबा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। बद्दी स्थित प्रतिष्ठित निजी कंपनी ऑरो टेक्सटाइल्स लिमिटेड में विभिन्न पदों पर 200 युवाओं की भर्ती की जाएगी। इस संबंध में 4 और 5 जून को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कंपनी को मशीन ऑपरेटर, अप्रेंटिस एवं हेल्पर जैसे पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की आवश्यकता है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत 4 जून को जिला रोजगार कार्यालय चंबा में व 5 जून को उप-रोजगार कार्यालय सुंडला में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 26 वर्ष के बीच रखी गई है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर संपर्क कर सकते हैं

### प्रवीण ने युवाओं का दी क्रिकेट किट व यूनिफॉर्म

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** शिव शक्ति यूथ क्लब डलहौजी के अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए करते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट किट व यूनिफॉर्म वितरित की। अध्यक्ष ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ती जा रही है इसलिए हम सभी को युवाओं को खेलों की ओर ध्यान देकर नशे से दूर करना है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कुछ महीनो से कुछ युवाओं को चिट्टे की लत और भांग के साथ नशा करते हुए पकड़ा है। जिसमें की युवाओं के माता-पिता ने भी हमारा साथ दिया है और हमारी यही कोशिश रहेगी कि युवाओं को नशा मुक्त करें।

### ई-कचरा और नशा मुक्ति की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वन विभाग की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों को प्लास्टिक व ई-कचरे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कुलविंदर वन खंड अधिकारी जोगिंदर नगर, सपना वन रक्षक हराबाग, विशाल, अजय वन रक्षक तथा तानिया और अमन वन मित्र के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस प्रकार प्लास्टिक और ई-कचरा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं और इन्हें सही तरीके से निपटाना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल निशा शर्मा तथा पूर्व प्रिंसिपल गोपाल चंद शर्मा ने भी भाग लिया। उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशा मुक्त जीवन की प्रेरणा दी।

### तंबाकू का सेवन बीमारियों का घरः बीएमओ

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड में विश्व तंबाकू मनाया गया। इस अवसर डॉक्टर लाल सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी रोहांडा सुंदरनगर मुख्यातिथि के रूप में में भाग लिया। लाल सिंह ने कहा कि तंबाकू सेवन बीमारियों का घर है। इसका सेवन स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। जिसके कारण अनेक बीमारियां जन्म लेती है। इससे पहले विद्यार्थियों ने भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण में जमा एक की छात्रा अंतरा ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर जमा दो की छात्रा अंशिका ने प्राप्त किया तृतीय स्थान अंजू जमा एक ने हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग सातवीं की छात्रा अदिति ने द्वितीय स्थान कृतिका ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान दसवीं की शालवी ने प्राप्त किया।

### तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक विशाल अवस्थी, प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर सहित समस्त शिक्षकों और स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने तंबाकू निषेध विषय पर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा पहली से रूहानी प्रथम, दूसरी से बनिया प्रथम, तीसरी से वेदिका प्रथम, चौथी से आव्या प्रथम, पांचवीं से कृष्टि प्रथम, छठी से कृतिका प्रथम, सातवीं से गुनिधि प्रथम, और आठवीं से सारिका प्रथम स्थान पर रहीं। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने तंबाकू और नशे से होने वाले दुष्परिणामों व बीमारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से तपस्या प्रथम, अवनी द्वितीय और 90 तृतीय स्थान पर रही; दसवीं से श्वेता प्रथम, श्रुति द्वितीय और अवंतिका तृतीय; 11वीं से अपेक्षा प्रथम, अनामिका द्वितीय और सुजल तृतीय; तथा 12वीं से स्नेहा प्रथम, पल्लवी द्वितीय और योगेश तृतीय स्थान पर रहे।

# वन स्वीकृति संबंधी लंबित मामलों में अब और नहीं होगी देरी : उपायुक्त

## चंबा में विकास कार्यों को गति देने के लिए विभागों को वन मंजूरी मामलों में त्वरित समन्वय के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल वन मंजूरी मामलों की 10वीं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**जिला** चंबा में विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने स्पष्ट कहा कि वन स्वीकृति संबंधी लंबित मामलों में अब और देर नहीं होगी। उन्होंने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए वन विभाग के साथ त्वरित समन्वय करें।

उपायुक्त रेपसवाल वन मंजूरी मामलों की 10वीं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा कि चंबा का बड़ा भूभाग वन क्षेत्र में आता है, ऐसे में अधिकतर विकास योजनाएं वन स्वीकृति प्रक्रिया में फंसकर अधूरी रह जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित फाइलों को ऑनलाइन अपलोड करते समय वनमंडल अधिकारियों से संवाद करना अनिवार्य किया जाए ताकि कोई भी तकनीकी त्रुटि या आपत्ति बार-बार आड़े न आए। उपायुक्त ने विशेष रूप से यह भी कहा कि सभी विभागों को चाहिए कि वे वन विभाग के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और यदि आवश्यक हो तो समय-समय पर आपसी बैठकें आयोजित करें, ताकि योजनाएं एक जगह अटक न जाएं और जनता को समयबद्ध लाभ मिल सके। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, डीएफओ चंबा कृतज्ञ कुमार, डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन, लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता नरेंद्र चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा सहित चंबा, चुवाड़ी और डलहौजी नगर परिषद, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# खतरे की घंटी बजते ही लोग रहें सतर्क

## चमेरा पावर स्टेशन-1 से 15 अक्तूबर तक कभी भी छोड़ा जा सकता है पानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**चमेरा** पावर स्टेशन-1, एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा एक अहम सूचना जारी की गई है। 1 जून से लेकर 15 अक्तूबर तक किसी भी समय सायरन बजाकर बांध से पानी छोड़ा जा सकता है, जिससे नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में नदी के किनारे रह रहे या नदी के आसपास आने-जाने वाले सभी नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया गया है।

महाप्रबन्धक (सिविल), चमेरा पावर स्टेशन-1 का कहना है कि बांध से छोड़े जाने वाले पानी के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर पावर स्टेशन या एनएचपीसी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

स्थानीय प्रशासन से भी निवेदन किया गया है कि वह लोगों और वाहनों को नदी किनारे जाने से रोकने के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी करें। सुरक्षा आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। सूचना को नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है।

**प्रशासन की अपील**

- कोई भी व्यक्ति या मवेशी नदी किनारे न जाए।
- नदी पार करने की कोशिश न करें।
- बच्चों और बुजुर्गों को विशेष निगरानी में रखें।
- इस सूचना का गांव-गांव प्रचार करें और परिवार के हर सदस्य को अवश्य बताएं।

# स्वास्थ्य ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर दिया जा रहा जोर : शांडिल



दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। डॉ. शांडिल ने यह बात इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) के अटल सभागार में 'संक्रमण के प्रति शून्य सहनशीलता' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने अपने संबोधन में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, विशेषकर 'जीरो टॉलरेंस' की थीम के तहत।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य है और उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए नर्सिंग स्कॉलर सोसाइटी को 51 हजार रुपये देने की घोषणा की।

# हमें चाहिए चौगान में पहचान; सहारा नहीं, सिर्फ एक मंच

## डीसी चंबा के दरबार में पहुंचीं ग्रामीण महिलाओं ने आत्मनिर्भरता और सम्मान की रखी मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ऋतु देवी व अनिता देवी हस्तशिल्प महिलाओं की आवाज को लेकर ज्ञापन सौंपती हुईं।

**चंबा।** शनिवार का दिन चंबा के लिए एक साधारण दिन नहीं था। सरोल और आसपास के गांवों से आईं महिलाओं ने जब डीसी चंबा के कार्यालय में आत्मनिर्भरता और सम्मान की मांग रखी, तो पूरा प्रशासनिक गलियारा उम्मीदों से भर उठा। ऋतु देवी और अनिता देवी, जो स्वयं सहायता समूहों की प्रेरणादायक सदस्य हैं, अपने साथ कई महिलाओं की भावनाएं और तकलीफें लेकर पहुंची थीं। उन्होंने प्रशासन से सीधा और सधा हुआ सवाल किया कि हम अपने खर्चे पर दूरदराज से आते हैं, किराया देते हैं, लेकिन जब स्टॉल भीड़ से दूर चौगान नंबर-2 के कोने में लगता है, तो बिकता क्या है? हमारी मेहनत सड़क किनारे गुम हो जाती है।

इन महिलाओं ने बताया कि उनके सारे उत्पाद स्थानीय, सांस्कृतिक और पूरी तरह हस्तनिर्मित हैं, जो न केवल आजीविका का साधन हैं बल्कि चंबा की पारंपरिक पहचान का प्रतीक भी हैं। अनिता देवी ने कहा कि हमें दया नहीं, ग्राहक चाहिए। भीड़ के बीच में स्टॉल लगे तो बिक्री होगी, किराया निकलेगा और घर में फिर उम्मीद की रोशनी जलेगी।

इन महिलाओं का कहना था कि यदि उन्हें चौगान नंबर -2 के मुख्य हिस्से में केनोपी लगाने की अनुमति मिले, तो न केवल वे अपने उत्पाद बेहतर तरीके से बेच पाएंगी, बल्कि यह चंबा में महिला सशक्तिकरण की असली मिसाल बन सकता है।

ऋतु देवी ने कहा कि हम ये लड़ाई सिर्फ अपने लिए नहीं लड़ रहीं, हम चाहती हैं कि आने वाली पीढ़ी की बेटियां आत्मनिर्भरता को सिर्फ किताबों में न पढ़ें, बल्कि मैदान में खड़ी होकर जीएं। महिलाओं का यह जज्बा देखकर डीसी चंबा ने उन्हें पूरी संवेदनशीलता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

महिलाओं ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कह कि हमें डीसी साहब से उम्मीद की किरण और हौसले का संबल मिला है। अब हमें विश्वास है कि हमारी मेहनत भी एक दिन चंबा के चौगान की शान बनेगी। हम उनका तहे दिल से धन्यवाद करती हैं।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए हिमाचल के भाजपा नेता

## दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित कई सत्र हुए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते भाजपा नेता।

**प्रदेश** के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नई दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' दर्शन की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग ले रहे हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुआ। हिमाचल से भाग लेने वाले प्रतिनिधियों में प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल, विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजीव सहजल, सचिव कमल शर्मा, समित शर्मा, सीमा ठाकुर, डॉ. सपना कश्यप और रविंद्र शामिल हैं।

संगोष्ठी के पहले दिन उपाध्याय के दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित कई सत्र हुए। डॉ. महेश चंद्र शर्मा और शिवप्रकाश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय: व्यक्ति और विचार पर चर्चा की।

बाद के सत्रों में डॉ. एम.एस. चैत्र और डॉ. सुकांता मजूमदार द्वारा शिक्षा और संस्कृति भारत के वैश्विक भविष्य का निर्माण और प्रफुल्ल केतकर तथा भूपेंद्र यादव द्वारा नैतिक समृद्धि के साथ सतत विकास पर चर्चाएं शामिल थीं। इस संगोष्ठी का उद्देश्य उपाध्याय के दृष्टिकोण, विशेषकर उनके एकात्म मानववाद की अवधारणा की समकालीन मुद्दों पर प्रासंगिकता और प्रभाव पर गहराई से विचार करना है।

# फीट ऑफ फायर के बच्चों ने किया सुंदरनगर का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**मिस्टर इंडिया एग्जॉटिक में पहले स्थान पर रहे कुलदीप**

**मिस्टर** एंड मिस इंडिया एग्जॉटिक सीजन-10 में फीट ऑफ फायर के बच्चों ने सुंदरनगर का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए फीट ऑफ फायर डांस अकादमी के एमडी अमित भाटिया ने बताया कि मिस्टर एंड मिस इंडिया एग्जॉटिक सीजन-10 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन अंबाला में हुआ। इसमें हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इसमें मिस्टर इंडिया एग्जॉटिक-2025 का पर सुंदरनगर के कुलदीप ठाकुर पहले स्थान पर रहे हैं। दूसरे पर तुषार गुप्ता व तीसरे स्थान पर आर्यन रहे हैं।

मोस्ट प्रॉमिसिंग मॉडल का खिताब नमन शर्मा को मिला है। इसके साथ मोस्ट इंस्पायरिंग मॉडल रिचुअल ठाकुर, बेस्ट लुक अमन और मिस्टर परफेक्ट छवि ठाकुर रहे हैं। अमित भाटिया ने बताया कि मिस इंडिया एग्जॉटिक के दूसरे स्थान पर सुंदरनगर की तान्या और मिस परफेक्ट वंशिका ठाकुर रही। संगीता को मिड पॉपुलर, किड्स मिस्टर इंडिया एग्जॉटिक में कान्हा और अद्वितीय दूसरे पर रहे हैं। मिस किड्स इंडिया एग्जॉटिक के दूसरे स्थान पर वान्या और शिवाली ठाकुर रहे। इसके साथ इमर्जिंग एलिगेंस का टैग आन्या शर्मा और मिस पापुलर का टैग अनायशा ठाकुर को मिला है। हिमाचल की प्रसिद्ध डांस म्यूजिक, मॉडलिंग एकेडमी ओर नॉर्दर्न मॉडलिंग एजेंसी के चीफ मेनेजिंग डायरेक्ट अमित भाटिया ने बच्चों को बधाई दी। अमित ने एग्जॉटिक मॉडल के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित चौधरी का आभार प्रकट किया है।

**सूडोकु नवताल- 7447** (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7446 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

रविवार, 1 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** षष्ठी (08:02): **नक्षत्र** मृगशिरा (00:30), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ध्रुव (09:11), अभीजित (11:51-12:46)। **राहुकाल** (05:30-07:14)।

**विशेष दिन**

- 1 जून 2025: बाल सुरक्षा दिवस आज।
- 1 जून 2025: अरण्य षष्ठी आज।
- 1 जून 2025: स्कंध षष्ठी आज।

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या:** आर्थिक स्थिति शुभ रहेगी। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देंगे। आज आप रोमांटिक संपर्क के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला:** यह आपकी सामाजिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल समय है। विवाह के लिए रिश्ता आ सकता है। आपका साथी कुछ मुद्दों को विकसित कर सकता है।

**वृश्चिक:** भावनात्मक फैसलों के लिए समय बहुत अच्छा नहीं है क्योंकि इस अवधि के दौरान लिए निर्णयों को पूरा करना मुश्किल होगा। इस समय अपने साहस को बटोरें।

**धनु:** आज आपको अपने रिश्तों और संबंधों पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकारी नौकरी की चाह रखने वालों के लिए समय अच्छा है।

**मकर:** यह आपके लिए बाधाओं व मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है। आज कार्य स्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें। पुराने मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे।

**कुंभ:** प्रियजनों के साथ समय बिताना आनंददायक रहेगा। भाई-बहनों की सामाजिक स्थिति में अप्रत्याशित और अचानक वृद्धि होगी। प्रेमी युगलों के लिए आज का दिन शुभ नहीं है।

**मीन:** पारिवारिक जीवन में खुशी और सद्भाव कायम रहेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए अच्छा समय है। कानूनी उलझनों, वाहनों और तेज वस्तुओं से सावधान रहें।

# बच्चों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर की जानकारी



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बतोट स्कूल के बच्चों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ।

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बतोट पंचायत के बच्चों व अध्यापकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ब अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के सुपरवाइजर विक्की व केस वर्कर चमन सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से नशे की लत में पड़े, जन्म पंजीकरण से वंचित, अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित, घरेलू हिंसा से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित प्रतिभागियों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बताया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिग बच्चों को मानसिक परेशान, ब्लैकमेल या बहलाया-फुसलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए। इसके साथ बाल तस्करी, नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के इस्तेमाल के संबंध में भी चर्चा की गई व सोशल मीडिया के लाभ एवं हानियां बताई गई। सोशल मीडिया पर चल रही ब्लैकमेलिंग के संबंध में भी गंभीरता से चर्चा की गई।

बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श का अंतर समझाया गया और अनजान लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म से दूर रहने की सलाह भी दी गई। इसके साथ ही बच्चों से अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, नैतिक शिक्षा व खान-पान एवं स्वास्थ्य से जुडी बहुमूल्य जानकारियां भी साझा की गई। बच्चों को बाल-विवाह की बुराई के संबंध में भी विशेष रूप से जागरूक किया गया।

# सरकार की पेंशन से वंचित बुजुर्ग हीरालाल

## पंचायत व कार्यालयों के 2 साल से चक्कर काट रहा आवेदनकर्ता

**लक्की शर्मा, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** उपमंडल करसोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत ममेल के एक बुजुर्ग को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, वहीं बुजुर्ग हीरालाल पुत्र नारू गांव ममेल तहसील करसोग जिला मंडी उम्र 63 पिछले 2 सालों से सरकारी पेंशन के लिए भटक रहे हैं। इसलिए इनका पंचायत कार्यकारिणी व सरकार की पेंशन योजना से अब भरोसा उठ गया है। इन्होंने बताया कि 2023 में पंचायत कार्यालय ममेल में अपने पेंशन के कागज जमा करवाए थे, इन्होंने 2024 में भी पेंशन के कागज पंचायत कार्यालय ममेल में दोबारा जमा करवाए थे, फिर भी इनके हाथ निराशा लगी।

इन्होंने बताया कि मैं अपनी पेंशन के कार्य के लिए पंचायत कार्यालय ममेल गए था और वहां पूछा तो उन्हें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आप यहां कार्यालय में कभी भी नहीं आए हैं और कोई भी कागज यहां जमा नहीं हुए हैं, जबकि इनका मानना है कि मैंने पंचायत कार्यकारिणी को कागज दिए थे। इन्होंने पंचायत कार्यकारिणी के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि ये इस योजना के लिए मुझे पिछले तीन सालों से वंचित कर रहे हैं और मुझे इस योजना का लाभ प्रदान नहीं करवा रहे हैं।

**खाने के पड़े लाले, आय का नहीं दूसरा स्रोत**



**हीरालाल** का कहना है कि पांच किमी दूर बैंक का चक्कर लगा-लगा कर थक चुका हूं। खाने को लाले पड़े हुए हैं। नमक भात खाकर गुजारा कर रहा हूं। आय का दूसरा स्रोत नहीं है। पेट भरना मुश्किल पड़ रहा है। सरकार जरूरतमंदों को पेंशन न देकर समर्थ लोगों को इस योजना के तहत पैसे बांट रही है और मैं बीमार रहता हूं। सरकार से अनुरोध है कि इस विषय में जांच की जाए और मुझे सरकारी पेंशन योजना का लाभ मिल सके।

**आवेदनकर्ता** का आवेदन छह सात महीने मिला है और कागजी औपचारिकता पूरी है, लेकिन कुछ निजी कागज आवेदन कर्ता ने उपलब्ध नहीं करवाई है, जैसे ही निजी कागज आवेदनकर्ता यहां कार्यालय में जमा करवाता है, तो सरकारी पेंशन योजना का लाभ मिल जाएगा।

**-संत राम, पंचायत सेक्रेटरी, ममेल पंचायत।**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी परियोजना अर्थात ''रेत, पत्थर और बजरी का संग्रह/निष्कासन श्री अमर सिंह ठाकुर, प्रोप. मेसर्स घांगल स्टोन क्रशर, खसरा संख्या 1526 से मौजा और मोहाल-जडोल, तहसील-सुंदर नगर, जिला-मंडी, हिमाचल प्रदेश में 11-06-18 बीघा या 0.91 हेक्टेयर क्षेत्र में'' पर्यावरणीय मंजूरी राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण द्वारा उनके पत्र संख्या HPSEIAA/2025/1274 दिनांक 26.05.2025 के माध्यम से दी गई है। पर्यावरणीय मंजूरी की प्रति हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शिमला के पास उपलब्ध है और यदि वांछित हो तो किसी भी कार्य दिवस पर वहां देखी जा सकती है।

**द्वारा- मेसर्स घांगल स्टोन क्रशर, गांव और पी.ओ. कालाहोड़, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश**

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Kuldeep Narayan** S/o Late Shri Om Prakash alias Prakash Chand, VPO Kawari, Tehsil Nagrota Bagwan, District Kangra (H.P.), hereby declare that my father's name is incorrectly mentioned as Prakash Chand in his death certificate, whereas the correct name is Om Prakash alias Prakash Chand. This needs to be corrected.

**बुद्धि** केवल ज्ञान में ही नहीं, बल्कि ज्ञान को व्यवहार में लागू करने के कौशल में भी शामिल है। –**अरस्तु**

## संपादकीय

# आरक्षण रोस्टर के मायने

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 2025 में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में एक बड़ा और दूरगामी फैसला लिया गया है। इस बार पंचायत चुनावों के लिए नया आरक्षण रोस्टर लागू किया जाएगा। यह बदलाव हर 15 साल में एक बार होता है और पिछली बार 2010 में इसे नई संरचना के तहत लागू किया गया था। इस फैसले से प्रदेश की सियासी और सामाजिक संरचना में पंचायत स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नया रोस्टर कई प्रत्याशियों के लिए अवसर लेकर आएगा, तो वहीं कुछ के लिए यह निराशा का कारण भी बन सकता है। आरक्षण रोस्टर प्रणाली के तहत पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य जैसे विभिन्न पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को आरक्षण दिया जाता है। यह रोस्टर तय करता है कि कौन सी पंचायत किस वर्ग के लिए आरक्षित होगी। हर 15 साल में यह आरक्षण रोस्टर दोबारा तय किया जाता है, ताकि सामाजिक न्याय की दिशा में संतुलन बना रहे और हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिले।

इसमें पिछली बार आरक्षित रही पंचायतें इस बार सामान्य श्रेणी में आ सकती हैं और सामान्य रही पंचायतें आरक्षित हो सकती हैं। नए रोस्टर से सबसे बड़ा प्रभाव उन प्रत्याशियों पर पड़ेगा, जो पिछले कई चुनावों से लगातार अपनी पंचायत से चुनाव लड़ते आ रहे थे। यदि उनकी पंचायत अब किसी आरक्षित श्रेणी में चली जाती है और वे उस श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते, तो उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर नहीं मिलेगा। यह उनके लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका होगा। इससे जहां पुराने नेताओं को नुकसान होगा, वहीं नए चेहरों, खासकर आरक्षित वर्गों और महिलाओं से आने वाले युवाओं को राजनीति में प्रवेश का अवसर मिलेगा। इससे पंचायत स्तर पर नेतृत्व का स्वरूप बदलेगा और नई सोच सामने आ सकती है। हालांकि, पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, फिर भी राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवारों के चयन, प्रचार और समर्थन में गहराई से जुड़े रहते हैं। नया रोस्टर लागू होने से दलों को अपनी रणनीतियां पुन: बनानी होंगी। जिन्हें पहले से मजबूत माना जा रहा था, वे बाहर हो सकते हैं और नए संभावित प्रत्याशियों की तलाश शुरू हो चुकी है।

कुछ इलाकों में जहां किसी एक जाति या वर्ग का वर्चस्व था, वहां अब दूसरे वर्गों के लिए आरक्षण के चलते राजनीतिक संतुलन बदलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर सामाजिक ध्रुवीकरण भी हो सकता है, खासकर यदि किसी वर्ग को लगता है कि उनका प्रतिनिधित्व घट रहा है। वहीं दूसरी ओर, आरक्षित वर्गों को अधिक अवसर मिलने से उनके बीच राजनीतिक चेतना और भागीदारी बढ़ेगी, जो लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 243डी के तहत पंचायतों में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में यह आंकड़ा कई बार इससे अधिक भी होता है। नया रोस्टर लागू होने से कई पंचायतें महिला आरक्षित होंगी, जिससे महिला नेतृत्व को बल मिलेगा। यह बदलाव सामाजिक विकास के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। नया रोस्टर पंचायत चुनाव को केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया से आगे ले जाकर सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की समावेशिता की दिशा में ले जाता है।


इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि पंचायतों में निर्णय लेने की भूमिका केवल एक वर्ग या समुदाय तक सीमित न रहे। हालांकि, इसके कारण कुछ क्षेत्रों में असंतोष और अस्थायी विरोध भी देखने को मिल सकता है, खासकर उन इलाकों में जहां लोग किसी एक लोकप्रिय नेता को बार-बार चुनते आ रहे थे। ऐसे में नई आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों को स्वीकार करना आसान नहीं होगा। नया रोस्टर लागू करने के साथ-साथ चुनाव आयोग और राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि इसे पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से लागू किया जाए। पंचायत स्तर पर लोगों को स्पष्ट जानकारी दी जाए कि किस पंचायत का कौन-सा पद किस वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इससे विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में 2025 के पंचायत चुनावों में लागू होने वाला नया आरक्षण रोस्टर केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संरचना, राजनीतिक समीकरण और नेतृत्व के चरित्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाने वाला कदम है।

इससे जहां एक ओर कुछ अनुभवी नेताओं को पीछे हटना पड़ सकता है, वहीं दूसरी ओर नए वर्गों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी का अवसर मिलेगा। यह बदलाव लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करेगा और पंचायत राज की वास्तविक भावना जन भागीदारी से शासन को साकार करने की दिशा में अहम साबित होगा। आने वाले महीनों में पंचायत स्तर पर किस तरह की हलचल और राजनीति देखी जाएगी, यह रोस्टर लागू होने के बाद के स्थानीय प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# महावीर चक्र से सम्मानित

**चिमन** सिंह यादव भारतीय नौसेना में नाविक थे। उन्होंने सन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। अपने कार्यों के लिए उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार 'महावीर चक्र' और बांग्लादेश द्वारा 'फ्रेंड्स ऑफ लिबरेशन वॉर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। भारत ने आजादी के बाद कई चुनौतियों का सामना किया। चीन और पाकिस्तान से कई जंग हुए। इन लड़ाइयों में भारत के वीर सपूतों ने अदम्य साहस का परिचय दिया था। ऐसे ही एक वीर योद्धा थे- यादव। चिमन सिंह यादव का जन्म तत्कालीन अविभाजित पंजाब के गुड़गांव जिले के गोकल गढ़ गांव में हुआ था। बचपन से ही चिमन सिंह को गांव के तालाब में तैरने और गोता लगाने का शौक था। 1961 में वह दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए वरिष्ठ छात्रों के एक समूह के साथ गए। वहां उन्होंने पहली बार नौसेना के जहाज और नाविकों की झांकी देखी। नौ सैनिक बेदाग सफेद कपड़े पहने हुए थे और डेक से गोता लगाने का नकली अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने जो देखा, उससे इतना मोहित हो गए कि नेवी में जाने का फैसला कर दिया। ■



चिमन सिंह यादव
जन्म : 1 जून, 1945



कविता

## आओ सब मिलकर विचारें

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*आओ सब मिलकर विचारें, टूट रहा क्यों भाईचारा।*
*नदी बहती थी संग जिसके छूट रहा है क्यों किनारा।*
*भाई-भाई मिल के रहते करें, आपस में प्रेम ठिठोली।*
*दुख-सुख आते हंस के सहते, प्रेम पगे थे हमजोली।*
*अलग-अलग सब हो गए अपने, टूट रहा बंधन प्यारा।*
*आओ सब मिलकर विचारें, टूट रहा क्यों भाईचारा।*
*ईर्ष्या द्वेष नफरत के रिश्ते, पनप रहे अब घर घर में।*
*धर्म की बातें फीकी पड़ गई, आस्था रही न ईश्वर में।*
*लाज शर्म अब रही कहीं नहीं, झूठ से सत्य अब हारा।*
*आओ सब मिलकर विचारें, टूट रहा क्यों भाईचारा।*
*संस्कार अब रहे नहीं हैं, छल कपट हर मन में धरा है।*
*लोलुपता में जितना डूबा उतना आदमी आज खरा है।*
*शिष्टाचार के मायने भूले हैं, प्रेम सुधा रस लगता खारा।*
*आओ सब मिलकर विचारें, टूट रहा क्यों भाईचारा।*
*सीमाएं सब धधक रही हैं, नफरत का अंकुर फूट रहा।*
*घर-घर में कलह पड़ी है, मानव से मानव अब टूट रहा।*
*धर्म जात की बातें पूछकर, आतंकी ने मानव है मारा।*
*आओ सब मिलकर विचारें, टूट रहा क्यों भाईचारा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# खरीफ की फसल के लिए एमएसपी की घोषणा अच्छा कदम

केंद्र सरकार की खरीफ फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा धरती पुत्रों के फायदे के लिए लिए अच्छा कदम है। खरीफ की बुवाई से पहले की गई इस घोषणा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भविष्य की रणनीति के तहत आवश्यकतानुसार उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है।

किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार ने श्रीअन्न को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास कर अब देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास कर रही है। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में रामतिल के भाव में सर्वाधिक 820 रुपए की बढ़ोतरी करते हुए इसे 9537 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है। तिल की एमएसपी में 579 रुपए, सोयाबीन में 436 रुपए, सूरजमुखी में 441 रुपए और मूंगफली की एमएसपी में 480 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। उड़द में 400 रुपए तो मूंग की एमएसपी में 86 रुपए और अरहर की एमएसपी में 450 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दर में भी बढ़ोतरी की गई है। जहां तक एमएसपी दर की घोषणा की बात है सरकार की इच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है।



बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा। किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। अब किसान नेताओं का कहना है कि सरकार एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। एफसीआई और नैफेड एमएसपी खरीद की नोडल एजेंसी हैं। कपास की खरीद सीसीआई करती है।

एफसीआई व नैफेड की खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती हैं। खरीद व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था की गई है। पर कहीं न कहीं व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यूं समझा जा सकता है कि एक समय था जब सरकारी खरीद शुरू होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मंडियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि न तो किसानों की नाराजगी रहती थी और न ही अन्य कोई समस्या आती थी। ठीक इसके उलट आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है।

इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार किसी न किसी बहाने टालती रहती है, क्योंकि बाजरा की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है। सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है, क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है। दूसरी ओर व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलिये इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते हैं। कहीं कहीं तो खरीद केंद्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है। इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आढ़तियों की मौज रहती है। हालांकि इसे व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार करती है उन फसलों के तैयार होकर मंडियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए।

आज सरकार के पास उत्पादन का सारा डेटा उपलब्ध होता है। ऐसे में संभावित खरीद का आकलन भी सुनिश्चित हो जाना चाहिए। न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को श्रीअन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी। इसके लिए बाजार ताकतों को भी सक्रिय करना होगा, ताकि बाजार में श्रीअन्न बाजरा आदि की मांग बढ़े और सरकारी खरीद न होने की स्थिति में भी एमएसपी दर तो कम से कम उत्पादक किसान को बाजार में मिल सके। इसके लिए सरकार को इच्छाशक्ति के साथ आगे आना होगा। अब श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने का हमारा दायित्व भी हो जाता है। इस क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को भी ठोस प्रयास करने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सरकारी मशीनरी में एकता की सबसे ज्यादा जरूरत

न्याय वही जो समय पर मिले। देरी से मिला न्याय भी किसी प्रताड़ना से कम नहीं आंका जा सकता है। जनता न्याय पाने के लिए दशकों तक पुलिस थानों, तहसीलों के चक्कर काटती, मगर उसे सही समय पर उचित न्याय नहीं मिल पाता है। सरकारी मशीनरी की लापरवाही कारण सदैव संविधान पर लोग उंगलियां उठाने से गुरेज नहीं करते हैं। जनता को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होती है। जनता के जान, माल की सुरक्षा करने वाले आलाधिकारी ही किसी केस में उलझ जाएं, तो उन्हें न्याय की उम्मीद किससे रखनी चाहिए?।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

विमल नेगी मौत का मामला सुख की सरकार ने समय रहते सीबीआई को सौंप दिया होता, तो आज इतनी फजीहत नहीं होती। सुख सरकार की मशीनरी की कार्यप्रणाली किस तरह की आलाधिकारियों ने एक दूसरे खिलाफ जहर उगलकर जगजाहिर कर दी है। सरकार ने अब उक्त तीनों आलाधिकारियों को जबरन छुट्टी पर भेजकर आग में पेट्रोल डालने का काम किया है।

डीजीपी, एसपी को कारण बताओ नोटिस भी जारी हुआ, जबकि अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह से तमाम विभाग छिनकर अन्य अधिकारी को दिए गए हैं। क्या अधिकरियों से ड्यूटी पर रहते जवाब तलब करके उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाना सही नहीं था?। सुख सरकार की अधिकारियों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर सोशल मीडिया में लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पूर्व राज्य सरकारों ने कभी ऐसी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की जहमत नहीं उठाई थी। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, एसपी शिमला की ईमानदार छवि को लेकर उनके समर्थकों का गुस्सा सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ जबरदस्त फूट पड़ा है। उक्त दोनों अधिकारियों की छवि जनता के प्रति सदैव समर्पण भाव की रही है। सुख सरकार के अधिकारियों में आपसी खींचातान की वजह से विमल नेगी मौत का मामला जनता के लिए अहम बन चुका है। आखिर क्यों सरकार ने विमल नेगी मौत का मामला सीबीआई को सुपुर्द किए जाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। मौत से पूर्व विमल नेगी द्वारा लगाए आरोप आज सच साबित होते नजर आ रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने का जिम्मा जिस पुलिस महानिदेशक के हाथों उसने अपनी सरकार की अनदेखी करके विमल नेगी मौत की एसआईटी रिपोर्ट बंद लिफाफे में उच्च न्यायालय को सौंपकर बवाल खड़ा करवा दिया है।



मुख्य अतिरिक्त सचिव गृह ने भी ठीक ऐसी कार्रवाई को अंजाम दिया। एडवोकेट जनरल ने मुख्य अतिरिक्त सचिव ग्रह द्वारा उच्च न्यायालय को सौंपी गई रिपोर्ट को लेकर मीडिया के समक्ष कई खुलासे करके इस विवाद को सर्वप्रथम जन्म दिया था। मुख्य अतिरिक्त सचिव गृह ने उच्च न्यायालय को अपनी सही रिपोर्ट सौंपकर अपनी ईमानदार छवि को बरकरार रखा था।

उच्च न्यायालय को अधिकारियों द्वारा सौपी गई रिपोर्ट समांतर न दिखने पर ही विमल नेगी मौत का मामला सीबीआई को सौंपना पड़ा है। विमल नेगी की मौत अगर आत्महत्या तो सुख सरकार को आलाधिकारियों को जबरन घर छुट्टी भेजनें की गलती नहीं करनी चाहिए थी। प्रदेश जनता में विमल नेगी मौत के कई मायने निकालकर सरकार के खिलाफ सवाल खड़े किए जा रहे हैं। मुख्य अतिरिक्त सचिव गृह ओकार शर्मा गरीब परिवार से निकलकर आज इस मुकाम पर पहुंचे वह ऐसी कोई गलती करें जनता मानने को तैयार नहीं है। एसपी शिमला संजीव गांधी का काम करने का अंदाज अन्य अधिकारियों से भिन्न दिखता है।

ऐसे काबिल अधिकारी को जबरन घर छुट्टी भेजना ड्रग्ज माफिया को खुली छुट्टी देने समान है। एसपी संजीव गांधी ने जिस आत्मविश्वास के साथ डीजीपी के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस की सुख सरकार को उस पर गौर करना चाहिए। सरकारी विभागों के कर्मचारी अक्सर राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते आ रहे हैं। क्या सुख की सरकार भविष्य में ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**कुछ** राज्य पर्याप्त जल संसाधनों से समृद्ध हैं तो कुछ पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। इस विषमता के चलते जल को लेकर कई बार राज्यों के बीच तनातनी हो जाती है। राज्यों ही नहीं, बल्कि देशों में भी तनाव देखा जा सकता है। पंजाब-हरियाणा के बीच सतलुज-यमुना लिंक (वाईएसएल) नहर विवाद पानी की राजनीति को और अधिक पेचीदा बना चुके हैं। हिमाचल भारत की सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और यमुना की कई सहायक नदियों का उद्गम स्थल है। ये नदियां न केवल हिमाचल के लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, बल्कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन नदियों का उपयोग पनबिजली उत्पादन के लिए किया जाता है, जिससे पड़ोसी राज्यों को भी ऊर्जा मिलती है। निचले राज्यों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हिमाचल की नदियों को मोड़नानकारात्मक प्रभाव डालता है। **–सन्नी, दरंग**

# भारतीय नारी की गरिमा की प्रतीक रानी अहिल्याबाई होलकर

भारत के इतिहास में अनेक ऐसी स्त्रियां हुई हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व, वीरता और धर्मनिष्ठा के द्वारा समाज और राज्य का मार्गदर्शन किया। इन महान स्त्रियों में से एक प्रमुख नाम है—रानी अहिल्याबाई होलकर। उन्होंने न केवल एक कुशल शासक के रूप में राज्य का संचालन किया, बल्कि धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। अहिल्याबाई होलकर एक आदर्श नारी, आदर्श प्रशासक और एक सच्ची धर्मपरायण रानी थीं।



लेखक : हरिराम धीमान
नालागढ़ , सोलन (हि.प्र.)

अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था, जो एक मामूली जमींदार थे। उन्होंने अपनी पुत्री को धार्मिक और नैतिक शिक्षा दी, जिससे अहिल्याबाई का चरित्र बहुत ही सुदृढ़ और सरल बना। उनकी प्रतिभा और गुणों को देखकर इंदौर के होलकर वंश के संस्थापक मल्हार राव होलकर ने अपने पुत्र खांडेराव होलकर से उनका विवाह कर दिया। यह विवाह केवल एक साधारण ग्रामीण कन्या को राजमहल तक ले आया, बल्कि इतिहास में उनका नाम अमर कर गया। अहिल्याबाई के जीवन में कठिनाइयां कम नहीं थीं। उनके पति खांडेराव होलकर की मृत्यु 1754 में एक युद्ध के दौरान हुई।

इसके पश्चात् उनके ससुर मल्हार राव होलकर ने उनका मार्गदर्शन किया और उन्हें राज्यकार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। 1766 में मल्हार राव की मृत्यु के बाद राज्य की जिम्मेदारी पूरी तरह अहिल्याबाई पर आ गई। उन्होंने धैर्य, बुद्धिमत्ता और साहस के साथ इस जिम्मेदारी को निभाया। रानी अहिल्याबाई होलकर ने 1767 से 1795 तक इंदौर राज्य पर शासन किया। उन्होंने प्रशासन को सुव्यवस्थित करने, किसानों की भलाई के लिए नीति बनाने, न्याय प्रणाली को मजबूत करने और सैन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके शासनकाल को 'सुशासन' का आदर्श उदाहरण माना जाता है। उन्होंने राज्य की आमदनी का बड़ा भाग धर्मार्थ कार्यों और जनकल्याण पर खर्च किया।

अहिल्याबाई ने अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया और तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण कराया। उन्होंने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, रामेश्वरम आदि में मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। उन्होंने न केवल हिंदू धर्मस्थलों, बल्कि समाज के सभी वर्गों की सेवा की। अहिल्याबाई का जीवन पूरी तरह धर्मपरायणता से ओतप्रोत था। वे नियमित रूप से पूजा-पाठ करती थीं और धर्म के कार्यों में विशेष रुचि लेती थीं। उनके काल में इंदौर एक सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र बन गया था। उन्होंने कला, साहित्य और संगीत को भी प्रोत्साहित किया। उनके दरबार में विद्वानों और संतों का सम्मान होता था।



अहिल्याबाई एक ऐसी शासिका थीं, जिन्होंने उस समय में महिलाओं की क्षमता को समाज के समक्ष उजागर किया, जब स्त्रियों को राजनीति और प्रशासन से दूर रखा जाता था। उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि एक स्त्री न केवल अपने परिवार को संभाल सकती है, बल्कि एक पूरे राज्य को भी कुशलता से चला सकती है। वे महिला सशक्तिकरण की प्रतीक मानी जाती हैं। रानी अहिल्याबाई का निधन 13 अगस्त 1795 को हुआ। उनके निधन के बाद भी उनका नाम सदैव सम्मान और श्रद्धा से लिया जाता है।

आज भी इंदौर और मालवा क्षेत्र में उन्हें 'राजमाता' के रूप में पूजा जाता है। भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया है। कई संस्थान, सड़कें और सार्वजनिक स्थलों का नाम उनके नाम पर रखा गया है। रानी अहिल्याबाई होलकर न केवल एक महान शासिका थीं, बल्कि वे एक आदर्श नारी, धर्मप्रेमी और समाजसेवी भी थीं। उनका जीवन भारतीय संस्कृति की गरिमा, नारी शक्ति और सुशासन का जीवंत उदाहरण है। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। वे सच्चे अर्थों में 'भारतीय नारी की गरिमा' की प्रतीक थीं। उनका नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है और सदैव लिखा जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पद्मश्री से सम्मानित बॉलीवुड की पहली अभिनेत्री नरगिस

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री नरगिस किसी पहचान की मोहताज नहीं। लोग उनके अभिनय के दीवाने थे। यह मुकाम उन्होंने दिन-रात मेहनत हासिल कर पाया। उका जन्म कोलकत्ता में 1 जून, 1929 को हुआ। कहते हैं कि नरगिस की रुचि डॉक्टर बनने की थी, लेकिन मां जहनबाई फिल्म अभिनेत्री और फिल्म निर्माता होने के कारण अपनी बेटी को भी एक सफल अभिनेत्री बनाना चाहती थी। अत: मां उसे स्क्रीन टेस्ट के लिए तत्कालीन निर्माता-निर्देशक महबूब खां के पास ले गई।



लेखक : सुदर्शन अवस्थी इंदु
वरिष्ठ साहित्यकार एवं स्वतंत्र लेखक

नरगिस ने सोचा था कि वहां वह अपने ढंग से स्क्रीन टेस्ट देंगी और फेल होने पर जान बच जाएगी। भाग्य से संवाद आदि ठीक होने से नरगिस सफल हो गई। उसका बचपन का नाम कनीज फातिमा था। स्क्रीन टेस्ट के बाद नरगिस ने फिल्मों में रुचि लेनी शुरू की। बाद में नरगिस फिल्म तकदीर के लिए चयनित हुई। नरगिस का काम एवं नाम बढ़ा और भाग्य चमकता गया। उसे सन 1945 को हुमायूं और 1948 को आग फिल्म में काम करने का मौका मिला। 1949 का वर्ष अच्छा निकला, क्योंकि बरसात, अंदाज जैसी फिल्में अच्छी रहीं। नरगिस को महबूब खां वॉलीबुड ले गए। वहां कई लोगों से परिचय करवाया और अंदाज फिल्म में दिलीप कुमार और राज कपूर के साथ काम करने का मौका मिला। लोगों का अधिक ध्यान नरगिस पर रहा।

नरगिस की जोड़ी राज कपूर के साथ ही रहती और नरगिस अधिकतर संवेदनशील भूमिकाओं में काम करती थी। सन 1954 से पूर्व दो-तीन वर्ष समय अच्छा नहीं रहा। आशियाना, अंबर, शीशा, बेवफा जैसी फिल्में अच्छी नहीं निकलीं। सन 1955 में आवारा, 420, आग, बरसात, अनहोनी निकली और नाम खूब चमका। ये फिल्में लोगों के मुंह पर आज भी हैं। फिल्में आह, पापी, श्री 420, जागते रहो, चोरी-चोरी में धूम मच गई। ऐसे समय नरगिस ने राज कपूर के साथ ही काम किया। उस दौरान नरगिस ने महबूब खां को काम करने से मना कर दिया। बाद में दोनों की दोस्ती टूट गई। वह भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में चर्चित हुई। सन 1956 में मदर इंडिया में विश्व विख्यात रही।

मां की भूमिका में मानो जान डाल दी। इसी फिल्म पर सन 1957 में कार्लोयवैरी फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला। फिल्म लोगों को बहुत पंसद आई। नरगिस व राज कपूर की अंतिम फिल्म चोरी-चोरी थी।



जयंती पर विशेष

नरगिस की एक विशेष बात यह रही कि वह फिल्मों के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों में भी समय देती थी। सन 1972 में स्पास्टिक विद्यालय स्थापित किया। आज उसकी शाखाएं बड़े महानगरों में स्थापित हो चुकी हैं।

नरगिस युद्ध के समय सैनिकों की सहायता के लिए आगे आई। अजंता आर्ट्स ग्रुप की उपाध्यक्ष रहीं। भारत स्काउट्स और वॉर विडोज एसोसिएशन से वर्षों तक जुड़ी रहीं। अधिकतर लोग नरगिस को द लेडी ऑफ व्हाइट कहते हैं। नरगिस का सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के साथ सामाजिक क्षेत्र में अच्छा नाम रहा। पद्मश्री लेने वाली यह पहली अभिनेत्री ही नहीं, अपितु राज्यसभा सांसद भी रहीं। वर्ष 1968 में उर्वशी पुरस्कार से सम्मानित हुईं थीं। नरगिस ने करीब 17 वर्ष तक लगातार फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। उसने मदर इंडिया में बूढ़ी स्त्री का अभिनय सफलतापूर्वक निभाया। इससे पूर्व महबूब खां ने एक फिल्म सन 1939 में ऐसी ही बनाई थी। मदर इंडिया में नरगिस सुनील दत्त की मां की भूमिका में थीं और शूटिंग के मध्य आग में घिर गई। उस समय सुनील दत्त ने जान की बाजी लगाकर नरगिस को बचाया और ठीक होने पर दोनों ने विवाह कर लिया। वह कहती थी कि पुरानी नरगिस मर गई, नई नरगिस पैदा हुई। इस बीच लाजवंती, अदालत, मिस इंडिया फिल्में बनीं और संजय दत्त का जन्म हुआ। बाद में नरगिस ने काम करना बंद कर दिया।

सन 1968 में राज्यसभा में सांसद रहीं। दस वर्ष बाद भाई अनबर हुसैन व अखतर हुसैन के कहने पर नरगिस ने काम करना पुन: शुरू किया और नरगिस ने फिर रात-दिन काम किया। उन्हें कई पुरस्कार मिले।

जीवन के अंत में वह कैंसर रोग से पीड़ित रही और इलाज के लिए अमेरिका गईं। वहां से वापस भारत आईं। 3 मई, 1981 को नरगिस की मृत्यु हो गई और इसी के साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री में चमकता सितारा न जाने कहां खो गया। उन्हें अपने काम के लिए आज भी याद किया जाता है। इसके परिवारजनों ने उनकी याद में मैमोरियल कैंसर केंद्र स्थापित किया, ताकि उनकी याद बनी रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# खाई में गिरी गाड़ी, चालक की मौत

## धर्मपुर के लेंगेहड़ गांव में ब्रेक फेल होने से पेश आया हादसा, पुलिस ने शुरू की छानबीन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** धर्मपुर के लेंगेहड़ गांव में एक टाटा सूमो गाड़ी ब्रेक फेल होने से गहरी खाई में गिर गई और चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गाड़ी का चालक सुरेंद्र कुमार पुत्र किशन चंद गांव मंडप, उपतहसील मंडप गुरु के मेले में दुकान लगाने आया था और उसने सामान मेले में दुकान लगा कर रखा और मंदिर परिसर के पास पहुंच कर वापस मंडप जा रहा था और जब वह मंडप पहुंचने ही वाला था कि उसकी गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए और वह गाड़ी सहित गहरी खाई में गिर गई तथा गाड़ी के गिरने की आवाज सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने सुरेंद्र कुमार को गाड़ी से बाहर निकाला, लेकिन इस दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई व मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी तथा शव को कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल सरकाघाट में पोस्टमार्टम कराया और मृतक का शव उसके स्वजनों को सौंप दिया। डीएसपी संजीव सूद ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हवा की चपेट में आया पैराग्लाइडर पायलट मकान की छत पर गिरने से गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत शनिवार को एक पैराग्लाइडर पायलट तेज हवाओं की चपेट में आ गया और संतुलन खोकर एक मकान की छत पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में तूफानी हवाएं चलने लगीं। जानकारी के अनुसार, घायल पायलट की पहचान विजय कुमार, निवासी पटना, बिहार के रूप में हुई है। विजय कुमार पिछले कुछ वर्षों से बीड़ में रहकर पैराग्लाइडिंग गतिविधियों से जुड़े हुए थे। शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे उन्होंने बीड़-बिलिंग से उड़ान भरी थी, लेकिन लगभग दो घंटे बाद मौसम बिगड़ गया और पैराग्लाइडर पायलट बीड़-बिलिंग से लगभग 20 किलोमीटर दूर जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली के गांव पहलूण तक जा पहुंचा, जहां वे एक घर की छत पर जा गिरे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महिला मंडल पहलूण की महिलाओं व ग्रामवासियों ने घायल पायलट को 108 एंबुलेंस की मदद से नागरिक अस्पताल जोगिंदर नगर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के उपरांत उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रशासन की ओर से घायल पायलट को फौरी राहत के रूप में 2500 रुपए की राशि प्रदान की गई है।

## रखोटा में गोशाला जलकर राख

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत मुख्यालय रखोटा में शनिवार दोपहर को आग लगने से एक गोशाला जलकर राख हो गई। यह गोशाला लज्जा देवी पत्नी गंगू राम की थी, जो उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक किसी को पता चला, तब तक गोशाला पूरी तरह राख हो चुकी थी। हालांकि ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक घास और इमारती लकड़ी सहित अन्य सामान जल चुका था। गोशाला में बंधे पशुओं को समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया। पीड़ित लज्जा देवी अत्यंत गरीब है। स्थानीय पंचायत प्रधान सुरेश कुमार सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र और उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# बसेहड़ गांव में मां जालपा को समर्पित दो दिवसीय मेले का विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने किया आगाज

**कविता, अनंत ज्ञान**



मेले में आए हुए देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते विधायक पूर्ण चंद ठाकुर।

**पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर के बसेहड़ गांव में मां जालपा को समर्पित दो दिवसीय वार्षिक मेले का शुभारंभ शनिवार को विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने विधिवत रूप से किया। शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम क्षेत्र में पधारे विभिन्न देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

इसके उपरांत मेला समिति के अध्यक्ष रमेश चंद एवं सचिव अनिल कुमार द्वारा मुख्य अतिथि विधायक पूर्ण चंद ठाकुर को पारंपरिक शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बसेहड़ महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया, जबकि कदरयाला महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक पहाड़ी नाटी ने जनसमूह का मन मोह लिया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेले के वातावरण को जीवंत बना दिया। विधायक ने कहा कि मैं विधायक नहीं हूं बल्कि मेरे दरंग क्षेत्र का हर नागरिक स्वयं विधायक है। इस अवसर पर उन्होंने मां जालपा के मंदिर परिसर में सराय निर्माण हेतु दो लाख की राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त मेला समिति को उन्होंने अपनी ओर से 10,000 रुपए की सहायता भी प्रदान की। इस अवसर पर पधर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इंद्र सिंह, मनोहर लाल ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य टांडू पदम ठाकुर, मंडल सचिव सपना ठाकुर, महामंत्री सुरेश कटारिया, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र कुमार, उप-प्रधान हरीश ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### करसोग में छात्रों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल करसोग के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में अपना विद्यालय, दी हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने की। उन्होंने कार्यक्रम के तहत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग को गोद लिया है। तहसील कल्याण अधिकारी ने कार्यशाला में मौजूद छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। इस दौरान छात्रों को मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए को योग क्रियाओं के बारे में भी बताया गया। उन्होंने करियर काउंसलिंग पर बच्चों को समझाया कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो किसी विद्यार्थी का मार्गदर्शन करती है।

### तंबाकू व धूम्रपान न करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों ने वाद विवाद प्रतियोगिता, नाटक, भाषण, कविताओं से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। बच्चों ने स्कूल के प्रांगण से मुख्य बाजार तक रैली निकाली और लोगों को तंबाकू व धूम्रपान नहीं करने का संदेश दिया। इस रैली में बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सपना बराड़ी ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और जीवन में कभी नशा नहीं करने की प्रेरणा दी।

### लपास स्कूल में मनाया तंबाकू निषेध दिवस

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहारघाटी के लपास स्कूल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर लपास से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मधु कुमारी ने विद्यार्थियों को कई प्रकार की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि तंबाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र, मुंह, ग्रासनली, गला, मूत्राशय, गुर्दे, यकृत, पेट, अग्न्याशय, बृहदान्त्र और गर्भाशय ग्रीवा के साथ-साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अवसर पर विद्यालय के स्वास्थ्य और आरोग्य क्लब के प्रभारी लेक्चरर इतिहास घनश्याम दास ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को कई प्रकार की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, लेक्चरर सुशील कुमार, सूरज ठाकुर, वेद प्रकाश ठाकुर, विवेक ठाकुर, टीजीटी प्रवीण चौधरी, विजय ठाकुर, नीलम राणा, जगदीश नायक, इंद्रदेव, अमरनाथ, लता, आशा वर्कर रीना देवी भी मौजूद रहे।

### बारिश में नदियों से दूर रहें पर्यटक: हरीश

**अनंत ज्ञान, बरोट।** मुल्थान तहसील के तहसीलदार हरीश कुमार ने कहा कि छोटा भंगाल तथा चौहार घाटी में इस वर्ष बरसात के शुरू होने से पहले ही मई माह में ही भारी बारिश का होना शुरू हो गया है, जिस कारण यहां पर विचरित करने वाली उहल व लंबाडग नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। इसके चलते भारी बारिश को देखते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों सहित बाहर से आने वाले सभी पर्यटकों से अपील की है कि इन नदियों सहित उनके सहायक नालों से दूरी बनाए रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना से बचा जा सकें। इसके अतिरिक्त बच्चों को भी नदी-नालों के समीप न जाने की सलाह दी है।

### नागरिकों को बांटे सूचनात्मक पंफ्लेट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी सर्वेक्षण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उप-क्षेत्रीय कार्यालय मंडी द्वारा एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक एवं प्रभारी उप-क्षेत्रीय कार्यालय मंडी अमित कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आम जनता को सांख्यिकी आंकड़ों के महत्व से अवगत कराना है। रैली का शुभारंभ खलियार स्थित कार्यालय परिसर से हुआ, जो विक्टोरिया ब्रिज, स्कूल बाजार और सकोढ़ी पुल से होते हुए सेरी मंच पर संपन्न हुई। रैली में उप-क्षेत्रीय कार्यालय मंडी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली के दौरान नागरिकों को सूचनात्मक पंफ्लेट्स वितरित किए गए, जबकि दुकानदारों को एनएसएस थीम पर आधारित कैप्स एवं की-चेन भेंट किए गए, जिससे आंकड़ों के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

### नशे के दुष्प्रभावों पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस (नॉन-तंबाकू डे)' मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर से लेकर सचिवालय तक जागरूकता रैली निकाली तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू और अन्य नशे के दुष्प्रभावों पर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र गौतम ने की। उन्होंने बच्चों को तंबाकू और नशे के अन्य स्वरूपों से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे से मुक्ति आत्मबल और संकल्प से संभव है।

### नशा निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में शनिवार को नशा निषेध दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के तहत कक्षा पांचवीं से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन और कविता पाठ आयोजित किए गए। वहीं, कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने नगर में एक रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने हुए कहा कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो धीरे-धीरे जीवन को समाप्त कर रहा है।

### मूर्ति स्थापना समारोह में शामिल हुए विधायक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रोपडी पंचायत में नवनिर्मित चंडिका माता मंदिर के मूर्ति स्थापना समारोह में दिलीप ठाकुर उपस्थित रहे। चंडिका माता के मंदिर का निर्माण रोपड़ी पंचायत के व्यवसायी रंजीत गुलेरिया ने करवाया है। इस मंदिर के कारीगर मुंबई से आए थे, रंजीत भी स्वयं मुंबई में ही रहते हैं। विधायक दिलीप ठाकुर ने रंजीत गुलेरिया के पूरे परिवार को बधाई दी। इस मौके पर विधायक के मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, संजय गुलेरिया, अशोक, सत्यपाल, विपिन राणा, मीडिया प्रभारी विनय राणा और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मंदिर परिसर में हवन और धाम 3 जून को

**अनंत ज्ञान, बलद्वाड़ा।** उपमंडल बलद्वाड़ा क्षेत्र के नरोला गांव में 2017 में गांव निवासियों ने प्राचीन काल से चले आ रहे देवस्थान के नाम से चिन्हित भूमि पर पूर्वजों द्वारा मानित लखदाता मंदिर के परिसर में एक दुर्गा माता की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की थी। मंदिर कमेटी के प्रधान हंसराज वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह 3 जून को मंदिर के परिसर में हवन तथा एक सामूहिक धाम का भी आयोजन किया गया है, जिसके लिए सभी गांववासी आदर सहित निमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 2 जून को स्थानीय महिला मंडल की महिलाएं शाम 8 बजे से 10 तक कीर्तन का भी करेंगी।

## जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने रचा इतिहास

# प्रथम सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** अटल मेडिकल रिसर्च विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) के परीक्षा परिणामों में जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर ईवा, कंचन, कनीका, मनस्वी, राघवी, रिया और सेजल सहित सात छात्राओं ने स्थान प्राप्त कर कॉलेज की सफलता को और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कॉलेज के संस्थापक डॉ. राकेश धरवाल ने सभी छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह मेहनत आने वाले समय में उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करेगी। कॉलेज की प्रधानाचार्या छविता ने इस शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह सफलता बच्चों और शिक्षकों की कठिन मेहनत का नतीजा है। इस परिणाम ने आने वाले सेमेस्टर की दिशा तय कर दी है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राएं कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं।' इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आगामी परीक्षाओं में भी इसी प्रकार का प्रदर्शन बनाए रखने का विश्वास जताया।

## मंडी में वर्मा ज्वेलर्स की ज्वेलरी प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के राजमहल पैलेस में वर्मा ज्वेलर्स की ज्वेलरी एग्जिबिशन का शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मंडी डीसी पूर्व देवगन द्वारा किया गया। वर्मा ज्वेलर्स को अब तक 11 राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जो उनकी बेहतरीन कारीगरी व भरोसेमंद सेवाओं का प्रमाण हैं। इस बार एग्जिबिशन में पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइनों तक की खूबसूरत ज्वेलरी प्रस्तुत की गई है। प्रदर्शनी में एक खास सुविधा के तौर पर ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी की शुद्धता कैरेटो मीटर मशीन से नि:शुल्क जांच सकते हैं। शादी-विवाह और खास मौकों के लिए डिजाइन की गई गोल्ड, डायमंड व कुंदन ज्वेलरी इस एग्जिबिशन की खास आकर्षण है। यह प्रदर्शनी 31 मई से 4 जून तक राज महल पैलेस, मंडी में आयोजित की जा रही है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' मजबूत नेतृत्व का एक उदाहरण: चंद्रमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



- रखौटा में सांस्कृतिक मेले व दंगल प्रतियोगिता को दिए एक लाख

**रखौटा** में सांस्कृतिक मेले एवं दंगल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें भ्रदौरता वार्ड से जिला परिषद सदस्य एवं प्रदेश के समाजसेवी चंद्रमोहन शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक मजबूत नेतृत्व का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एक समय भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में सातवें और आठवें में पायदान में था, लेकिन एक मजबूत और कुशल नेतृत्व की वजह से आज भारत चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। शर्मा ने कहा कि ऐसे संस्कृत के मेले का होना हमारे क्षेत्र में बहुत अच्छी बात है क्योंकि यह हमें अपनी वास्तविकता संस्कृति से जोड़े रखते हैं। मैं हमेशा से ही इस मेले के लिए सफल आयोजन के लिए अपनी तरफ से भरपूर कोशिश की है। इस बार भी अपनी तरफ से एक लाख रुपए की राशि इस मेले के लिए प्रदान की। इस मौके पर क्षेत्र के बहुत से जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# उहल खड्ड पर बनाए गए पैदल पुल पर डाली जाए कंकरीट

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** चौहार तथा छोटा भंगाल घाटी को जोड़ने वाले उहल खड्ड पर बने पैदल पुल पर कंकरीट डालने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के समय पुल पर बिछाई गई लोहे की चादरों पर पानी एकत्रित होने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है।

गौरतलब है कि बरोट-मुल्थान पुल 1995 में उहल नदी पर आई भयंकर बाढ़ में बह गया था। स्थानीय लोगों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व द्रंग के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर के भरसक प्रयास से पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 15 अप्रैल, 2021 को इसका उद्घाटन भी कर दिया था। स्थानीय लोगों में पूर्ण चंद नेगी, अर्मी चंद, दौलत नेगी, कमलेश नेगी, रमेश कुमार, रत्तन चंद, रुमाल चंद, हीरा लाल, अशोक कुमार आदि का कहना है कि बरसात होने पर पुल में बिछाई गई लोहे की चादरों में पानी एकत्रित हो जाता है। इस कारण पुल पर आवागमन में मुशिकलों का सामना करना पड़ता है।



उन्होंने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से पुल पर कंकरीट डालने की मांग की है। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि लोगों को पुल पर आवाजाही करते समय परेशानी हो रही है तो इस समस्या का अवश्य ही हल कर दिया जाएगा।

# स्टडी स्किल सेंटर के 10 छात्रों को मिली सरकारी नौकरी

## ड्राइंग टीचर पोस्ट कोड-980 के परिणामों में रहा शानदार प्रदर्शन, संस्थान में खुशी

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे स्टडी स्किल सेंटर कोचिंग संस्थान नरेश चौक सुंदरनगर ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और मेहनत का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए ड्राइंग टीचर पोस्ट कोड-980 के परिणामों में इस संस्थान के 10 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर सरकारी नौकरी हासिल की है। इस उपलब्धि से न सिर्फ संस्थान के छात्र और शिक्षक गौरवान्वित हैं, बल्कि सुंदरनगर क्षेत्र में भी उत्साह का माहौल है।

जानकारी देते हुए स्टडी स्किल सेंटर कोचिंग संस्थान के एमडी मनीष ठाकुर ने बताया कि सरकारी नियुक्ति पाने वाले छात्रों में अमित, सुनील, विपिन, महेंद्र, अर्जुन, चेतन लता, उर्मिला राव, देवकी, सुमन देवी और प्रोमिला शामिल हैं। इन सभी छात्रों ने





स्टडी स्किल सेंटर कोचिंग संस्थान के एमडी मनीष ठाकुर व अन्य।

कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। मनीष कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और हमारे शिक्षकों की समर्पित कोचिंग का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारा संस्थान निरंतर छात्रों के भविष्य को संवार रहा है। उन्होंने कहा कि इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्टडी स्किल सेंटर न केवल ड्राइंग टीचर की तैयारी कराता है, बल्कि अग्निवीर भर्ती, पुलिस भर्ती, जेबीटी व टीजीटी कमिशन जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी उच्च गुणवत्ता की कोचिंग प्रदान करता है।

## कन्या स्कूल की बेटियां करेंगी केरल की सैर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की छह मेधावी छात्राएं केरल राज्य के लिए छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हो गईं। इन छात्राओं में साक्षी देवी, समृद्धि ठाकुर, रिद्धि वर्मा, शताक्षी, कृतिका कुमारी और अर्शिता शर्मा शामिल हैं। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने बताया कि ये सभी छात्राएं गत वर्ष 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 मेरिट सूची में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं ने न केवल विद्यालय बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी विद्यालय की दो छात्राएं अपूर्वा और कशिश इस योजना के तहत केरल का शैक्षणिक भ्रमण कर चुकी हैं।

# भारतीय सभ्यता, संस्कृति व हिंदू धर्म की संरक्षक थी अहिल्याबाई होलकर : अवस्थी

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

- लोकमाता की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**मंडी।** इतिहास सोसायटी, इतिहास विभाग एवं भास्कराचार्य क्लब, भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महान शासिका अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी मुख्यातिथि, आचार्य राजेश शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. सुरेंद्र डी. सोनी चुरू राजस्थान से ऑनलाइन जुड़े। इस अवसर पर अवस्थी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई भारतीय सभ्यता, संस्कृति व हिंदू धर्म की संरक्षक, एक प्रेरणादायी शासिका व एक दूरदर्शी समाजसेविका थी। अहिल्याबाई की 300वीं जयंती केवल एक स्मृति पर्व नहीं है—यह वर्तमान और अतीत के बीच में एक संवाद है व भविष्य के लिए एक दायित्व है। यह अवसर हम सभी के लिए गौरव, सम्मान और आत्मचिंतन का विषय है। मुख्य वक्ता प्रो. सुरेंद्र डी.सोनी लोहिया महाविद्यालय चुरू राजस्थान ने कहा कि उनके जीवन का प्रत्येक क्षण राजधर्म और नारीधर्म की पुनर्परिभाषा बन गया। वे न्याय, सेवा और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की प्रतीक हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. जगदीप वर्मा, डॉ. रामपाल, विकेश, डॉ. बलबीर सिंह, करीमा, युवराज, शुभम, स्मृति, जय सूर्य, वेद प्रकाश, राहुल, सुरेखा, राजू, डोल्मा व सूर्य प्रकाश सहित कई मौजूर रहे।

## 1200 मतदाताओं के लिए बनेगा एक मतदान केंद्र

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मतदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने एवं निर्वाचन प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों में 21 नई पहलें शुरू की हैं। इस बारे जानकारी देते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि इन उपायों में प्रक्रियागत सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम और हितधारक की सहभागिता शामिल है। मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने में सुधार के लिए आयोग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचकों की अधिकतम संख्या 1500 से घटाकर 1200 कर दी है। इसी तरह ऊंची इमारतों व कॉलोनीयों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। निर्वाचक नामावली के उदयतीकरण के लिए मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा तथा सत्यापन के बाद अद्यतन किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्चीयों को और अधिक मतदाता अनुकूल बनाया जाएगा। इसके साथ ही मतदान केंद्र के ठीक बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा रहेगी।

# एनएच प्रभावितों पर दर्ज मुकदमे रद्द नहीं किए तो होगा उग्र आंदोलन : बिहारी लाल

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

- कहा- एसडीएम को तीन सप्ताह पहले सौंपा था ज्ञापन
- कल रखोह में होगा प्रदर्शन: भूपेंद्र

**सरकाघाट।** चोलथरा में शुक्रवार को एनएच प्रभावितों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था, लेकिन मीडिया में छपी खबर से जानकारी मिली है कि पुलिस ने तीस लोगों पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के इस फैसले का चोलथरा व्यापार मंडल, ग्राम पंचायत, सर्वोदय जनकल्याण समिति, एनएच प्रभावित संघर्ष समिति, हिमाचल किसान सभा और अन्य लोगों ने इसके लिए कड़ी निंदा की है।

व्यापार मंडल के प्रधान बिहारी लाल व पंचायत प्रधान मेहरचंद गारला आदि ने बताया कि उन्होंने एसडीएम को तीन सप्ताह पहले ज्ञापन सौंपा था और 20 मई को दोबारा सरकाघाट में अन्य संगठनों के रैली निकाल कर मांगपत्र दिया था। उन्होंने कहा कि मुकदमे रद्द नहीं किए, तो आंदोलन और उग्र रूप में किया जाएगा और अधिकारियों व कंपनी के खिलाफ जनता एफआईआर और हाईकोर्ट में केस दर्ज करेगी।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम व डीएसपी सरकाघाट को लिखित में शिकायत पत्र लिखकर कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन एसडीएम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को भेजने की बजाए विभाग को उसे आगामी कार्रवाई के लिए हमीरपुर भेजकर फारमैल्टी पूरी की व डीएसपी को एफआईआर दर्ज करने के लिए कानून की धाराओं का अभी तक पता नहीं लग रहा है। लेकिन जिनके घर उजड़ गए हैं उनके ऊपर केस बनाने की धाराओं का ज्ञान पूरा है जो उनकी जनता और देश और प्रदेश के कानून के प्रति उदासिनता को दर्शाता है। भूपेंद्र ने कहा कि 2 जून को रखोह में भी प्रदर्शन किया जाएगा।

**टूर्नामेंट** 34वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# एथलेटिक्स में शिमला बना ओवरऑल विजेता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**अतिरिक्त** निदेशक तकनीकी शिक्षा नरेश कुमार वर्मा ने शनिवार को सरकाघाट स्थित आईटीआई पपलोग में आयोजित 34वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों से लगभग 400 से अधिक छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक नरेश कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि शैक्षिक गतिविधियों के समान ही खेलकूद गतिविधियां भी आवश्यक हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।





पपलोग में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व अन्य।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने मेडल और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल (खेल) चैंपियन ट्रॉफी के लिए हमीरपुर और मंडी जिला में टाई रहा और दोनों जिला को इस सम्मान से नवाजा गया। वहीं एथलेटिक्स में ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी शिमला के नाम रही। इसके अतिरिक्त बास्केटबाल प्रतियोगिता में चंबा ने प्रथम, हमीरपुर दूसरे स्थान पर रहा। वॉलीबाल में मंडी विजेता व बिलासपुर उपविजेता रहा। कबड्डी में हमीरपुर ने पहला व सोलन दूसरे स्थान पर रहा। खो-खो में शिमला अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर रहा, जबकि सोलन दूसरे स्थान पर रहा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांगड़ा प्रथम तो मंडी द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं किन्नौर ने सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, मंडी दूसरे और शिमला ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक विजय कुमार, अशरफ अली, सुरेश शर्मा, रविन्द्र सिंह बन्याल व टीम कोच, टीम मैनेजर, अन्य गणमान्य लोग के साथ आईटीआई पपलोग के समस्त शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली





विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग खिलड़ा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों और कॉलेज स्टाफ द्वारा तंबाकू से होने वाली बीमारियों जैसे कि मुख कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, दिल की बीमारियां व श्वास संबंधी समस्याओं की जानकारी दी गई। कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने गांव में घर-घर जाकर लोगों को तंबाकू और अन्य नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इसके अलावा छात्राओं ने एक जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें उन्होंने नशामुक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कॉलेज की एडमिनिस्ट्रेटर नेहा ठाकुर, उप प्रधानाचार्य प्रियंका ठाकुर, असिस्टेंट प्रोफेसर दीक्षा ठाकुर, होनित शर्मा, स्वाति शर्मा, तमना ठाकुर सहित कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रधानाचार्य सतीश सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जोल/ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा जसवाला में प्रधानाचार्य सतीश कुमार के शिक्षा के क्षेत्र में 31 वर्षों की निरंतर सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्ति के दिन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने बच्चों को विभिन्न उपहार भेंट किए। उन्होंने छात्रों के लिए मिष्ठान का भी प्रबंध किया था। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं के लिए 5100 रुपए व 21000 रुपए का योगदान स्कूल के विकास के लिए दिया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों व कुठेड़ा जसवाला स्कूल के स्टाफ ने भी प्रधानाचार्य सतीश कुमार को विभिन्न उपहारों से सम्मानित किया व उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया।

### बसाल स्कूल में प्लास्टिक तटस्थ अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक तटस्थ अभियान चलाया गया । इस कार्यक्रम के तहत छात्रों ने जागरूकता रैली के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा किया। यह रैली चार दिन तक प्रतिदिन निकाली गई और छात्रों ने गांव वासियों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए सुझाव दिए। इस एकत्रित प्लास्टिक कचरे को पंचायत को सौंपा जाएगा ताकि प्लास्टिक का उचित निपटान किया जा सके । इस मुहिम में कविता संधू, मंजू राणा, किरण, सुषमा, मंजू बाला, विजय कुमार, सतीश कुमार, ईको क्लब प्रभारी मोना शर्मा व एनएसएस प्रभारी सतपाल सिंह ने भाग लिया ।

### बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम प्रधानाचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह द्वारा स्वयंसेवियों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में तंबाकू निषेध व पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा दिलाई गई। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं इनसे दूर रहें और समाज को भी इनके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के पश्चात जागरूकता रैली भी बाजार में निकाली गई । रैली का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया ।

### पीएम श्री आदर्श विद्यालय बना बहडाला



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बहडाला विद्यालय को पीएम श्री विद्यालय घोषित किया गया है। प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श विद्यालय बहडाला हरीश जोशी ने बताया कि आदर्श विद्यालय को भारत सरकार द्वारा पीएम श्री विद्यालय के रूप में स्थापित किया किया जाएगा जिसकी जानकारी सांझा करते हुए बच्चों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों को बताया कि यह हमारे विद्यालय तथा इस इलाके के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है ।उन्होंने इस अवसर पर हरीश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर,शिक्षा विभाग,स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर सर्व शिक्षा अभियान हिमाचल प्रदेश , स्थानीय विधायक सतपाल सत्ती,पूर्व विधायक सतपाल रायजादा,विद्यालय प्रबंधक समिति की प्रधान नीतू देवी ,स्थानीय पंचायत के प्रधान रमेश बिट्टू,उपप्रधान अविनाश राणा,समस्त अभिभावकों,तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों के अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। यह समाचार मिलते ही विद्यालय के स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात रहे कि,पी एम श्री स्कूल को अधोसंरचना,शिक्षा में गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के लिए के आधुनिक उपकरणों ,नवीन खेल मैदान तथा खेलने के लिए आधुनिक उपकरणों को मुहैया करवाने के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष अनुदान दिया जाता है।

### सिस इंडिया लि. में भरे जाएंगे सुरक्षा गार्ड के 100 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइज़र के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 3 जून को प्रातः 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय ऊना तथा 5 जून को उप रोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण होनी चाहिए। इस पद के लिए वेतन 16500 से 20000 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### विद्यालय की स्टेज के लिए दान किए डेढ़ लाख



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गांव भदसाली के समाज सेवक धैर्य डोगरा ने वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए 70000 रुपए पुरस्कार स्वरूप वितरित किए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली की स्टेज के लिए 150000 रुपए भी दान स्वरूप दिए। प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने कहा कि डोगरा परिवार हमेशा शिक्षा के क्षेत्र को उन्नत करने के लिए हमेशा योगदान दिया है उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लिए डोगरा परिवार रोल माडल है। असली शिक्षा यही होती है कि विद्यार्थी के रूप में खूब परिश्रम और मेहनत करके जब आप भी अच्छा धन कमाने शुरू करेंगे तो जरूरतमंद लोगों की मदद करना न भूलें। उन्होंने धैर्य डोगरा और समस्त परिवार का बच्चों को प्रोत्साहन देने तथा सकूल के विकास के लए धनराशि उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहन सिंह भदसाली के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, संजीव कुमार, एसएमसी प्रधान विजय लक्ष्मी, मनोज कुमार, मोनिका चौधरी, संदीप कुमार, मोनिका शर्मा तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## अपनी जान बचाने के लिए लोग सुरक्षित स्थानों में शरण लेने को हुए मजबूर





ऊना में आसमान पर छाई काली घटा से दिन में ही शाम हो गई। (दाएं) बंगाणा से तलमेहड़ा रोड पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ।

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** आंधी और तूफान ने जिलेभर में एक दफा फिर से जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तूफान के कारण जिला मुख्यालय की सड़कों से यातायात तो प्रभावित हुआ, लोगों को अपनी जान बचाने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी।

कई घरों की छतों को नुकसान हुआ है, जबकि घंटों तक जिला मुख्यालय में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। फलदार फसलों को भी भारी नुकसान का अंदेशा लगाया गया है। हालात ऐसे थे कि कुछ समय के लिए सड़कों पर सुनसान माहौल हो गया।

शनिवार बाद दोपहर जिला मुख्यालय के आसमान पर काली घटाएं छा गईं। भारी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा था। इस बीच जब आंधी और तूफान चला तो बूंदाबांदी के साथ मामूली बारिश भी हुई। इस बीच शहर के साथ कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप होकर रह गई। तूफान इतना तेज था कि पैदल चलने वाले लोगों को भी उड़ाकर ले जाता। जहां जिसको जगह मिली लोग वहीं अपने बचाव करते देखे गए।

बताया गया है कि जिले में आम की फसल को इस तूफान से काफी नुकसान हुआ है। आम के पेड़ों के नीचे कच्चे आम के ढेर लग गए हैं। ऊना के हमीरपुर रोड और वार्ड नंबर एक में तूफान ने टीन से बनी छत को भी उखाड़ फेंक दिया।

उधर, मौसम की बात करें तो गर्मी से जिला मुख्यालय को कोई राहत नहीं मिल सकी। लगातार चालीस के करीब तापमान उसके आसपास ही बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक ऊना जिला मुख्यालय में बिजली बहाल नहीं हो पाई थी। राजस्व विभाग भी इस नुकसान का जायजा लेने में जुट गया है।

# सीआईए ने ज्वार में टैक्सी से 65 .32 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** अंब उपमंडल के अंतर्गत ज्वार गांव में शनिवार सुबह सीआईए टीम ऊना ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक टैक्सी से 65.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस दौरान टैक्सी में सवार चार युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।

सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर नाका लगाया गया। जांच के दौरान टैक्सी परमिट गाड़ी नंबर एचपी 01यू 5555 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संजीव कुमार पुत्र हरि चंद (उम्र 42), निवासी गांव बुधाणा, डाकघर कांगू, जिला हमीरपुर, गोबिंद सिंह उर्फ बंटी पुत्र जगदीश चंद, निवासी गांव खोराड़, तहसील गलोड़, जिला हमीरपुर, वीरेंद्र सिंह पुत्र स्व. धर्म सिंह, निवासी गांव कटियारा, जिला हमीरपुर, सुनील कुमार पुत्र स्व. सुभाष चंद, निवासी गांव कर्णडोला, डाकघर रैल, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है

सीआईए टीम ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने करते हुए कहा पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। उन्होंने लोगों से अपील की है कि नशे के खिलाफ पुलिस का सहयोग करें।



सीआईए की टीम ने चिट्टे के साथ चार व्यक्ति काबू किए।

# सड़क हादसे में नगरोटा बगवां के युवक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, अंब**

स्थानीय थाना क्षेत्र के तहत नंदपुर में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रात को ही क्षेत्रीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर भांपते हुए पीजीआई रेफर कर दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर चंडीगढ़ से नगरोटा बगवां लौट रहे थे। हादसा उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप ट्राला (यूपी नंबर) ने सामने से आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विनीत कुमार (पुत्र कुलदीप) निवासी मलां नगरोटा बगवां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि, उसका साथी अंचित (पुत्र राजेश कुमार) निवासी ठारू नगरोटा बगवां गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने विनीत को मृत घोषित कर दिया। अंचित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पिकअप ट्राले और चालक की तलाश जारी है। पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने में जुट गई है। दूसरी ओर हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी लिए जा रहे हैं। एसपी ऊना अमित यादव का कहना है कि हादसे के बाद सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

# विधायक ने सीएम को बताईं कुटलैहड़ विस क्षेत्र की समस्याएं

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस अवसर पर कुटलैहड़ से सैकड़ों समर्थकों का एक बड़ा दल भी उनके साथ मौजूद रहा। यह मुलाकात न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि क्षेत्र की अनेक समस्याओं और विकास योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ।



शिमला में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कुटलैहड़ की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता वर्षों से कुछ बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना कर रही थी, जिसमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और जल आपूर्ति जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार कुटलैहड़ के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और इसके लिए चरणबद्ध योजनाएं तैयार की गई हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का कुटलैहड़ की जनता पर अटूट आशीर्वाद बना हुआ है। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही आज कुटलैहड़ की समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जो योजनाएं शुरू की हैं, उनका लाभ कुटलैहड़ की जनता को भी मिल रहा है। इस मुलाकात के दौरान विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं में सुधार, तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

विधायक विवेक शर्मा ने मांग की कि कुटलैहड़ में एक आधुनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए और सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को शीघ्र पूरा किया जाए। विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों से आम जनता का भरोसा और विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में कई विकास कार्य जैसे नई सड़कें, जल परियोजनाएं और स्कूल भवनों का निर्माण चल रहा है, जो मुख्यमंत्री के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

समर्थकों ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों और नेतृत्व में विश्वास रखती है। लोगों की उम्मीदें अब इस ओर है कि राज्य सरकार की सक्रियता से उनका क्षेत्र और अधिक विकसित होगा। अंततः, यह मुलाकात केवल एक राजनीतिक संवाद नहीं थी, बल्कि कुटलैहड़ के विकास की एक नई दिशा की ओर संकेत करती है। विधायक और मुख्यमंत्री की यह साझेदारी आने वाले समय में कुटलैहड़ के लिए अनेक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगी। जनता को अब इस बात की आशा है कि वादों को धरातल पर लाकर उन्हें वास्तविक लाभ पहुंचाया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला जिला ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने हेतु महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर इच्छुक एवं पात्र महिलाएं 28 जून तक आवेदन पत्र जमा करवा सकती हैं। महिला उम्मीदवार आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी, धुंधला (स्थानीय मिनी सचिवालय बंगाणा) के कार्यालय में सायं तीन बजे तक जमा करवाए जाएंगे। जिला के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों के 18 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पद रिक्त हैं, उनमें कड़साई, बोट, बीहड़ू कलां, चौगाट, भरमाड़, बुधान -2, अप्पर राजली, राजली बन्यालां, मलांगड़, ननावीं, नरूंह, रिवाड़, चराड़ा, अंदरोली, बड़ोआ, बंगाणा, बड़ूही सहित अन्य शामिल हैं। दस्तावेज सही अथवा पूरे न होने के कारण रद्द भी किया जा सकते हैं। ये आवेदन महिला उम्मीदवारों से ही आमंत्रित किए हैं।

## मतदाताओं के अनुभव को बेहतर और निर्वाचन प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित बनाने पर फोकस

# भारत निर्वाचन आयोग की 100 दिन में 21 नवाचारी पहलें

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों में मतदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और निर्वाचन प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित बनाने को लेकर 21 नवाचारी पहलें की हैं। इन पहलों में प्रक्रियागत सुधार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और हितधारकों की सक्रिय सहभागिता शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी दी कि 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पदभार ग्रहण करने के साथ ही आयोग ने अनेक उद्देश्यपरक, व्यावहारिक और सक्रिय उपाय आरंभ किए हैं।

मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु तथा डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा एक नवीन विजन प्रस्तुत किया गया, जो आयोग को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करेगा। उपायुक्त ने बताया कि मतदाताओं की पहुंच को आसान बनाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी गई है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जैसे गेटेड समुदायों और ऊंची इमारतों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि किसी मतदाता को 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करनी पड़े।

इसके अतिरिक्त मतदाता सूचना पर्चियों में अब मतदाता क्रम संख्या और भाग क्रम संख्या को अधिक स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा। मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। एकल-बिंदु सेवाओं के लिए नया एकीकृत डैशबोर्ड ईसीआई-नेट विकसित किया गया है, जो वर्तमान में उपयोग में लाए जा रहे 40 से अधिक ऐप और वेबसाइटों की जगह लेगा। मतदाता सूची से मृत मतदाताओं को समय पर हटाने हेतु भारत के महापंजीयक के मृत्यु पंजीकरण डेटा को सीधे एकीकृत किया गया है। राजनीतिक दलों के साथ संवाद को सुदृढ़ करने हेतु देशभर में 4,719 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आयोग ने आप, भाजपा, बसपा, माकपा और एनपीपी सहित अन्य दलों से भी विचार-विमर्श किया है, साथ ही उपचुनावों के पश्चात और अधिक संवाद सत्रों की योजना बनाई है।

**3,500 बूथ लेवल पर्यवेक्षक किए प्रशिक्षित**

**नई दिल्ली** में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 3,500 से अधिक बूथ लेवल पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है और आगामी 20 बैचों में 6,000 से अधिक पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोग का लक्ष्य आगामी वर्षों में 1 लाख बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करना है। सभी 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ कार्यालयों के एसएमएनओ व एमएनओ तथा बिहार पुलिस अधिकारियों के लिए भी विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

**परिचालन दक्षता में सुधार करना उद्देश्य : डीसी**

**उपायुक्त** ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल 28 प्रमुख हितधारकों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण ढांचा तैयार किया गया है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 एवं 1951 मतदाता पंजीकरण नियम, 1960, तथा चुनाव संचालन नियम, 1961 सहित निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर आधारित है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने अपने मुख्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू की है, ई-ऑफिस प्रणाली को सक्रिय किया है और नियमित रूप से सीईओ-स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की हैं। इन उपायों का उद्देश्य आंतरिक समन्वय और परिचालन दक्षता में सुधार करना है।

राजनीतिक दलों को बूथ 100 मीटर के भीतर स्थापित करने की अनुमति दी गई है। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर की समस्या का समाधान करते हुए विशिष्ट ईपीआईसी नंबर प्रणाली लागू की गई है। बीएलओ को अब मानक फोटो आईडी कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं।

### रामकथा के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, अंब।** टकारला गांव में 1 जून से शुरू हो रही श्रीराम कथा के उपलक्ष्य में शनिवार को एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का संचार कर दिया। यात्रा की शुरुआत टकारला से होकर बड़ूही पुल से होते हुऐ वापस टकारला तक बड़े धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिसमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। ट्रेक्टर ट्रॉली, गाड़ियों के साथ बैंड-बाजों और झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीराम की गाथा को जीवंत किया गया।

स्थानीय धार्मिक संगठनों और ग्रामवासियों ने शोभा यात्रा में विशेष सहयोग दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा और स्वागत द्वारों के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान राम नाम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

# चंबोआ में धार्मिक कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

चंबोआ में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के दूसरे दिन राजा परीक्षित और सुकदेव का प्रसंग सुनाया गया। कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। कथा व्यास गणेश दत्त ने बताया कि एक बार राजा परीक्षित वन में गए। प्यास लगने पर उन्होंने समीक ऋषि से जल मांगा। ऋषि समाधि में थे और जल नहीं दे सके।



राजा ने इसे अपमान समझा और एक मृत सांप ऋषि के गले में डाल दिया। खेल रहे बच्चों ने यह बात समीक ऋषि के पुत्र को बताई। क्रोधित पुत्र ने श्राप दिया कि 7 दिन में तक्षक नाग राजा को भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा और पाया कि यह धर्मात्मा राजा कलयुग के प्रभाव में आकर ऐसा कर बैठे। राजा परीक्षित को जब यह बात पता चली तो वे अपना राज्य पुत्र जन्मेजय को सौंप कर गंगा तट पर चले गए, वहां अनेक ऋषि मुनि एकत्रित हुए। अंत में व्यास पुत्र सुकदेव भी पधारे जिनका सभी ने सम्मान किया। कथा श्रवण के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष कथा सुनने पहुंचे, जिसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। भागवत कथा के सभी आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया।

**ये रहे मौजूद :** कथा में मुख्य यजमान रूद्र शर्मा, अश्वनी कुमार, चिराग शर्मा, पंकज शर्मा, तिलकराज शर्मा, हंसराज शर्मा, डॉ. मोहनलाल शर्मा, संतोष कुमारी, रीना, मोनू रेणुका, कल्पना, ज्योति, संदला शर्मा, रक्षा, बीना, रिंकी, पिंकी, अनु, पूजा, पायल, सुषमा, निर्मला, राज, सोनू, शीला, अंजू, मंजू, उर्मिला, सीता, कमला, कमलेश, आशा, निशा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**आयोजन** ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए महावीर खेल मैदान का भी हुआ शुभारंभ

# भलौण की टीम ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट का पहला मैच

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी योगराज जोगी ने माता विमला देवी के करकमलों से विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल श्रीफल तोड़कर महावीर खेल मैदान का शुभारंभ करवाया।



वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम के साथ गणमान्य व अन्य।

मुख्यातिथि रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा और विशेष अतिथि रिटायर्ड सूबेदार मेजर दुनी चंद एवं प्रायोजित महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, तत्पश्चात महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं लोअर चिंतपूर्णी के भाजपा उपाध्यक्ष योगराज जोगी द्वारा मुख्य अतिथियों और विशेष अतिथियों का स्वागत प्रभु श्रीराम की प्रतिमा एवं साफा पहनाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में नेहरू युवा केंद्र अम्बेहड़ा, भलौण और रायपुर सहित विभिन्न क्षेत्र से 16 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मैच भलौण और रायपुर के बीच खेला गया, जिसमें भलौण की टीम विजेता रही। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली गई।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताओं को सामने लाने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक एवं लोअर चिंतपूर्णी भाजपा के उपाध्यक्ष योगराज जोगी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने से समाज में आपसी सौहार्द और अपनेपन का विकास होता है। बता दें कि महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी की पहल पर यह महावीर खेल मैदान बनाया गया है। इस मैदान को बनने से गांव के बच्चों को खेलने के लिए उचित स्थान मिल गया है। जोगी ने बताया कि खेल मैदान बनने से बच्चों को अपने प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। इससे वह भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के प्रधान नवनीत सिंह, आचार्य रमेश शास्त्री, कैप्टन यशपाल, स्थानीय पंचायत के पूर्व उपप्रधान तिलक राज शर्मा, रिटायर्ड मेजर किशन देव, बूथ अध्यक्ष राधेश्याम, ठेकेदार रामपाल शर्मा, आशीष शर्मा, रुद्रांश शर्मा, रिशु, हरीश, राहुल, प्रभात शर्मा, एनवाईके के पूर्व प्रधान तिलकराज, सूबेदार भागीरथ, रिटायर्ड अध्यापक रणधीर ठाकुर सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर मैदान में उपप्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने स्वयंसेवियों एवं स्कूल के छात्रों को प्राकृतिक जल स्रोतों की महत्ता और उनके संरक्षण के विषय में प्रेरणादायक के बारे में जानकारी दी। पवन कुमार ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत जैसे कुएं, बावड़ियां, तालाब और झरने इत्यादि आज के समय में लुप्त होते जा रहे हैं। इनका संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें इन स्रोतों के बारे में समाज को जागरूक करना चाहिए और उनके सही रखरखाव में सक्रिय सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आप सभी जल स्रोतों की साफ-सफाई में योगदान दें तथा गांव-गांव जाकर लोगों को जल संरक्षण की आवश्यकता और लाभों के बारे में जागरूक करें कि जल ही जीवन है और यदि आज हम इसकी रक्षा नहीं करेंगे, तो तब भविष्य में यह बहुत ही हानिकारक और विकट स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। विद्यालय के छात्रों ने भी इस दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और स्वच्छता को लेकर कई प्रेरणात्मक पोस्टर भी प्रदर्शित करने का आह्वान भी किया। पवन ने सभी को जल स्रोतों की सफाई एवं संरक्षण हेतु नियमित अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि एक छोटी सी पहल भी बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

इस कार्यक्रम ने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सेवा की भावना को व्यक्त करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल के शारीरिक अध्यापक विजय कुमार ने कहा कि सभी अपने आसपास के प्राकृतिक जल स्रोतों का रखरखाव सही ढंग से करें। अगर कहीं किसी को भी समस्या आने पर मेरे से सुझाव ले सकते हैं। इस अवसर पर संजीव कुमार, ओम प्रकाश, सुरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुरेश अग्निहोत्री, विकास बंगा, दीक्षित पटियाल, शोभा, वीना, मानसी के अलावा स्कूल के शिक्षक और छात्र मौजूद थे।

## रोहतांग दर्रे में बर्फ के फाहे देख झूम उठे सैलानी

# 1130 पर्यटक वाहन पहुंचे रोहतांग, बढ़ी चहलकदमी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

कुल्लू । शनिवार को बर्फ के दीदार करने रोहतांग गए पर्यटकों के लिए मौसम सुहावना हो गया। दर्रे में पर्यटकों का। स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। सुबह ही मौसम ने करवट बदली और रोहतांग दर्रे सहित पहाड़ियों में बर्फ की सफेदी बिछ गई। देश व दुनिया के सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले रोहतांग दर्रे में भी बर्फ के फाहे देख सैलानी उत्साहित हो उठे।

आज परमिट प्राप्त डीजल इंजन के 400वाहन व पेट्रोल इंजन 730 वाहन रोहतांग पहुंचे। मई महीने के आखिर में हिमपात होने से पर्यटन कारोबार बढ़ने की उम्मीद जगी है। सप्ताहान्त के चलते शनिवार को रोहतांग दर्रे सहित मनाली के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। माता हिडिम्बा परिसर सहित वशिष्ठ, मनु मंदिर, क्लब हाउस, हामटा, सोलंग नाला, अंजनी महादेव, फातरु, धुंधी सहित अटल टनल के दोनों छोर में चहलकदमी बढ़ गई है। पर्यटन कारोबारी रवि, राजू व किशन राणा ने बताया कि मई महीने में हालांकि पर्यटन क़ारोबार धीमा रहा है लेकिन जून महीने में कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि स्साहान्त के चलते शनिवार को पर्यटकों की भारी उमड़ी।


रोहतांग में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक।

> आज दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे। उन्होंने बताया कि ट्रैफ़िक व्यवस्था सुचारु है और पर्यटक पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद ले रहे हैं।
> -केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद बढ़ने से आक्यूपेंसी भी 70 से 75 प्रतिशत पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि जून महीने में पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा। इन दिनों होटल डीजे व कुल्लवी वाद्य यंत्रों की धुन से गूंजने लगे हैं।

# पेड़ गिरने से चपेट में आई दो पर्यटक महिलाएं, एक की मौत

अनंत ज्ञान, कुल्लू

कुल्लू जिला की मणिकर्ण घाटी में शनिवार को एक हादसा पेश आया है। घाटी के सूमारोपा के पार्वती नदी किनारे एक पेड़ गिरने से दो पर्यटक महिला घायल हो गईं, जिनमें से एक कि मौत हो गई है। घटना शनिवार दोपहर बाद की है।

पुलिस जानकारी के अनुसार यह दोनों महिलाएं पंजाब के लुधियाणा की हैं जो अपने परिजनों के साथ सैर सपाटा करने के लिए आई थी। सुमारोपा के पास जब ये पर्यटक रुके तो घूमने के लिए पार्वती नदी के किनारे की तरफ चले गए। इस दौरान देवदार का एक भीमकाय पेड़ तेज हवा के कारण जड़ से उखड़ गया और दो महिलाएं इस पेड़ की जद में आ गई। दोनों महिलाओं को उपचार के लिए भुंतर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

बताया जा रहा है कि पर्यटक सूमारोपा में पास नदी में उतरे थे। इस दौरान नदी किनारे कायल का एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में दो पर्यटक महिलाएं आईं। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने कहा कि दोनों महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर एक महिला की मौत हो गई है। डीसी कुल्लू तोरुल एसएस रवीश ने बताया कि दो महिलाएं घायल हुई हैं जिनमें एक की मौत हो गई है जबकि दूसरी को उनके परिजन लुधियाना उपचार के लिए ले गए हैं।


सुमारोपा में गिरा पेड़ जिसकी चपेट में दो पर्यटक महिलाएं आई हैं।

# लाहौल-स्पीति को स्वच्छ रखना सबका कर्तव्य : अनुराधा

अनंत ज्ञान, काजा

जिला लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्पीति प्रवास के दौरान शनिवार को विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल गियू पहुंचकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी । इस दौरान गियू ग्रामवासियों द्वारा उनके समक्ष मांगे रखी गई जिस पर विधायक ने उनके द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। विधायक अनुराधा राणा ने गियू गोंपा के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने लरी, हुरलिंग और समदो में भी जनसमस्याएं सुनी।

इस दौरान क्षेत्र लोगों ने विधायक के समक्ष सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याएं रखी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को कहा कि वह इस क्षेत्र के प्रतिनिधि है इसलिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विकास कार्य को प्राथमिकता देना उनका नैतिक कर्तव्य है। विधायक अनुराधा राणा ने प्राप्त अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर किया तथा कुछ समस्याओं को सम्बंधित विभागों को तुरंत निराकरण के लिए दिया।


जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा का गियू गांव में स्वागत करते लोग।

### विधायक ने विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गीयू में सुनी समस्याएं

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगों को वह प्रदेश सरकार के समक्ष गंभीरता से उठाएंगे।

विधायक ने दौरे के दौरान अश्व प्रजनन केंद्र लरी का निरीक्षण किया और घोड़ा फार्म में घोड़ों को खिलाई जाने वाली फीड, घास और उनके रखरखाव के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह ताबो में पूर्व मंत्री फुंचोग राय की अगुवाई में ताबो, लरी और पोह के नंबरदारों और ग्रामीणों ने शम जोन में सब-तहसील खोलने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

विधायक ने कहा कि इस सब-तहसील की मांग काफी लंबे समय से लंबित थी जिसे हमने और हमारी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूरा कर क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों को करवाने के लिए काजा नहीं जाना पड़ेगा जिससे लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक 3 जून को

अनंत ज्ञान, आनी। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक 3 जून को पंचायत समिति सभागार, निरमण्ड में आयोजित की जाएगी। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमण्ड मनमोहन सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू एवं ट्रस्ट की चेयरपर्सन तोरुल एस.रवीश करेंगी। बैठक में हाल ही में यात्रा मार्ग की रेकी कर लौटे दल की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें मार्ग की स्थिति व सुधार संबंधी सुझाव शामिल होंगे। इसके साथ ही इस वर्ष की यात्रा की संभावित तिथियां, सुरक्षा, बचाव, मेडिकल व्यवस्था, पड़ाव, ट्रैफिक और कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में डीएसपी आनी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

### आनी स्कूल में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, आनी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश और केरल राज्य की जोड़ी पर आधारित एक परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 9वीं से जमा दो तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के प्रभारी, इतिहास प्रवक्ता बृजलाल ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच पारंपरिक संपर्क एवं आपसी संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल देशभर में भाषा, साहित्य, भोजन, त्योहार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पर्यटन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ करती है।बृज लाल ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश और केरल के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे दोनों राज्यों के लोग एक-दूसरे की सांस्कृतिक विरासत को समझ सकें और आपसी सद्भावना को सुदृढ़ कर सकें।

### आनी का केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय लिया गोद

अनंत ज्ञान, आनी। केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय आनी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी परसराम और जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कविताओं और प्रेरणादायक भाषणों से सभी का मनमोह लिया। मुख्यातिथियों ने स्कूल विकास के लिए मैदान की मरम्मत, चारदीवारी, मुख्य द्वार और रेलिंग निर्माण समेत सांस्कृतिक उपकरण उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

### नग्गर में व्यक्ति ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। नग्गर मोड के समीप पॉपुलर पेड़ की टहनी में नेपाली मूल के व्यक्ति ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही पतलीकूहल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। नग्गर पंचायत के प्रधान प्रदीप ठाकुर और स्थानीय लोगों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि नेपाली मूल के व्यक्ति का नाम श्याम उर्फ लक्की हैं। लोगों ने बताया कि नेपाली मूल के व्यक्ति की उम्र लगभग 35 वर्ष है व लंबाई पांच फुट छह इंच के करीब है और शव का पोस्टमार्टम कर शव गृह कुल्लू में पहचान के लिए रखा गया है। इस व्यक्ति के बारे सूचना मिले तो वह पुलिस थाना पतलीकूहल से संपर्क कर सकते हैं।

### सरकार हिमाचल में लागू करे फैक्टर-2 : दिनेश

अनंत ज्ञान, कुल्लू । हिमाचल प्रदेश में फोरलेन प्रभावितों और विस्थापितों को राहत प्रदान करने के लिए फैक्टर-2 लागू किया जाए। इससे प्रभावितों और विस्थापितों को पुर्नस्थापन में फायदा मिल पाएगा। यह बात फोरलेन संघर्ष समिति जिला कुल्लू का अध्यक्ष दिनेश सेन ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साल 2017 और साल 2022 में कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र फैक्टर-2 लागू करने की बात कही है। वहीं अब उच्च न्यायालय ने भी एक निजी मामले में फैक्टर-2 लागू करने का फैसला सुनाया है। इससे फोरलेन विस्थापितों और प्रभावितों में आस जगी है। उन्होंने न्यायालय का इस फैसले के लिए आभार जताया।

### ढालपुर चौक में नशा निवारण को लेकर प्रदर्शनी लगाई

अनंत ज्ञान, कुल्लू । जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर चौक में ब्रह्माकुमारी आश्रम कुल्लू की ओर से तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नशे के लेकर जागरूक करने का काम किया गया। इस मौके पर कुल्लू आश्रम की ब्रह्माकुमारी ने लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों को लेकर भी लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# मनाली अस्पताल को अति आधुनिक एंबुलेंस की प्रदान

अनंत ज्ञान, मनाली

आइशर ग्रुप रॉयल एनफील्ड की ओर से लेडी विलिंगडन मिशन अस्पताल मनाली को 55 लाख की एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की गई।

तहसीलदार मनाली अनिल राणा ने एंबुलेंस का विधिवत पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया। मिशन अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. फिलिप ने इसके लिए आइशर ग्रुप से आई हुई अदिति और ह्विति शर्मा का धन्यवाद किया। गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों के लिए यह एंबुलेंस किसी वरदान से कम नहीं है। तहसीलदार मनाली अनिल राणा ने अत्याधुनिक एंबुलेंस प्रदान करने के लिए आइशर ग्रुप का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल मनाली के मुख्य चिकित्सक डॉ. अंचित, रोटरी क्लब मनाली की प्रधान अल्का चौहान, नगर परिषद मनाली के प्रधान मनोज लारजे, उप प्रधान सुनीता शर्मा, व्यापार मंडल मनाली के प्रधान संजीव ठाकुर, उप प्रधान कुबेर अवस्थी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



तहसीलदार अनिल एंबुलेंस का उद्घाटन करते हुए।

# अधिकारियों ने कीर्तिंग और शांशा पंचायत का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति द्वारा जिला की ग्राम पंचायत कीर्तिंग तथा ग्राम पंचायत शांशा में संयुक्त निरीक्षण किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार डोगरा, बॉल कल्याण समिति सदस्य हीरा लाल व जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद तथा विभागीय कर्मचारियों ने पंचायत कीर्तिंग व शाशा में बच्चों से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण का उद्देश्य बच्चों के संरक्षण और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई अमल में लाना, निसहाय बच्चों की पहचान और बच्चों के कल्याण के लिए आवश्यक विभागीय कदम उठाना था। बच्चों की समस्याओं के निरीक्षण के दौरान, बच्चों से संबंधित समस्याओं की पहचान की गई। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने शांशा व कीर्तिंग स्कूल का दौरा भी किया और पाया कि स्कूल में कोई भी निराश्रित बच्चा नहीं है तथा सभी बच्चों के आधार कार्ड भी बने हुए थे। सर्वे के दौरान ग्राम पंचायत शांशा में पंचायत रिकॉर्ड के अनुसार कोई भी निसहाय बच्चा नहीं पाया गया।

जिसकी रिपोर्ट पंचायत सचिव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार डोगरा को दी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला में निसहाय बच्चों का सर्वेक्षण 26 मई से 26 जून तक जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार डोगरा की देखरेख में पूरे जिले में किया जा रहा है तथा उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



कीर्तिंग तथा शांशा पंचायत में संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारी व विद्यार्थी।

# रोपा गांव से महिला एक सप्ताह से लापता

अनंत ज्ञान, बंजार। तीर्थन घाटी के रोपा गांव से 29 वर्षीय महिला पदमा देवी बीते एक सप्ताह से लापता है।

पदमा देवी चार बच्चों की मां हैं और उनके अचानक लापता हो जाने से परिवार व रिश्तेदारों में गहरी चिंता का माहौल है। परिजनों के अनुसार, 24 मई 2025 को गुशैणी बंजार की तरफ गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। तत्पश्चात इसके पति सेस राम ने 25 मई 2025 को अपनी पत्नी पदमा देवी की गुमशुदगी रिपोर्ट पुलिस थाना बंजार, जिला कुल्लू में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने सोशल मीडिया और मीडिया बंधुओं से सहयोग की अपील की हैं।

# दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष गीत बनाएंगे इंद्रजीत

अनंत ज्ञान, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक इंदरजीत ने साम्फिया के अखाड़ा स्थित आश बाल विकास केंद्र का दौरा कर वहां उपचाराधीन विशेष बच्चों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, अभिभावकों से बातचीत कर बच्चों की कुशलक्षेम जानी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इंदरजीत ने इस दौरान अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने कहा, 'आज इन बच्चों से मिलना मेरे लिए एक बेहद भावुक अनुभव रहा। कुछ बच्चे मेरे गीत सुनते हैं, यह जानकर मेरा मन अभिभूत हो गया।'



साम्फिया संस्था की निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज ने बताया कि, केंद्र की एक बच्ची इंदरजीत की बड़ी प्रशंसक है और हमेशा उनके गीतों को सुनती है। संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने इंदरजीत को केंद्र का भ्रमण कराया और उन्हें वहां दी जा रही विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी।

# गंतव्य मिस्टर व यशिका कपूर बनी मिस फ्रेशर

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल पतलीकूल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई प्रतियोगिता में मिस्टर फ्रेशर गंतव्य राणा और मिस फ्रेशर यशिका कपूर को चुना गया। श्रीजल और अक्षिता बनी मिस्टर और मिस पर्सनालिटी ।

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल की छात्राओं ने कुलवी व शिमला नाटी की प्रस्तुति दी गई।




कार्यक्रम में फैशन शो का जलवा भी खूब रहा। कार्तिक, खुशी , थानेश्वर, सक्षम, रिद्धिमा ,सौम्या ने कुलवी गीत सुनाया। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने स्कूल में फ्रेशर पार्टी के आयोजन पर अध्यापकों सहित छात्रों को बधाई दी।

# परियोजना प्रबंधन पानी छोड़े जाने से पहले सूचना करे जारी : डीसी

अनंत ज्ञान, कुल्लू

उपायुक्त तोरल एस रवीश ने शनिवार को एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ एनएचपीसी परियोजना चरण दो से पानी छोड़ने के कारण हुए नुकसान को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस परियोजना से अतिरिक्त पानी का प्रवाह छोड़े जाने से जल शक्ति विभाग के बाढ़ सुरक्षा कार्य को हुए नुकसान के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में जानकारी दी गई कि पानी छोड़ने के कारण जल शक्ति विभाग द्वारा किए जा रहे बाढ़ सुरक्षा के कार्य को कुछ नुकसान हुआ है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ जल शक्ति लोक, निर्माण विभाग, सहित उप मंडल अधिकारी मौके पर जाकर इस कार्य का संयुक्त निरीक्षण करें तथा इसके तकनीकी पहलुओं पर विचार करते हुए इस योजना को शीघ्र अमली जामा पहनाने की संभाव्यता की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना प्रबंधन द्वारा पानी छोड़े जाने से पूर्व चेतावनी देने के लिए लगाए गए संकेतक, हूटर्स तथा अन्य संचार सूचना एवं संचार प्रबंधन प्रबंध को भी एक बार जांच लें तथा नदी के साथ-साथ बने कैफेटेरिया से होकर नदी को जाने वाले रास्तों को बंद करने को भी निर्देश दिए ताकि पर्यटक इन रास्तों से नदी में न उतरे।

बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना प्रबंधन द्वारा परियोजना बांध से लेकर मणिकर्ण, जरी, ढूंखरा आदि स्थानों तक कुल 16 स्थानों पर हूटर्स तथा वॉइस मैसेज सूचना संचार प्रणाली स्थापित की गई है ताकि पानी छोड़ने से पूर्व ही आमजन को चेतावनी देकर सूचित किया जा सके। बैठक में एनएचपीसी चरण 2 के महाप्रबंधक, जिला राजस्व अधिकारी गणेश, जल शक्ति विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

# बैंक गुणवत्ता के आधार पर अधिक ऋण करें प्रदान : अश्वनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की तिमाही की बैठक हुई। बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता एवं राजेंद्र कुमार चौधरी उप-मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय मंडी, की सह अध्यक्षता में जिला बचत भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई। एडीएम ने वित्तीय वर्ष के 2024-25 के तीसरी तिमाही के दौरान लक्ष्य हासिल करने पर बैंकों को बधाई दी एवं भविष्य में बैंकों से गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने का आह्वान किया।

साथ ही साथ उन्होंने ने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकों में बढ़ते अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग की बात की गयी।राजिंदर कुमार चौधरी उप-मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय मंडी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा को सम्बोधित किया एवं सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए एससीपी के दिसंबर तिमाही 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि जिले की 31 दिसंबर 2024 को बैंकों में कुल जमा राशि 10778.83 करोड़ एवं कुल ऋण 4836.20 करोड़ रुपए है।

जिले की ऋण जमा अनुपात 45.35 प्रतिशत है। अग्रणी जिला प्रबंधक, राजेंद्र कुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 के चौथे तिमाही 31 मार्च 2025 के प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में चौथे तिमाही 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक जिले में कुल 3001.50 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए हैं जो वार्षिक लक्ष्य 2642.16 करोड़ रुपए का 113.60 प्रतिशत है।

जिला में बैंकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना में अब तक प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कुल 58472 और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा के अंतर्गत 181268 और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 32532 खाताधारकों को पंजीकृत किया गया।

बैठक में आरबीआई शिमला से एलडीओ, आशीष कुमार, सरकारी विभागों के प्रमुख, सभी बैंकों के डीसीओ एवं अन्य सम्बंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## निर्देश — उपायुक्त जिला कुल्लू ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

# सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स जल्द हों दुरुस्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त जिला कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शनिवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके एनएचएआई, बीआरओ, पुलिस विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे, जिसमें सभी विभागों को वार्षिक प्रारूप रिपोर्ट तैयार करने व सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को जिला में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय मार्गों तथा संपर्क सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इन स्पॉटस पर चेतावनी बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अंतर्गत टकोली से कुल्लू के बीच दो स्थानों पर ब्लैक स्पॉट तथा कुल्लू से मनाली के बीच तीन स्थान बबेली, डोभी सहित तीन स्थानों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जिन पर टू-लेन सपरेशन, रंबल स्ट्रिप तथा साइनेज लगाने का कार्य किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

पलचान पुल से आगे जहां लोग सर्दियों में पानी फेंककर सड़क में बर्फ जमा देते हैं जिसकी वजह से सड़कों पर फिसलन हो जाती है और नाग मंदिर के पास फेटल प्वाइंट तथा अटल टनल के पीछे जहां गाड़ियां फिसलती हैं उसके ऊपर स्नो गैलरी बनाने के बी आरओ को निर्देश दिए।


उपायुक्त तोरुल एस रवीश बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### दुर्घटना स्थल का करें संयुक्त रूप से निरीक्षण

**उपायुक्त** ने पुलिस विभाग तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान उठाने के लिए मिलने वाले फंड को इसमें सदुपयोग करने के निर्देश दिएद्ध उन्होंने कहा कि 'आईराड' ऑनलाइन पोर्ट्ल पर समय-समय पर आवश्यक जानकारी का अद्यतन करते रहें। उन्होंने पुलिस राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना के स्थल पर संयुक्त रूप से जाकर निरीक्षण करने तथा संयुक्त रिपोर्ट बनाकर भेजने के भी निर्देश दिए ताकि दुर्घटनाओं के कारणों की सही जानकारियां लेकर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान सभी मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

# कैंप में 1000 से अधिक लोगों ने करवाया चेकअप

अनंत ज्ञान, केलांग

सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा शनिवार को हिमाचल प्रदेश के दुर्गम सीमांत जिले लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में एक विशाल निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

सिविल अस्पताल केलांग में आयोजित इस शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही अस्पताल परिसर में पंजीकरण के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गईं थीं। शिविर में कुल सात ओपीडी स्थापित की गईं और अलग-अलग रोगों से संबंधित विशेषज्ञों ने परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध करवाईं। 1000 से अधिक रोगियों ने इस ओपीडी का लाभ उठाया। डॉ. राज बहादुर जो देश के प्रमुख स्पाइन रोग विशेषज्ञों में गिने जाते हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि सर्व कल्याणकारी संस्था ने मानवता की सेवा को अपनी प्राथमिकता बनाया है। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने शिविर का दौरा कर विशेषज्ञ डॉक्टरों का स्वागत किया।


मरीज के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

### जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति

इस मेगा शिविर में देश के जाने-माने स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. राज बहादुर, सेक्टर 32 चंडीगढ़ के मेडिकल कॉलेज से स्किन डिपार्टमेंट के हेड एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. थामी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीतराम, पीजीआई से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राम, बाल रोग और बच्चों की न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नवीन संख्यान, नेत्र रोग विभाग के प्रमुख डॉ. पांडव और उनकी टीम के तीन वरिष्ठ सदस्यों सहित स्थानीय सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने भी शिविर में सक्रिय योगदान दिया।इन सभी विशेषज्ञों ने सैकड़ों मरीजों की गहन जांच कर परामर्श दिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से जुड़ी जानकारी भी साझा की।

### संस्था की सेवा भावना को मिला जनसमर्थन

**सर्व** कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि यह संस्था का 46वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप है, और संस्था का उद्देश्य जातिवाद या क्षेत्रवाद की दीवारों से ऊपर उठकर पीड़ित मानवता की सेवा करना है।

### लाखों की दवाएं और उपकरण बांटे गए

इस कैंप में लाखों रुपए मूल्य की निशुल्क दवाइयां और उपकरण रोगियों को प्रदान किए गए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी।

# बांजनी पंचायत में डाकघर न होने से लोग हो रहे परेशान

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** जिला सोलन के कंडाघाट उपमंडल की दुर्गम ग्राम पंचायत बांजनी के पंचायत क्षेत्र के अंदर एक डाकघर की सुविधा नहीं है। डाकघर बिना लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद आजादी के 77 साल बाद भी लोगों के डाकघर खोलने की मांग अनसुनी है।

इस पंचायत के तहत 15 गांव और उपगांव आते है। इसकी करीब पंद्रह सौ आबादी है। पंचायत भूगोलिक दृष्टि से बहुत विस्तृत है। इसकी दो सीमाएं जिला शिमला की कोट व जनेडघाट पंचायतों से और दो अन्य सीमाएं कंडाघाट ब्लॉक की चायल और सकोड़ी पंचायतों के साथ लगती है। पंचायत के किसी भी गांव में भी आज तक डाकघर नहीं खुला। लोगों को पत्र और अन्य डाक विभाग की सुविधाओं के लिए पंचायत क्षेत्र के बाहर जनेडघाट, चायल और साधुपुल स्थित डाकघरों पर निर्भर रहना पड़ता है। पंचायत क्षेत्र के बाहर स्थित इन डाकघरों की दुरी कई गांवों से पैदल पांच से आठ किलोमीटर है।

लोगों को विभाग के माध्यम से मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने, विभाग की योजनाओं के लाभ के लिए बुजुर्गों, दिव्यांगों को कठिनाई आती है।

### शिलाई में डाकघर खोलने की उठाई मांग

**आज** तक अधिकतर पत्र गांव से किसी व्यक्ति के बाजार जाने पर उसके हाथ भेजे जाते है। क्योंकि गांव तक डाकिया आए तो दिन भार दो-चार पत्र ही बांट सकता है। पंचायत के लोग पंचायत के केंद्र में स्थित शिलाई गांव में डाकघर खोलने की मांग दशकों से करते आ रहे है। उनका कहना है कि शिलाई में डाकघर खुलने से पुरी पंचायत को नजदीक और बेहतर सुविधा मिलेगी।

### लोगों की मांग को तीन दशकों से किया जा रहा अनसुना




**यहां** के ग्रामीण मान सिंह, चंद्र सिंह, प्रेम कुमार, अमर सिंह सहित दर्जनों लोगों ने शिलाई में डाकघर खोलने की मांग दौहराई है। उन्होंने कहा कि लोगों की डाकघर खोलने की मांग करीब तीन दशक से अनसुनी हो रही है। ग्रामीणों को विभाग की सुविधाओं में परेशानी आना तो एक तरफ है कई बार लोगों के साक्षात्कार और समयबद्ध मिलने वाले पत्र भी देरी से पहुंचते है। मांग पुरी न होने से परेशान लोगों का कहना है कि उन्हें लगता है कि केंद्र और राज्य सरकारों को उनकी परेशानी से कोई सरोकार नहीं रहा है।

# सिरमौर में 99.11 प्रतिशत बच्चों तक पहुंचाई एल्बेंडाजोल

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला सिरमौर में 20 फरवरी 2025 तक चलाए गए कृमि मुक्ति अभियान में 1 से 19 वर्ष की आयु के 178009 बच्चों को संक्रमण से मुक्त किया गया।

इस अभियान में कुल 179605 बच्चों को लक्ष्य में शामिल किया गया था, जिसमें से 99.11 प्रतिशत बच्चों तक एल्बेंडाजोल दवा पहुंचाई गई। इस अभियान की विशेष बात यह रही कि स्कूली बच्चों के साथ-साथ 5338 गैर-स्कूली बच्चों को भी शामिल किया गया। सरकारी स्कूलों के 81449, निजी स्कूलों के 49348, आंगनबाड़ी केंद्रों के 4229 और गैर-आंगनबाड़ी बच्चों के 1251 बच्चों को भी दवा दी गई। कुल बच्चों में 92391 लड़के और 85618 लड़कियां थीं। 9 अगस्त 2024 को हुए अभियान में 172660 बच्चों को लक्ष्य बनाया गया था, जिनमें से 99.92 प्रतिशत बच्चों तक दवा पहुंची थी। वर्ष 2025 के आंकड़े पिछले वर्ष से थोड़े नीचे हैं, लेकिन जिले में स्वास्थ्य जागरूकता और बेहतर खानपान के चलते बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ी है।

यह अभियान नेशनल डी-वॉर्मिंग डे के अंतर्गत मनाया जाता है। इसका उद्देश्य 1 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को समस्याओं से बचाना है।

### बच्चों को मुफ्त दी जाती है एल्बेंडाजोल की दवाई

**एल्बेंडाजोल** नामक दवा बच्चों को मुफ्त दी जाती है, जिससे वे पेट दर्द, थकान, भूख न लगना और मानसिक विकास की रुकावट जैसी समस्याओं से मुक्त हो सकें। सीएमओ डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि विभाग ने इस अभियान को गंभीरता से लिया और सभी बच्चों तक समय पर दवा पहुंचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में एल्बेंडाजोल टेबलेट्स की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के समर्पण की भी सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### लक्ष्य पब्लिक स्कूल ने मनाया तंबाकू निषेध दिवस




**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल के लक्ष्य पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अर्की में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों के लिए नारा लेखन, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अध्यापक आशीष शर्मा ने छात्रों को तंबाकू सेवन की हानियों के बारे में बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी प्राण घातक बीमारी हो सकती है। इससे पूर्व छात्रों द्वारा स्कूल से लेकर अर्की बाजार तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीना गुप्ता, अध्यापक जुगल किशोर, वीना पंवर, किरण गुप्ता, हेमलता, आयुषी, शुभम तथा पंकज उपस्थित रहे।

### बोहली-सोलन स्कूल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोहली, जिला सोलन में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रविचंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर और नैक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के बीच स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देना था। योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों ने स्कूली बच्चों की ऊंचाई, वजन, बीएमआई गणना, रक्तचाप माप, रक्त शर्करा की निगरानी, हीमोग्लोबिन अनुमान और दृष्टि परीक्षण सहित विभिन्न जांच की। इस दौरान कुल 93 छात्रों की जांच की गई।

### छात्रों ने मोबाइल के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सत् श्री बाडुबाड़ा पब्लिक स्कूल भलग (मांगल) में अलंकार समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें युवा समाजसेवी गणपत चौहान ने बतौर मुख्यातिथि व हेमराज ठाकुर ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर अलंकार समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नई छात्र परिषद को बैज देकर पद की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने लोगों को तंबाकू और मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में नाटक द्वारा बताया। कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि ने 11000 रुपए की राशि दान दी। प्रधानाचार्य इंदिरा शर्मा ने छात्र परिषद के सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें उनके कर्तव्यों के बारे में बताया और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का विद्यालय की तरफ से आभार जताया।

### पीएनबी प्रबंधक ने स्कूल को दान किए पंखे



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पंजाब नेशनल बैंक धर्मपुर शाखा के प्रबंधक प्रिक्षित चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बरोग जिला सिरमौर के छात्रों के लिए पांच पंखे और एक दीवार पंखा दान किया। यह योगदान विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बेहतर अध्ययन और शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। कोटला बरोग विद्यालय में गर्मी के चलते विद्यार्थियों को अध्ययन में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। विद्यालय की कक्षाओं में छात्रों को पढ़ाई में कठिनाई होती थी, क्योंकि पंखों की कमी के कारण गर्मी असहनीय हो जाती थी। प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक प्रिक्षित चौहान से संपर्क कर पंखों की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत दाडों देवरिया देवेंद्र कंवर और विद्यालय के स्टाफ ने इस योगदान के लिए चौहान का आभार व्यक्त किया।

### भंडारों में जन सुरक्षा के दृष्टिगत लिए निर्णय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 20 जून से 22 जून, 2025 तक आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला में आयोजित किए जाने वाले भण्डारों में जन सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ निर्णय लिए गए हैं। यह जानकारी आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं मेला अधिकारी राहुल जैन ने दी। राहुल जैन ने कहा कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष मेला के दौरान सोलन शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले भण्डारों में प्लास्टिक, पॉलीथीन और थर्माकोल से निर्मित कप, प्लेट, बैग और पेयजल की बोतल इत्यादि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राहुल जैन ने कहा कि मेला अवधि के दौरान सभी प्रकार के भंडारों के आयोजन के लिए उपमंडलाधिकारी सोलन से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

### कृषि संवाद के तहत किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद द्वारा पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, सिरमौर धौलाकुआं, कृषि विभाग एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के संयुक्त तत्वाधान में जिला सिरमौर के पांवटा साहिब, नाहन, संगड़ाह, शिलाई और पच्छाद ब्लॉक के विभिन्न गांवों किशनपुरा, कुण्डियों , बेहरवाला, पातलियों, उत्तमवाला, पालियों, बर्मा पापड़ी, शिरत सिवली, धगेड़ा, रामा धौन, मझ्ुटली, रेडली, भौन, मानपुर देवड़ा, खारा, सिंघपुरा और मानल में कृषि संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में किसानो ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं के विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के अधिकारी खरीफ मौसम में अपनाई जाने वाली उन्नत कृषि विधियों के बारे में किसानों के साथ संवाद के दौरान उनकी समस्याओं के बारे में भी परिचर्चा कर रहे हैं। यह एक महत्तवाकांक्षी पहल है, जिससे किसानों की आय को बढ़ाना है।

### बच्चों को बताएं तंबाकू से होने वाले नुकसान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के यूथ एंड इको क्लब द्वारा स्कूल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि महिमा वर्मा रिटायर्ड लेक्चर इंग्लिश, स्कूल प्रधानाचार्य कांता चौहान तथा क्लब प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बच्चों को इस तंबाकू निषेध दिवस के इस वर्ष के के विषय 'तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग जगत की रणनीति को उजागर करना' पर बच्चों को जानकारी दी कि कैसे आजकल बड़े-बड़े उद्योग तंबाकू और निकोटीन की चीजों को फ्लेवर और आकर्षक पैकिंग जैसे चॉकलेट तथा फलों के स्वाद के साथ जोड़कर नशे की आदत बच्चों में फैला रहे हैं। बच्चों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।

# सोलन की सड़कें 50 लाख से हुईं चकाचक

## माता शूलिनी मेले को लेकर लोक निर्माण विभाग ने कसी कमर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** राज्य स्तरीय माता शूलिनी देवी मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सहित ने विभागों ने भी कमर कस दी है।

इस कड़ी में लोक निर्माण विभाग ने मॉल रोड का पैच वर्क सहित शहर की सड़कों को चकाचक करने का कार्य तेज कर दिया है ताकि मेले के दौरान बड़ी संख्या में आए लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग ने अधिकतर कार्य पूरा कर लिया है। इस कार्य पर करीब 50 लाख रुपए का खर्च आएगा।

विभाग ने सबसे पहले शामति से कोटा नाला तक पूरी सड़क को पक्का किया है। उसके की बाद चंबाघाट से ओल्ड डीसी चौर ऑफिस तक जहां-जहां जरूरत थी वहां पैचवर्क को कंप्लीट किया गया है।

इसके अलावा डीसी ऑफिस से कोटा नाला और सोलन बाईपास सड़क पर पैच वर्क किया गया है। इसी तरह हॉस्पिटल से कोटलानाला चौक तक सड़क को पक्का करने का काम पूरा हो चुका है।



मॉल रोड में किया जा रहा पैच वर्क का कार्य।

### अच्छी सड़क सुविधा से लोगों को मिलेगी राहत, वाहन चालकों को बेहतर यातायात का मिलेगा अनुभव

**गौरतलब** है कि लोक निर्माण विभाग सोलन की खस्ताहाल सड़कों को सुधारने के लिए बड़े स्तर पर टारिंग और पैचवर्क का कार्य करवा रहा है। इस कार्य पर विभाग द्वारा लगभग इन सभी क्षेत्रों में सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन सभी कार्यों को शहर के प्रमुख त्योहार शूलिनी मेले से पहले पूरा करना है। मेले में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक भाग लेते हैं। अच्छी सड़कों की सुविधा से न केवल स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी बेहतर यातायात अनुभव मिलेगा।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य होने की उम्मीद

**पहल** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ शूलिनी मेले के लिए तैयारियों का हिस्सा भी है। हालांकि लोक निर्माण विभाग हर बार गर्मियों के सीजन में सड़कों को पक्का जरूर करता है, लेकिन अधिक ट्रैफिक के दबाव के चलते यहां सड़क बार-बार उखड़ जाती है। शहर वासियों ने विभाग के इस प्रयास की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा होगा।

"चंबाघाट से सपरून चौक, सुंदर सिनेमा से मिनी सचिवालय और ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटा नाला तक पैचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह कार्य अगले एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। कोटला नाला चौक से हॉस्पिटल रोड होते हुए डिग्री कॉलेज तक टारिंग का कार्य किया गया है।

**- सुरेंद्र शर्मा, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, सोलन।**

# एचपीसीएल के डीजीएम और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज

- युवती ने लगाया मानसिक उत्पीड़न का आरोप
- कैबिनेट मंत्री के दखल के बाद हुई कार्रवाई

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एचपपीसीएल के काशंग प्रोजेक्ट के उप महाप्रबंधक उमेश नायक और मंडी के ठेकेदार ललित कुमार के खिलाफ रिकांगपिओ थाना में एक युवती को डराने-धमकाने और अन्य गंभीर आरोपों को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है।

पीड़ित युवती ने पुलिस शिकायत में आरोप लगाया है कि दोनों व्यक्तियों ने उसे मानसिक रूप से परेशान किया। विशेष रूप से, उसने ललित कुमार पर चाकू दिखाकर धमकाने और उसे बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, युवती ने शिकायत दर्ज करने से पहले हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी से रिकांगपिओ में मुलाकात की। युवती की शिकायत सुनने के बाद, मंत्री ने तुरंत पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




### विमल नेगी मामले के बाद एक और हाई प्रोफाइल मामला आया सामने

**बता** दें कि यह घटना एचपीसीएल में इस साल स्वर्गीय विमल नेगी मामले के बाद एक और हाई-प्रोफाइल मामले के रूप में सामने आई है, जिससे लोगों में रोष देखा जा रहा है। जनता ने पुलिस प्रशासन और न्यायालय से अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज : एसपी

**एसपी** किन्नौर अभिषेक ने पुष्टि की है कि युवती की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं 74, 79, 351 (2), और 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

## चायल में हड्डी रोग उपचार शिविर आज

**प्रेम, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत चायल के कार्यालय में बंसल हड्डी रोग एवं जनरल अस्पताल सोलन रविवार एक जून को निशुल्क हड्डी रोग जांच एवं उपचार शिविर आयोजित कर रहा है। अस्पताल के प्रभारी डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि एक दिवसीय शिविर में लंबे समय से जोड़ो के दर्द, गठिया, सर्वाइकल, कमर दर्द, सभी प्रकार फ्रेक्चर , नसों में कमजोरी, हड्डी के पुराने ऑपरेशन, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड , आदि की जांच की जयागी। इसमें विशेषज्ञ डॉ. कुणाल बंसल, डॉ. रिटविजा बंसल मरीजों चेकअप करेंगे।

# अवैध खनन करते पकड़े छह ट्रैक्टर, वसूला 1.27 लाख जुर्माना

अनंत ज्ञान, नाहन

पांवटा साहिब में वन विभाग की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध खनन को अंजाम दे रहे छह ट्रैक्टरों से 1.27 लाख रुपए जुर्माना वसूला है। मामले में परिक्षेत्र अधिकारी पांवटा साहिब के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने मतरालियों और रामपुर घाट क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की।

इस दौरान चार ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़ा गया जो अवैध रूप से खनिज सामग्री का परिवहन कर रहे थे। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान मौके पर ही 71 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। मौके पर पहुंचकर टीम ने अवैध खनन कर रहे वाहनों को रोका और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।

वहीं, दूसरे मामले में पांवटा वन विभाग में ग्रुप पेट्रोलिंग के संबंध में डीएफओ के निर्देशानुसार टीम ने गिरि नदी तल पर छापेमारी की और मौके पर 2.35 एम अनग्रेडेड पत्थर/गटका ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा। उपरोक्त ट्रैक्टरों पर 56,038 का जुर्माना लगाया गया। डीएफओ पांवटा ऐश्वर्या राज ने बताया कि वन विभाग द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कर्मचारियों ने सीखे आपदा में बचाव के गुर

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिला में औद्योगिक इकाइयों की आपदा तैयारी को पुख्ता करने के लिए नारग क्षेत्र की एक पटाखा फैक्टरी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा मॉकड्रिल आयोजित की गई।

यह अभ्यास उपायुक्त सिरमौर के निर्देशों के तहत किया गया, जिसमें आपदा से निपटने की तत्परता और कर्मचारियों की जागरूकता को परखा गया। इस मॉकड्रिल का आयोजन राजस्व ग्राम कुज्जी, उप-संपदा बक्शर स्थित पटाखा फैक्टरी में किया गया। एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन की 30 सदस्यीय टीम ने कमांडिंग ऑफिसर बलजिंदर सिंह के नेतृत्व में इस अभ्यास में भाग लिया। टीम में सहायक कमांडेंट संतोष कुमार, इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह नेगी, सब इंस्पेक्टर मोहित कुमार और कांस्टेबल प्रेमजीत शामिल थे।



मॉकड्रिल में हिस्सा लेते कर्मचारी।

फैक्टरी के निदेशक मुकेश ने बताया कि प्रशिक्षण में लगभग 140 कर्मचारियों और सुपरवाइजरों को आपात स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षित निकासी और तत्काल प्रतिक्रिया तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य फैक्टरी कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में साहसिक, सुरक्षित और समन्वित ढंग से कार्य करने योग्य बनाना था। इस कार्यक्रम ने औद्योगिक इकाइयों में आपदा प्रबंधन की तैयारियों और सुरक्षा मानकों के पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत किया।

# अंधेरी में डीसी सिरमौर ने किया बिशू मेले का समापन

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल के अंतर्गत ग्राम अंधेरी में मनाए जा रहे बिशू मेले का समापन उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने किया।

इस मेले की खास बात रही कि महाभारत कालीन प्रतीकात्मक युद्ध परंपरा 'ठोडा' के साथ इसका समापन हुआ। आखिरी तीर चलने के साथ ही मेला पूर्ण हुआ, जो इस पारंपरिक आयोजन की विशेष पहचान है। इस मेले की शुरुआत क्षेत्र की परंपरा अनुसार छड़ी यात्रा के साथ हुई, जिसमें एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ विशेष रूप से शामिल हुए। मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिनेश, सुरेश, वर्षा और अभिषेक जैसे लोक कलाकारों ने नाटियों और पारंपरिक लोक गीतों के माध्यम से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी पारंपरिक मेलों का आयोजन समाज की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने ग्रामीणों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

**हिमाचल** के किन्नौर के रिकांगपिओ क्षेत्रीय अस्पताल से रामपुर रेफर की गई एक गर्भवती महिला की डिलीवरी शनिवार को करछम के पास 108 एंबुलेंस में ही हो गई। 108 एम्बुलेंस की ईएमटी नर्स प्रियंका नेगी, पायलट देवानंद नेगी और अटेंडर राजकुमार नेगी व राजकुमारी व शबनम की तत्परता से मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। नर्स प्रियंका नेगी ने बताया कि महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिसके बाद चलती एम्बुलेंस में ही सुरक्षित डिलीवरी करवाई गई। यह पहली बार नहीं है जब 108 एम्बुलेंस में डिलीवरी हुई हो। कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई बार ऐसे आपातकालीन स्थितियों में लोगों की मदद की है।



डिलीवरी करवाने के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी।

# सुभाष ठाकुर बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ बार एसोसिएशन के चुनाव रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता यशपाल चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता सुभाष ठाकुर को अध्यक्ष, कपिल चौहान को उपाध्यक्ष, विष्वजीत सिंह पंवार को सचिव, रघुवीर सिंह को सह सचिव तथा मनीष को कोषाध्यक्ष चुना गया ।

**कार्यक्रम** | सोलन में विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत गठित समितियों की बैठकें आयोजित

# 40 छात्रों को मिलेगी 3.92 लाख रुपए की छात्रवृत्ति

अनंत ज्ञान, सोलन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित सतर्कता एवं प्रबोधन समिति, प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत त्रैमासिक बैठक, जिला स्तरीय समिति, दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2016 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति, मैनुअल स्कवैंजर्स अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति तथा राष्ट्रीय न्यास के अंतर्गत स्थानीय स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठकों की अध्यक्षता की।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

- संबंधित विभागों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के लिए व्यक्तिगत तथा आधारभूत विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कर उनका आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक उत्थान सुनिश्चित बनाना है। मनमोहन शर्मा ने प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत संबंधित विभागों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्रामीण आवास योजना के तहत मुस्लिम समुदाय के लिए 12 मकानों के निर्माण पर 18 लाख रुपए की राशि व्यय की गई है।

इस वित्त वर्ष में अभी तक पंजीकृत 40 छात्रों को लगभग 3 लाख 92 हजार रुपए की छात्रवृत्ति की जानी है। उन्होंने कहा कि लोगों तक अधिनियम की जानकारी पहुंचाने के लिए अधिकारी जागरूकता शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित बनाएं।

उपायुक्त ने मैनुअल स्कवैंजर्स अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह अधिनियम सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 2 को पहुंचेंगे सोलन: राजीव बिंदल



अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 2 जून को सोलन के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में दी। नड्डा के इस प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत , सह-प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राकेश जम्वाल, सतपाल सत्ती, त्रिलोक कपूर, सुरेश चंदेल, डॉ. राजीव सैजल, विपिन परमार, सांसद डॉ. सिकंदर और सांसद सुरेश कश्यप उपस्थित रहेंगे।

डॉ. बिंदल ने बताया कि तिरंगा सम्मान यात्रा आयोजित की जाएगी। वहीं कालाअंब क्षेत्र में अत्याधुनिक ईएसआई अस्पताल के लोकार्पण डॉ. राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए लोगों को बधाई दी।

# टंडन ने वार्षिक मूर्ति स्थापना दिवस कार्यक्रम में की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर 34, चंडीगढ़ स्थित राधा माधव मंदिर में 16वें वार्षिक मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के अध्यक्ष चंद्र डेहरा एवं केयल गोस्वामी (महासचिव) की देख-रेख में हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंदिर कमेटी द्वारा हवन आदि और पूजा अर्चना का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। पूजा के उपरांत संजय टंडन ने सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

उपस्थित सैकड़ों भक्तजनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि संजय टंडन ने सभी को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में मूर्ति पूजा हमारी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। सनातन धर्म कण-कण में अपने अपने देवी-देवताओं के दर्शन करता है और उसको उसी का स्वरूप मान कर पूजा करता है। सनातन धर्म ने सदैव सभी के साथ प्रेमभाव और दया के भाव को ही आगे रखा, के हमारे यहां तो मां देवी के स्वरूप को मान कर कन्याओं की पूजा का भी प्रचलन है।

इस मौके पर उनके साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी, रमेश शर्मा उर्फ निक्कू, अनीता जोशी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिरसा में मॉकड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का किया सफल परीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



जिला प्रशासन द्वारा शनिवार शाम सिरसा के लघु सचिवालय में ऑपरेशन शिल्ड के तहत नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत आपदा प्रबंधन और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास लघु सचिवालय परिसर में हुई मॉकड्रिल में 20 लोगों के घायल होने की स्थिति को दर्शाया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी बचाव कार्यों की तैयारियों का मूल्यांकन करना था।

मॉकड्रिल के दौरान अचानक पहली मंजिल में धुआं उठने लगा और खतरा मानते हुए सायरन बजाया गया, तो आपदा प्रबंधन को लेकर पुलिस व एंबुलेंस व फायरब्रिगेड को सूचनाएं फ्लैश हुईं, जिसके कुछ ही देर में पुलिस की गाड़ी पहुंची और ठीक इस गाड़ी के पीछे होमगार्ड की गाड़ी आ गई। तीन मिनट की अवधि के दौरान आठ एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंच चुकी थी। इस मॉकड्रिल में शामिल सभी टीमें फायर ब्रिगेड, पुलिस, एंबुलेंस सेवाएं, रेडक्रॉस, एनसीसी और आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य विभाग ने उल्लेखनीय तत्परता और समन्वय का प्रदर्शन किया। एनआईसी की टीम द्वारा मॉकड्रिल को हेडक्वार्टर पर लाइव दिखाया गया। मॉकड्रिल में विभिन्न विभागों ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने और बचाव कार्यों को अंजाम दिया, जबकि पुलिस व होमगार्ड ने घायलों को एंबुलेंस तक पहुंचाने का काम किया। इस एनसीसी के स्वयंसेवकों ने घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने में सहायता की।

आपदा प्रबंधन टीम ने प्राथमिक उपचार और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। एंबुलेंस सेवाओं ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अनुकरण किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वास्तविक आपदा की स्थिति में समयबद्ध तरीके से कार्रवाई संभव है।

## गुरुग्राम में एयर स्ट्राइक जैसी आपात स्थिति की हुई मॉकड्रिल

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन गुरुग्राम द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों के दौरान तैयारियों की वास्तविक समीक्षा के लिए शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत जिला में सिविल डिफेंस की द्वितीय एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को एयर रेड जैसी आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना, प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता की जांच करना तथा समन्वय को परखना रहा। एक्सरसाइज का आयोजन जिला के पांच प्रमुख स्थलों सिलोखरा स्थित स्टार मॉल, खांडसा रोड स्थित एसडी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आवर लेडी फातिमा कॉन्वेंट स्कूल, मानेसर स्थित मारुति सुजुकी प्लांट एवं सोहना रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्टेशन पर किया गया।

# मंत्री अनिल विज ने 125 छात्रों को किया सम्मानित

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने नई पीढ़ी को मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर पर अत्यधिक स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी है, ताकि वे सजग और स्वस्थ रह सकें। उन्होंने यह बात अंबाला जिले के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित 'भविष्य ज्योति समारोह' में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। गत देर शाम आयोजित इस कार्यक्रम में विज ने जिले के विभिन्न स्कूलों में अव्वल आए 125 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही, उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से सभी 125 विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए (कुल 12.50 लाख रुपए) देने की भी घोषणा की।



**बोले-मोबाइल व टीवी से रहें दूर**

विज ने वर्तमान समय में व्यक्ति द्वारा टेलीविजन पर संसार को देखने और उसके अनुसार प्रतिक्रिया करने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन से समाज में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन इसके नुकसान भी हुए हैं।

उन्होंने जोर दिया कि हमें ऐसे लोगों और समाज की जरूरत है जो लोगों के चरित्र का निर्माण कर सकें, समाज को सही दिशा दे सकें। मंत्री ने लोगों से मोबाइल और सोशल मीडिया से जितना संभव हो सके दूर रहने का आह्वान किया, क्योंकि इनके अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि तकनीक का लाभ उठाना चाहिए, परंतु इसके दुष्प्रभावों से भी बचना जरूरी है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विज ने कहा कि प्रतियोगिता से आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हर कोई मंच पर नहीं बोल सकता, लेकिन कुछ व्यक्तियों में आत्मविश्वास होता है कि वे अपनी बात मंच पर रख सकें। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग, सैकड़ों विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ कांग्रेस करेगी सामुदायिक केंद्रों की दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शहर में सामुदायिक केंद्रों की दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी का कड़ा विरोध किया है। यह मुद्दा आगामी नगर निगम सदन की बैठक में चर्चा के लिए आने की संभावना है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने सभी कांग्रेस पार्षदों को निर्देश दिया है कि वे सदन की बैठक में इस प्रस्ताव का दृढ़ता से विरोध करें। उन्होंने भाजपा शासित प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि यह आम जनता की जरूरतों के प्रति असंवेदनशील है। लक्की ने कहा कि ये सामुदायिक केंद्र सामाजिक आयोजनों के लिए अत्यंत आवश्यक सार्वजनिक स्थल हैं, विशेष रूप से उन परिवारों के लिए जो महंगे निजी स्थलों को वहन नहीं कर सकते। इनकी दरों में कोई भी बढ़ोतरी अन्यायपूर्ण और आम नागरिक के लिए बोझिल होगी। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम लोगों की वास्तविकताओं से कट चुकी है और वह जनकल्याण की बजाय राजस्व को प्राथमिकता दे रही है। पहले ही प्रॉपर्टी टैक्स में भारी वृद्धि की जा चुकी है और अब यह बढ़ोतरी अस्वीकार्य है। चंडीगढ़ कांग्रेस ने यह दोहराया कि वह लोगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सुनिश्चित करेगी कि सामुदायिक सुविधाएं सुलभ और किफायती बनी रहें, इसलिए पार्टी इस कदम का डटकर विरोध करेगी।

# सफाई कर्मचारी यूनियन के नवनिर्वाचित प्रधान मोनु बोहत का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

डोर-टू-डोर ड्राइवर यूनियन के प्रधान भाई विनय बोहत व उनकी टीम ने 3 बीआरडी एमआरएफ सेंटर पर सफाई कर्मचारी यूनियन नंबर-63 के नवनिर्वाचित प्रधान मोनु बोहत का नोटों और फूलमाला पहनाकार स्वागत किया।

मोनू बोहत ने सभी ड्राइवरों को आश्वासन दिया कि जितनी भी ड्राइवर भाइयों को परेशानियों आ रही हैं, उनका जल्दी से जल्दी निवारण किया जाएगा। विनय बोहत ने भी मोनू बोहत को विश्वास दिलाया की उनकी टीम भी उनके साथ खड़ी है।

इस स्वागत समारोह में प्रधान विनय बोहत और उनकी टीम जनरल सेक्रेटरी दीपक चावला, चेयरमैन गोल्डी, संदीप राणा, शिवम राणा, रोहित, हरजीत राजु, चांद, रमेश, नीम्मा, धीरज, रामदिया, चेतन, दीपक कालिया, अमन सरोय, काला, लक्की, कुलदीप सिंह, संदीप, कन्नू लुभाना, सनी व मोनू बोहत ने बधाई दी।

# नारनौल के नांगल चौधरी में पिज्जा कैफे पर फायरिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नांगल चौधरी के बहरोड़ रोड पर स्थित पिज्जा कैफे पर शनिवार को एक युवक ने कैफे के शीशे के गेट पर फायरिंग कर दी। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक फायरिंग करने के बाद धमकी भरे शब्द कहते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। कैफे कर्मचारियों के अनुसार हमलावर ने अंदर घुसते ही कहा मालिक को बता देना, लक्की नांगल सोडा आया था। इसके तुरंत बाद उसने पिस्तौल निकाली और कैफे के शीशे के मुख्य दरवाजे पर गोली चला दी।



गोली की आवाज से कैफे में भगदड़ मच गई। हालांकि खैरियत रही कि गोली शीशा तोड़ते हुए कैफे के भीतर बैठे ग्राहकों के बगल से निकल गई। जिसकारण किसी को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने के बाद डीएसपी, सीआईए यूनिट और स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कैफे से गोली का खाली कारतूस बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पार्क अस्पताल मोहाली उत्तर भारत में अग्रणी वैस्कुलर ट्रॉमा केंद्र के रूप में उभरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पार्क अस्पताल मोहाली के डॉक्टरों की टीम, डायरेक्टर कार्डियोवैस्कुलर, एंडोवैस्कुलर और वैस्कुलर सर्जरी डॉ. एचएस बेदी और वरिष्ठ सलाहकार जनरल सर्जरी और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विमल विभाकर ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैस्कुलर ट्रामा पर बहुमूल्य जानकारी साझा की।

डॉ. बेदी ने कहा कि भारत में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 150,000 से अधिक मौतें और 450,000 से अधिक घायल हुए, जिसमें कई वैस्कुलर ट्रामा शामिल हैं। विडंबना यह है कि दुर्घटना के शिकार लोगों में से अधिकांश 25-35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। सड़क यातायात दुर्घटनाएं वैस्कुलर ट्रामा का सबसे आम कारण हैं, जिसमें 91.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों की होती हैं। डॉ. विभाकर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि भारत में यह 15.3 प्रतिशत बढ़ गई है। यदि दुर्घटना का शिकार व्यक्ति ट्रॉमा सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सा दल के साथ अस्पताल पहुंचता है, तो बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती है।

पार्क हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ-नॉर्थ आशीष चड्ढा ने बताया कि पार्क अस्पताल मोहाली अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, ईएसआई, हरियाणा और हिमाचल सरकारों और सभी प्रमुख टीपीए, कॉरपोरेट्स के साथ सूचीबद्ध है और पार्क अस्पताल मोहाली में नियमित रूप से सीटीवीएस और संवहनी सर्जरी की जाती है।

### गुरुग्राम से इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर युवती गिरफ्तार

**एजेंसी, गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने एक इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर और पुणे की लॉ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली युवती शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया है। उसने ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड एक्टर्स की चुप्पी को लेकर एक वीडियो अपलोड किया था। बोलते वक्त उसने धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। कोलकाता पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया। इसके बाद युवती और उसके परिवार को नोटिस भेजे गए, लेकिन वह फरार हो गए। इसके बाद कोर्ट ने उसका अरेस्ट वारंट जारी कर दिया। वहीं, वीडियो पर युवती को धमकियां मिलने लगीं। इसके बाद विवाद बढ़ते देख युवती ने वीडियो डिलीट कर दिया। उसने इसको लेकर माफी भी मांगी। हालांकि अब कोलकाता पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, शर्मिष्ठा ने कहा कि मैंने सिर्फ देश के हित में कहा लेकिन मुझे रेप और मर्डर की धमकियां दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### फिल्म डायरेक्टर सनोज को रेप केस में जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेप के एक मामले में फिल्म डायरेक्टर सनोज कुमार मिश्रा को जमानत दे दी है। 28 साल की पीड़िता ने हलफनामे में कहा है कि वह सनोज मिश्रा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी और उसने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए थे। उसने यह भी कहा कि उसने मिश्रा के कुछ विरोधियों के दबाव में आकर एफआईआर दर्ज कराई थी। (अनंत ज्ञान)

### असम में लैंडस्लाइड से पांच लोगों की मौत



**एजेंसी, गुवाहाटी।** मानसून नॉर्थ ईस्ट राज्यों में पहुंच चुका है। असम, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। असम में पिछले 24 घंटों में कामरूप जिले में लैंडस्लाइड के चलते पांच लोगों की मौत हो गई। बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम के लॉन्ग्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण पांच घर और एक होटल ढहने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। उधर, सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में भूस्खलन से कई घर मलबे में दब गए। मेघालय में शुक्रवार को तेज बारिश से पूर्वी खासी हिल्स जिले में भी लैंडस्लाइड हुई। एक महिला की मौत हो गई। एक व्यक्ति पानी में डूब गया। मावकिनरू ब्लॉक में पेड़ के नीचे दबने से 15 साल के लड़के की जान चली गई। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# लैंड फॉर जॉब केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की लालू यादव की याचिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से संबंधित कथित भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। इस घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी। (अनंत ज्ञान)



**निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी**

### यह है पूरा मामला

**अधिकारियों** ने बताया कि यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्ति 2004 से 2009 के बीच लालू के रेल मंत्री रहने के दौरान की गई थी। इन नियुक्तियों के बदले में लोगों ने राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े उपहार में दिए या हस्तांतरित किए। 18 मई 2022 को लालू और उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### कर्नाटक सरकार ने बढ़ाई तंबाकू खरीदने की आयु

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने तंबाकू उत्पादों को लेकर एक सख्त कानून को अधिसूचित कर दिया है। इस नए कानून के तहत अब तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल कर दी गई है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अधिसूचना 30 मई को जारी की गई, जब राष्ट्रपति ने 23 मई को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन पर प्रतिबंध और व्यापार, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) कर्नाटक संशोधन विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी। (अनंत ज्ञान)

# बॉर्डर को लेकर पाकिस्तान-तालिबान में भिड़ंत

## पाकिस्तान की चेकपोस्ट उड़ाई, अढ़ाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**एजेंसी, इस्लामाबाद/काबुल**

अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गई। इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के अढ़ाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। बहराम चह चेकपोस्ट डूरंड लाइन पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### बीएलए ने सुराब शहर पर किया कब्जा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से आजादी मांग रही बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के सुराब शहर पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बीएलए ने दावा किया है कि उसने सुराब शहर पर कब्जा कर लिया। बीएलए के लड़ाकों ने एक वाणिज्यिक बैंक को लूट लिया। साथ ही कई अफसरों के घर में आग लगा दी। उन्होंने एक बैंक, लेवी स्टेशन और पुलिस स्टेशन पर कब्जे का दावा किया।

# चीन का खतरा बेहद नजदीक : हेगसेथ

## हिंद-प्रशांत सहयोगी देशों को अमेरिका ने किया आगाह

**एजेंसी, सिंगापुर**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ है और चीन की आक्रामकता की स्थिति में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करेगा।



अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सहयोगी देशों को चीन के साथ व्यापारिक सहयोग बढ़ाने के प्रति भी आगाह किया और कहा कि दोनों तरफ खेलने के खतरे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से सैन्य मदद लेना और वहीं चीन से आर्थिक मदद लेने के खतरे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने ये भी कहा कि चीन लैटिन अमेरिकी देशों में भी अपना प्रभाव बढ़ा रहा है और लगातार पनामा नहर पर भी अपना नियंत्रण स्थापित कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ताइवान पर कब्जे की तैयारी में चीन

**सिंगापुर** में वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन शंगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री के निशाने पर खासतौर पर चीन रहा और उन्होंने ताइवान के खिलाफ चीन की आक्रामकता का भी जिक्र किया। चीन द्वारा लगातार युद्धाभ्यास किया जा रहा है और उसके युद्धाभ्यास में ताइवान को ब्लॉक करने का अभ्यास किया जा रहा है। चीन, ताइवान के हवाई और समुद्री क्षेत्र का भी लगातार उल्लंघन कर रहा है। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, वहीं ताइवान खुद को आजाद देश कहता है। हेगसेथ ने सिंगापुर में कहा कि %चीन की सेना युद्ध की तैयारियों में लगी है और हम इसे चाशनी में लपेटकर नहीं बताना चाहते। चीन का खतरा असली है और ये बेहद नजदीक भी है। चीन ने कहा है कि उसका लक्ष्य है कि साल 2027 तक ताइवान पर कब्जा करना है। इसके लिए चीन ने दक्षिण चीन सागर में एक कृत्रिम द्वीप बनाया है, जहां नई सैन्य चौकियां बनाई जा रही हैं और साथ ही वहां पर आधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइलें भी तैनात की जा रही हैं। हेगसेथ ने कहा कि चीन न सिर्फ ताइवान पर कब्जे के लिए सैन्य निर्माण कर रहा है बल्कि वह सक्रिय तौर पर युद्धाभ्यास में भी जुटा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के सहयोगी देशों से भी अपील की कि वे भी अपने बजट का 5 फीसदी रक्षा क्षेत्र पर खर्च करें।

### भारत के साथ बढ़ा रहे सैन्य साझेदारी

**अमेरिका** के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हम भारत के साथ सैन्य साझेदारी बढ़ा रहे हैं और युद्धाभ्यास टाइगर ट्रायंफ के जरिए सहयोग को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही क्वाड और अन्य बहुस्तरीय समूहों के जरिए सहयोग को बढ़ाया जा रहा है। क्वाड के जरिए हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में रसद आपूर्ति क्षमताओं को बढ़ाया जा रहा है। भारत के साथ सैन्य सहयोग को पीट हेगसेथ ने मील का पत्थर बताया और कहा कि हर दिन के साथ यह मजबूत हो रहा है।

# भारत में कोरोना के 3207 एक्टिव केस, 20 की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी एक्टिव केस इन्हीं दो राज्यों में हैं।



**केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले**

कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की। इस बीच कर्नाटक सरकार ने राज्य में बढ़ते कोरोना केसों को देखते हुए नया सर्कुलर जारी किया है। इसमें माता-पिता से अपील की है कि अगर बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार या कोविड जैसे लक्षण हों तो उन्हें स्कूल न भेजें। (अनंत ज्ञान)

## गुड न्यूज — भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की वापसी से टूटे रिकॉर्ड

# मई में एफपीआई निवेश 19,860 करोड़ के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय बाजारों में मजबूत हुआ है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने मई 2025 में भारतीय बाजारों में रिकॉर्ड तोड़ निवेश किया है। इस महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 19,860 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश किया है।

यह इस साल अब तक का सबसे ऊंचा मासिक निवेश रहा। 26 मई से 30 मई के बीच के सप्ताह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 6,024.77 करोड़ रुपए डाले। एनएसडीएल ने बताया कि इन दिनों में सकारात्मक निवेश देखने को मिला, लेकिन शुक्रवार को 1,758.23 करोड़ रुपए की बिकवाली देखी गई। हालांकि, इस मजबूत मासिक प्रदर्शन के बावजूद, 2025 में कुल एफपीआई निवेश नकारात्मक क्षेत्र में बना हुआ है। जनवरी से मई तक, 92,491 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई। हालांकि मई में भारतीय बाजारों में तेजी ने विदेशी निवेशकों की धारणा में आए बदलाव की ओर संकेत किया। (अनंत ज्ञान)



### वैश्विक अनिश्चितता से पड़ सकता है फर्क

**भारत** की मजबूत आर्थिक बुनियाद वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करती रही है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितता के कारण उतार-चढ़ाव होने की संभावना बनी हुई है। पिछले महीनों के आंकड़ों से यह पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए और 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। बीते शुक्रवार को मई के आखिर कारोबारी सत्र में भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया।

# 13 साल के भारतीय-अमेरिकी फैजान ने जीती स्पेल बी स्पर्धा

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' का खिताब 13 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र फैजान जकी ने जीत लिया है। फ्रेंच शब्द (एक्लेयरसिसमेंट) का सही उच्चारण करके उन्होंने खिताब अपने नाम किया। एक्लेयरसिसमेंट एक फ्रांसीसी शब्द है, जिसका मतलब है, किसी चीज को स्पष्ट करना या समझ में लाना। पिछले साल फैजान इस प्रतियोगिता में दूसरे नंबर पर रहे थे। तब वह टाईब्रेकर में ब्रुहत सोमा से हार गए थे। फैजान 5वें ऐसे प्रतिभागी हैं, जिन्होंने रनर-अप रहने के अगले साल खिताब जीता। 2001 में सीन कॉनले के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। स्पेलिंग बी में प्राइमरी और सेंकेंडरी स्कूलों के छात्र हिस्सा लेते हैं। (अनंत ज्ञान)



## आईपीएल-18 रिकॉर्ड


गुजरात टाइटंस


ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679


चेन्नई सुपर किंग्स


पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24


लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## स्पोर्ट्स विंडो

### ध्यान 2026 एशियाड पर, यूटीटी से शुरू करना चाहता हूं तैयारी: देसाई

**एजेंसी, अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार के चैंपियन हरमीत देसाई जापान में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में पोडियम फिनिश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसके लिए वह अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के छठे सत्र को तैयारी की तरह लेंगे क्योंकि इसमें कई अनुभवी खिलाड़ी भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज देसाई ने 2018 गोल्ड कोस्ट और 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने गोल्ड कोस्ट में पुरुष युगल में कांस्य पदक और जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता है। आठ टीमों के यूटीटी में दो बार के चैंपियन गोवा चैलेंजर्स के लिए खेलने वाले देसाई ने कहा, ''मुझे भविष्यवाणी करना पसंद नहीं है। मैं बस कदम दर कदम आगे बढ़ रहा हूं। फिलहाल मैं सिर्फ यूटीटी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से और भी महत्वपूर्ण टूर्नामेंट आने वाले हैं। स्लोवेनिया डब्ल्यूटीटी अगला टूर्नामेंट है, अगले साल एशियाई खेल भी होने हैं इसलिए मेरा ध्यान अभी उसी पर है और यूटीटी एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करने के लिए एक बेहतरीन मंच है क्योंकि इस टूर्नामेंट में कई विश्व चैंपियन, एशियाई चैंपियन और ओलंपियन भाग ले रहे हैं।'' (अनंत ज्ञान)



### खूबसूरती का दूसरा नाम जेहरा

**तुर्की।** वॉलीबॉल खिलाड़ी जेहरा गुन्स की गिनती दुनिया की सबसे खूबसूरत एथलीट में होती है। जेहरा का ग्लैमरस अंदाज और खूबसूरत चेहरा हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल्स को टक्कर देता है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।




## क्वालीफायर-2 पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती

# मुंबई और पंजाब के बीच रोमांचक मुकाबला आज

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा। पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है।

मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि, अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है, क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

इसकी भरपाई करने के लिए पंजाब के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। (अनंत ज्ञान)

### कौन बनेगा फाइनल का दावेदार?




### मुंबई इंडियंस में नहीं दिखती अब कोई कमी

**मुंबई** इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार पारी खेली है। रोहित की फॉर्म में वापसी ने टीम को मजबूती दी है और पंजाब के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस की टीम हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जॉनी बेयरस्टो, चरिथ असालंका और रिचर्ड ग्लीसन जैसे खिलाड़ियों ने टीम में मजबूती जोड़ी है। फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या पर निर्भर रहना होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जिससे बड़े स्कोर बनने की संभावना है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत (विकेटकीपर), नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

## वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में करती है मदद : माहेला

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया, जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है।



उन्होंने कहा, ''जब आपके पास जीतने की संस्कृति होती है, तो उसी चीज को आगे बढ़ाने की कोशिश करना आसान होता है। यहां तक कि जब आपको नई टीम मिलती है तब भी हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो काफी अनुभव रखते हैं।'' जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा, ''इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं और वे टीम में शामिल होने वाले युवाओं में भी यही भावना भरने की कोशिश करते हैं। जयवर्धने ने कहा, 'जीत की मानसिकता सीनियर खिलाड़ियों और चैंपियन टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों से आती है। इससे उन्हें मदद मिलती है और मेरा काम नए खिलाड़ियों को उस संस्कृति में ढालना होता है।'' (अनंत ज्ञान)

## तीन कैच टपकाने के बाद जीतना आसान नहीं : शुभमन गिल

**एजेंसी, मुल्लांपुर**



मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने वाली गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि पावरप्ले में तीन कैच टपकाने के बाद जीतना आसान नहीं होता।

भारत के नए टेस्ट कप्तान गिल ने कहा,''आखिरी तीन चार ओवर हमारे पक्ष में नहीं गए, लेकिन यह अच्छा मैच था। तीन कैच टपकाने के बाद जीतना आसान नहीं होता, खासकर पावरप्ले में।'' गुजरात की फील्डिंग बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच टपकाए जिनमें से दो रोहित के और एक सूर्यकुमार यादव का था। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया।

पहले गेराल्ड कोएत्जी ने डीप में उनका कैच छोड़ा और फिर गुजरात के लिए पदार्पण करने वाले कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच टपकाया। गिल ने कहा,''गेंदबाजों के लिए नियंत्रण करना आसान नहीं होता। हमारा संदेश साफ था कि अपने हिसाब से खेलो। साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर से यही कहा गया था।'' (अनंत ज्ञान)

### अहलावत ऑस्ट्रियाई ओपन में संयुक्त 11वें स्थान पर

**एजेंसी, साल्जबर्ग ( ऑस्ट्रिया )।** भारत के वीर अहलावत दूसरे दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेलने के बाद ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन गोल्फ में संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर है। अहलावत ने पार 70 के कोर्स पर शुरुआती राउंड में 67 का कार्ड खेला था। उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज मार्सेल श्नाइडर (63-66) से छह शॉट पीछे हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए एक अंडर का कार्ड खेला, लेकिन यह कट में प्रवेश करने के लिए काफी नहीं था। अहलावत ने तीसरे, पांचवें, नौवें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि दूसरे और 15वें होल में बोगी कर बैठे। शर्मा को शुरुआती दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेलना महंगा पड़ा। (अनंत ज्ञान)



## अल्काराज और होल्गर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**एजेंसी, पेरिस**



गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था, जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा, ''आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था।'' चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई चैंपियनशिप: सचिन यादव ने रजत अनिमेष और विथ्या ने जीते कांस्य पदक

**एजेंसी, गुमी ( दक्षिण कोरिया )**


सचिन यादव

भाला फेंक के उभरते भारतीय खिलाड़ी सचिन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया, जबकि अनिमेष कुजूर और विथ्या रामराज ने क्रमश: पुरुषों की 200 मीटर फाइनल और महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56.46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)


अनिमेष कुजूर


विथ्या रामराज

## जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की।

शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, ''चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'' शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी। (अनंत ज्ञान)



## क्रिकेट साई सुदर्शन बोले-सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल

# काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की दिलाई याद

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है। सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है।



पिछले कुछ सत्र में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। सुदर्शन ने कहा, ''मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा।'' सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा, लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन श्रृंखला शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा।''

सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा, ''देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है, इसलिए मैं भी ऐसा चाहता हूं, लेकिन अभी मैं इस बारे में नहीं सोच रहा हूं क्योंकि एक टी20 बल्लेबाज के रूप में मुझे अपने खेल में अभी काफी सुधार करना है। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं निश्चित तौर पर देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

## 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' को तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस रविवार को देशव्यापी कार्यक्रम 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25वें संस्करण तिरंगा रैली का नेतृत्व करेंगे, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों को भी सम्मानित किया जाएगा।



ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पहलवान सरिता मोर, पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम और बॉलीवुड अभिनेता शारवरी रैली के दिल्ली चरण में मांडविया के साथ शामिल होंगे। रैली को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में 1,200 से अधिक साइकिल चालकों के इस तिरंगा रैली में भाग लेने की उम्मीद है। इसके साथ ही देश भर में 2000 से अधिक स्थानों पर तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। ओडिशा में राज्य के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली के भुवनेश्वर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। (अनंत ज्ञान)